CMYK

तापमान
अधिकतम :37°C
न्यूनतम: 23°C

सेंसेक्स 81,330.56
निफ्टी 24,666.90

सोना 96,555
चांदी 97,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 15 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 275 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 16 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## CDS व तीनों सेना प्रमुखों ने राष्ट्रपति को दी ऑपरेशन की जानकारी

■ मुर्मू ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

इन शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों, उनके अड्डों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के अभियान-



ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति भवन ने इस बारे में सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी गई। इस पोस्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत के जवाब को शानदार सफल बना दिया। राष्ट्रपति तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा की तिरंगा यात्रा

**नई दिल्ली।** भाजपा बुधवार से देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। बुधवार को लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ, देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, ओडिशा के भुवनेश्वर में सीएम मोहन चरण माझी और ठाणे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि हमारी तीनों सेनाओं के जवानों ने जिस तरह से पाकिस्तान को जवाब दिया, पूरे विश्व ने उनके साहस का लोहा माना है। उन्होंने ये साबित कर दिया है कि अगर कोई भारत को छेड़ेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं।' 23 मई तक चलने वाली 10 दिवसीय तिरंगा यात्रा की शुरुआत मंगलवार को की गई थी। इस दौरान दिल्ली में कर्तव्य पथ पर यात्रा निकाली गई। इसमें दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता, भाजपा नेता तरुण चुघ और राज्य सरकार के सभी मंत्री शामिल हुए। इसके साथ ही देश के कई राज्यों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। पंचकुला में हरियाणा के सीएम नवाब सिंह सैनी और गुजरात के अहमदाबाद में सीएम भूपेंद्र पटेल, गोवा में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने यात्रा का नेतृत्व किया।

## न्यायमूर्ति गवई बने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति बीआर गवई ने बुधवार को यहां उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह इस वर्ष 23 नवम्बर तक इस पद पर रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है, जो मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हो गए। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल, निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश और कुछ पूर्व न्यायाधीश समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## पाक रेंजर्स ने बीएसएफ जवान पूर्णम शॉ को छोड़ा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान रेंजर्स ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। श्री शॉ 20 दिन से पाकिस्तान रेंजर्स के कब्जे में थे। बीएसएफ ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बुधवार सुबह 10:30 बजे कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ को अटारी-वाघा सीमा पर बीएसएफ द्वारा पाकिस्तान से वापस लाया गया। विज्ञप्ति के अनुसार श्री शॉ 23 अप्रैल 2025 को लगभग 11:50 बजे फिरोजपुर सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी पर रहते हुए अनजाने में पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे और उन्हें पाक रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था।

# बड़बोले मंत्री को महंगी पड़ी कर्नल सोफिया पर टिप्पणी

## हाईकोर्ट के आदेश पर विजय शाह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

भोपाल, वार्ता

**मध्य प्रदेश** सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश के डीजीपी को निर्देश दिया है कि चार घंटे के भीतर मंत्री शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। बता दें कि विजय शाह का एक वीडियो सामने आया था। जिसमें उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताया था। उनके इस बयान को लेकर देशभर में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। मध्य प्रदेश के कई शहरों में कांग्रेस मंगलवार से ही प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस मंत्री शाह के इस्तीफे की मांग पर अड़ी है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने शाह को तत्काल कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग करते हुए पीएम मोदी को भी पत्र लिखा है। इसी बीच अब जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान पर मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट ने एमपी के डीजीपी को विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए डीजीपी को 4 घंटे का समय दिया है। हालांकि इस बारे में कोर्ट का विस्तृत आदेश अभी -

शेष पृष्ठ दो पर



अदालत ने विवादित बयान पर लिया स्वत: संज्ञान



मप्र हाईकोर्ट ने डीजीपी को दिए कार्रवाई करने के निर्देश

## एयर स्ट्राइक में कई पाक एयरबेस तबाह




**नई दिल्ली।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह किए थे। प्राइवेट कंपनी मैक्सार के सैटेलाइट ने इन तबाह एयरबेस की फोटोज जारी की हैं। मैक्सार ने पाकिस्तान के जिन एयरबेस की फोटोज जारी की हैं, उनमें सरगोदा, नूर खान, भोलारी और सुक्कुर के एयरबेस हैं। फोटोज में साफ देखा जा सकता है कि हमले के पहले और बाद में वहां क्या स्थिति थी। सात मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के बाद पाकिस्तानी गोलाबारी में आर्मी के 6 और बीएसएफ के दो जवान शहीद हो चुके हैं, 59 घायल हैं। इसके अलावा 28 सिविलियंस की भी जान गई है।

## JNU ने तुर्की की इनोनू यूनिवर्सिटी से करार तोड़ा

### भारतीय व्यापारियों ने तुर्की से सेब के आयात से किया इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने तुर्की की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार (एमओयू) खत्म कर दिया है। जेएनयू ने एक्स पर लिखा कि हम देश के साथ खड़े हैं।

वहीं, भारत ने चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स, शिन्हुआ और तुर्की के सरकारी मीडिया टीआरटी वर्ल्ड के एक्स अकाउंट पर से बैन हटा लिया। दोनों अकाउंट सिर्फ 5 घंटे ब्लॉक रहे। इन पर भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाने और सेना के बारे में गलत खबरें फैलाने का आरोप था। भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच भारतीय व्यापारियों में तुर्की के रुख को लेकर नाराजगी है। दिल्ली, यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक व्यापारियों ने तुर्की के सामान का विरोध किया है। इसकी वजह तुर्की का पाकिस्तान को समर्थन देना है। भारत के व्यापारी तुर्की से बड़ी मात्रा में सेब मंगाते हैं। इस बीच भारतीय व्यापारियों ने तुर्की से सेब के आयात से इन्कार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्की, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं



■ कहा: हम देश के साथ हैं, तुर्की पाक को ड्रोन भेजता है?

ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्की के सेब नहीं बेचेंगे। भारत तुर्की से सालाना 1200 करोड़ रुपये का सामान आयात करता है। इसमें सेब की बड़ी मात्रा शामिल है। गाजियाबाद के एक व्यापारी ने बताया, तुर्की, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। इसी वजह से हमने फैसला लिया है कि तुर्की के सेब नहीं बेचेंगे। एक अन्य व्यापारी शादाब खान ने बताया कि हमने तुर्की के हर सामान का बायकाट किया है। सेब के अलावा तुर्की से हम कई सामान आयात करते थे। हमने ये फैसला इसलिए लिया, क्योंकि तुर्की, पाकिस्तान का सपोर्ट करता है।






# तीन बदमाश गिरफ्तार

## मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** मौहम्मद उवैस पुत्र अतीक अहमद निवासी मौहल्ला अफगानान, थाना किरतपुर अपने साथी शाहिद पुत्र साबिर के साथ कल मंगलवार को मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम मीरापुर बांगर के संघटक महाविद्यालय से पेपर देकर किरतपुर जा रहा था, तभी तीन बदमाश बाइक से आए और उसे रोककर उसका मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुदमा पंजीकृत करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी।

पुलिस के अनुसार मंगलवार की रात्रि मंडावर थाना प्रभारी राजकुमार सरोज और स्वाट टीम निरीक्षक सचिन मलिक, सर्विलांस के प्रभारी योगेश कुमार किशनबास नहर की पुलिया पर गश्त में थे तभी एक मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति पुलिस को देखकर तेजी से भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया, तो बदमाशों द्वारा पुलिस पर फायर कर दिया।

पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। घायल ने अपना नाम विकूल उर्फ पाटल पुत्र रामेंद्र निवासी किशनपुर, थाना मंडावर बताया और दो अन्य व्यक्तियों ने अपने नाम आर्यन पुत्र सुनील निवासी किशनपुर, थाना मंडावर बताया और दो अन्य व्यक्तियों ने अपने नाम आर्यन पुत्र सुनील निवासी किशनपुर और शंकर दयाल पुत्र ओमकार निवासी बिलासपुर थाना मण्डावर बताये।

अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, जिंदा कारत. ूस, दो खोखा कारतूस 315 बोर और लूटा गया। मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त की गई एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। वहीं थाना प्रभारी राजकुमार सरोज ने बताया कि तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पेट्रोल से भरा टैंकर ट्रक से टकराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** हाईवे पर उस समय एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया जब एक सीमेंट से भरे ट्रक व पेट्रोल से भरा टैंकर आपस मे टकरा गये। गनीमत रही कि टैंकर से पेट्रोल लीक नही हुआ, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाईवे स्थित चुंगी नं. 05 के निकट सीमेंट से भरा एक ट्रक शेरकोट में थोड़ा सीमेंट उतार कर धामपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही उसने ट्रक को हाइवे की ओर मोड़ा तभी काशीपुर की ओर से आ रहे पेट्रोल के टैंकर से टकरा गया। जिससे चौराहे पर सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति से निपटने के लिए तुरन्त ही अग्निशमन की टीम बुला ली। बाद में दोनों गाड़ियों को हाइड्रो की मदद से हटाया गया। वहीं हाईवे पर काफी समय तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

# दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट

## पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** दहेज में एक चौपहिया वाहन की मांग करने और पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एक पिता अपनी पीड़ित पुत्री के साथ हीमपुर दीपा थाने पहुंचे। उधर दर्द से कराह रही पीड़िता को पुलिस ने तत्काल मेडिकल के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखवंत सिंह पुत्र छंगारा सिंह निवासी अहमदवाला थाना रामराज जिला मुजफ्फरनगर ने हीमपुर दीपा थाने पहुंचकर बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री हरप्रीत कौर की शादी पूरे रीति रिवाज के साथ करीब 15 लाख रुपये खर्च करते हुए फरवरी 2017 में ग्राम बलिया नंगली थाना हीमपुर दीपा निवासी हरविन्दर सिंह पुत्र बलवेंद्र सिंह के साथ की थी। पीड़ित पिता ने आंखों में आंसू भरते हुए बताया कि कुछ दिन ठीक रहने के बाद उसकी पुत्री पर एक चौ पहिया वाहन की मांग करते हुए उसकी पुत्री को लगातर प्रताड़ित करने लगे। पीड़ित पिता ने बताया कि हद तो तब हो गई जब उसकी पुत्री के साथ आय दिन मारपीट होने लगी। अपनी पुत्री को घायल अवस्था मे थाने लेकर पहुंचे पीड़ित पिता की व्याकुलता देख पुलिस ने दर्द से कराह रही पीड़िता को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ भिजवा दिया।

# दबंगों ने जेसीबी से नदी का रूख बदला

## एसडीएम से कार्यवाही की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर से सटी चर्चित ग्राम पंचायत सलावत नगर के दबंग ग्राम प्रधान द्वारा दबंगों के साथ मिलकर कुछ किसानों की अनुमति के बिना उनके लगानी कृषि भूमि पर जबरदस्ती अतिक्रमण कर वर्षों पूर्व बहती आ रही बरसाती नदी का रुख जेसीबी द्वारा खोद कर उनके खेतों में किए जाने को लेकर पीड़ित किसानों ने उप जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला नेजा सराय निवासी मुख्तार अहमद व अंसार अहमद पुत्रगण अब्दुल रहीम ने उप जिलाधिकारी धामपुर को तहरीर देकर बताया कि उनकी आराजी काश्त परगना अफजलगद के मोजा सलावतनगर मे स्थित है जिसकी खसरा सं. क्रमश 399, 400 है तथा रकबा भूमि क्रमश 1.7890, 1.6930 हे. है। उनकी कृषि भूमि के समीप खसरा नं. 406, (1010) जो रास्ते में दर्ज है तथा खसरा सं. 407 (1.0370) है जो बरसाती नदी के लिए राजस्व अभिलेखों में अंकित है। उनके कृषि भूमि पर ग्राम प्रधान सलावातनगर की मिली भगत से नगर के दबंग परिवार वालो ने रास्ता व नदी की दिशा को उन्हें नुकसान पहुंचाने की नियत से उनकी काश्त भूमि में जबरदस्ती नदी की दिशा तथा रास्ता निकाल दिया गया है जो पूर्ण रूप से अवैध व नाजायज है। जिनमें ग्राम प्रधान सलावतनगर के अलावा दबंग इब्राहीम, शाहिद मोहल्ला जैनुल आबेदीन व कलीम मौहल्ला मियाजी मौखा खालिद, हसन मौहल्ला मियाजी मौखा अफजलगढ़ आदि अन्य व्यक्ति उनकी भूमि पर इकट्ठा हो गये तथा अपनी दबंगई के बल पर अवैध रूप से जेसीबी मशीन चलाकर भूमि को खुर्द-बुर्द कर दिया है तथा डोल पर खड़े तमाम हरे भरे पेड़ों को उखाड़ दिया। किशोर ने भारी नुकसान पहुंचा है आरोपीगण उनको जान से मारने को धमका रहे हैं।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है परन्तु जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार के लेवल का पैमाना बढ़ता ही जा रहा है। खासकर राजस्व विभाग मैं भ्रष्टाचार चरम पर हैं इसका मुख्य कारण लेखपाल है जिसका नमूना धामपुर तहसील के ब्लॉक अफजलगढ़ (कार्यालय कासमपुरगढ़ी) के अन्तर्गत देखने को मिलता है उक्त ब्लॉक की ग्राम पंचायत सलावातनगर सबसे अधिक विवादों के मामलों को लेकर सुर्खियों में रही है। उपरोक्त विवादित विवरण की जानकारी देते हुए हल्का लेखपाल प्रमोद कुमार ने बताया कि किसानों की मौखिक सहमति से बरसाती नदी की निशानदेही करके खुदाई कराई गई है।

उधर पीड़ित किसानों का कहना है कि लेखपाल द्वारा उन्हें किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं दी गई है। यह अवैध कार्य ग्राम प्रधान सलावत नगर के इशारों पर हुआ है।

यदि सूत्रों की माने तो सलावत नगर ग्राम प्रधान कपिल कुमार सैनी का ग्राम प्रधान बनने के बाद से ही विवादों से नाता रहा है। जब ग्राम प्रधान पर नगर की सीमा से सटी ग्राम समाज की भूमि पर पट्टो को बेचने का आरोप लगा था। उधर ग्रामीण तथा नगर वासियों का मानना है कि ग्राम प्रधान सत्ता की धनक में मदहोश है तथा वह एक जनप्रतिनिधि की छवि धुमिल कर रहा है।

# कुणाल आर्यन फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु भव्य वृक्षारोपण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कुणाल आर्य फाउंडेशन एक सामाजिक एवं सेवा मूलक संस्था द्वारा आज कार्यालय परिसर में एक विशेष गोष्ठी एवं वृक्षारोपण जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरणीय असंतुलन, जलवायु परिवर्तन, वनों की अंधाधुंध कटाई और उससे उत्पन्न हो रही प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जनमानस को जागरूक करना एवं वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित करना था। इस अवसर पर वर्धमान कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. जी.आर. गुप्ता एवं वर्धमान कॉलेज के विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अजय राणा बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। दोनों अतिथियों ने अपने उद्बोधनों में वृक्षों की महत्ता, पारिस्थितिक तंत्र में उनकी भूमिका और युवाओं की जिम्मेदारी पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विश्नोई समाज के धर्मगुरु पूज्य स्वामी राजेंद्रानंद जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पर्यावरण की रक्षा को धर्म का अनिवार्य अंग बताते हुए कहा कि वृक्षों की सेवा वास्तव में मानवता की सेवा है।

संस्था के संस्थापक एवं प्रमुख श्री विशंभर सिंह बिश्नोई ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न स्थलों पर सैकड़ों पौधे लगाए जाते हैं और उनके संरक्षण की पूरी जिम्मेदारी भी संस्था स्वयं उठाती है। इस आयोजन में डॉ. राजीव कुमार, डॉ. निलक्षी, संस्था के प्रबंधक सोमेश विश्नोई, सुमित कुमार समेत संस्था के अन्य सदस्यों और सामा. जिक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

गोष्ठी के उपरांत सभी उपस्थितजनों ने मिलकर संस्था परिसर में वृक्षारोपण किया। पीपल, नीम, आम, अर्जुन एवं अमलतास जैसे पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, स्थानीय निवासियों एवं पर्यावरण प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम के अंत में यह घोषणा की गई कि आने वाले माह में कुणाल आर्यन फाउंडेशन द्वारा जनपद के विभिन्न गांवों, स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जनसहयोग से एक हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कुणाल आर्यन फाउंडेशन ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका पालन-पोषण करें, क्योंकि आज नहीं तो कल आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# नहर में डूब रही लड़की को पीआरवी ने बचाया, खूब हो रही सराहना





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में एक बड़ी दुर्घटना उस वक्त टल गई जब समय रहते यूपी-112 की पीआरवी टीम मौके पर पहुंची और नहर में डूब रही एक किशोरी को सकुशल बाहर निकाल लिया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता और तत्परता की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार की दोपहर लगभग 12 बजे पीआरवी-2451 को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रवाना स्थित नहर के पुल के पास एक लड़की नहर में डूब रही है। उस समय पीआरवी अपनी नियमित रूट चार्ट के अनुसार गश्त पर थी। सूचना मिलते ही पीआरवी टीम ने तत्काल आरओआई से फील्ड इवेंट लिया और बिना समय गंवाए घटनास्थल पर पहुंची।

मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि लड़की नहर में डूब रही है। पीआरवी टीम में शामिल कमांडर हेड कांस्टेबल गोपाल यादव और चालक कांस्टेबल अजीत सिंह ने तत्परता दिखाते हुए लड़की को सुरक्षित नहर से बाहर निकाल लिया। इसके बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल लड़की को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस साहसिक और मानवीय कार्य के लिए पीआरवी कर्मियों की आमजन और अधिकारियों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है। पीआरवी-2451 के इस त्वरित व प्रभावी रेस्क्यू ऑपरेशन ने यह साबित किया कि यूपी-112 न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में बल्कि नागरिकों की जान बचाने में भी अहम भूमिका निभा रही है।

# सिद्धबली आश्रम फूलताल पर हवन पूजन व भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर श्री सत्यनारायण सिद्धबली आश्रम फूलताल पर विधिपूर्वक हवन पूजन उपरांत संकीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया।

पं. उत्तम भारद्वाज के निर्देशन एवं दैविक चौहान के सौजन्य से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सिद्ध बाबा के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया और राष्ट्र, समाज एवं परिवार की सुख-समृद्धि व मुख्य यजमान दैविक चौहान की दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मेघनाथ सिंह, खेलसिंह राजपूत, कृष्णा देवी, लवकुश चौहान, यशपाल सिंह, ऊषा देवी, विशाल राजपूत, इं. चन्द्रकुश चौहान, जया चौहान, कलश चौहान, अवनी चौहान, महंत मोहित त्यागी, मंजू त्यागी, महेन्द्र सिंह यादव, अमित प्रताप सिंह, विपिन चौहान, राजेंद्र ठेकेदार, इं. नवीन शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, सौम्या शर्मा, जया शर्मा, इं. गजेंद्र सिंह, इं. गौरव कुमार, इं. राकेश भारद्वाज, जिलेदार देव कुमार शर्मा, ओमप्रकाश सिंह, सुधीर गोपाल, विजयपाल सिंह, जगदीश सिंह चौहान, पुनीत चौहान, शिवकुमार, अनिल कुमार, रमन सिंह, सचिन गोस्वामी, रविन्द्र सिंह आदि अनेक गणमान्य लोगों सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गुलदार पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** क्षेत्र में गुलदार के ताबड़तोड़ हमलों से लोग दहशत के साए में जी रहे हैं। वनकर्मियों ने हालांकि गुलदार को पकड़ने के प्रयास में जिरे लगा दिए हैं।

नारायणवाला-कल्लूवाला मार्ग पर एवं केहरीपुर जंगल में घटना स्थलों के आसपास लगाए गए पिंजरों की मॉनिटरिंग भी की जा रही है मगर इन दोनों जगह गुलदार पिंजरे में आना तो दूर पिंजरों के पास तक से भी नहीं गुजर पाया है। गुलदार के बढ़ते आतंक से लोग परेशान हैं और भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। किसान खेतों पर जाने से डर रहे हैं और लोग सुनसान रास्तों से होकर गुजरते हुए घबरा रहे हैं। ग्रामीण बार-बार वन विभाग से वन्यजीवों से बचाव को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग करते आ रहे हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि वन विभाग इस बाबत कोई ठोस कार्रवाही नहीं कर पा रहा है।

भारतीय किसान यूनियन भी वन विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाती आ रही है मगर स्थानीय वनकर्मी वन्यजीवों के हमले रोकने में अभी तक नाकाम साबित हुए हैं। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर का कहना है कि घटनाओं के मद्देनजर जरूरी कार्यवाही की जा रही है। गुलदार को पकड़ने के प्रयास में पिंजरे लगाए गए हैं।

रेंजर अंकिता किशोर का यह भी कहना है कि केहरीपुर में घटित वारदात के बाद काम्बिंग के दौरान हालांकि गुलदार के पग चिन्ह उसके जंगल की ओर चले जाने का संकेत दे रहे हैं फिर भी एहतियात के तौर पर पिंजरा लगाने के साथ-साथ गश्त जारी है। अंकिता किशोर का कहना है कि किसी भी प्रकार की अनहोनी के दौरान क्षेत्रवासी घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाकर अविलंब वनकर्मियों को सूचित करें और उन्हें उनका काम करने में सहयोग करें।

# बीजेपी के मंत्री ने किया सोफिया व नारी का अपमान: अखिलेश

**लखनऊ।** भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए बयान के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है और इसे हर नारी और सेना का अपमान बताया है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मप्र बीजेपी के एक मंत्री का अति निंदनीय बयान केवल एक उच्च सैन्य महिला अधिकारी ही नहीं, बल्कि देश की हर नारी और सेना का अपमान है। ये महानुभाव सदैव से भाजपाई और उनके संगी-साथियों की 'नारी विरा. धी' सोच के मुखपत्र रहे हैं। कुछ वर्षों पहले इन्होंने ही देश की एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के कार्य में बाधा डाली थी। बीजेपी की 'नारी शक्ति वंदन अभियान' जैसी झूठी घोषणाओं का सच ऐसे लोगों के दुष्विचार खोल देते हैं। ऐसे लोग मंत्री तो क्या, किसी गली-मोहल्ले तक के भी जन प्रतिनिधि नहीं बनने चाहिए। सवाल ये है कि इन्हें बीजेपी वाले स्वयं हटाएंगे या इनके खिलाफ एकजुट नारी शक्ति और जनता। बता दें कि बीजेपी नेता और एमपी सरकार के मंत्री विजय शाह ने कथित तौर पर कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर एक टिप्पणी की थी। उनके इस बयान को लेकर काफी हंगाम हुआ। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भी लिखा था। कांग्रेस नेता ने कहा था कि मप्र बीजेपी सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की वीरांगना कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहकर किया गया घृणित और राष्ट्र-विरोधी बयान, न केवल एक गंभीर अपराध है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बड़बोले मंत्री....** सामने नहीं आया है संज्ञान और एफआईआर के निर्देश देने के बाद कांग्रेस ने कहा कि शाह को भाजपा से भी बाहर करना चाहिए। कांग्रेस नेता अरुण यादव ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने मंत्री विजय शाह के भारतीय सेना और राष्ट्रधर्म निभाने वाली भारतीय बेटी कर्नल सोफ़िया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान को सेना के अपमान, उसकी अस्मिता और मनोबल को गिराने वाला माना है, लिहाजा अब आवश्यक हो गया है कि सरकार माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर करे। अरुण यादव ने आगे कहा कि यदि भाजपा में नैतिकता और देश के लिए कुर्बानी देने वाले भारतीय सेना के प्रति दिली सम्मान है, तो विजय शाह को भाजपा से भी तत्काल प्रभाव से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। इससे पहले पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल विजय शाह के खिलाफ एफआईआर कराने भोपाल के श्यामला हिल्स थाने पहुंचा था। हालांकि, यहां शिकायत दर्ज की गई, एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अब हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं।

# ट्रम्प के खुलासे पर मोदी क्यों हैं मौन: कांग्रेस



## सऊदी में ट्रम्प ने सार्वजनिक कार्यक्रम में किया खुलासा: रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खुलासे के बाद भी आम तौर पर मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का अमे. रिका के दबाव के सामने चुप्पी साधना हैरान करता है।

कांग्रेस ने कहा है कि ट्रम्प ने खुलासा किया है कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए ब्लैकमेल कर मजबूर किया है। ट्रम्प ने तब एक्स पर सैन्य कार्रवाई रोकने की जानकारी भी दी थी। पार्टी संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि कुछ दिन पहले हमें पाक के साथ युद्धविराम की जानकारी अमेरिका के राष्ट्रपति से मिली थी। अब कल सऊदी अरब में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को इस युद्धविराम के लिए मजबूर किया और ब्लैकमेल किया। इस खुलासे के बारे में आम तौर पर अत्यंत मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का क्या कहना है। क्या उन्होंने अमेरिकी दबाव के सामने भारत के सुरक्षा हितों को गिरवी रख दिया।

## संसद का विशेष सत्र बुलाने का कोई औचित्य नहीं: जदयू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख घटक जनता दल-यूनाइटेड ने बुधवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और सिंदूर अभियान पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की विपक्ष की मांग का कोई औचित्य नहीं है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने यहां कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और भारतीय सेना की कार्रवाई पर विपक्ष संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा है। विपक्ष चाहता है कि इस पूरे प्रकरण पर व्यापक स्तर पर चर्चा होनी चाहिए। प्रसाद ने कहा कि विपक्ष की इस मांग का कोई औचित्य नहीं है। सरकार इस संबंध में सर्वदलीय बैठक बुलाकर पूरी जानकारी दे चुकी है। उन्होंने कहा कि देश के वरिष्ठतम राजनेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शरद गुट के अध्यक्ष शरद पवार ने भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग को अव्यवहारिक बताया है। गौरतलब है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल पहलगाम आतंकवादी हमले और सैन्य कार्रवाई पर चर्चा करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमे का मामला गर्माया

## सपा जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन व पूर्व सांसद ओमवती का समर्थन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ईनामपुरा के ग्रामीणों के खिलाफ गुलदार की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज किए जाने का मामला गरमा गया है। राष्ट्रीय किसान यूनियन ने रेंजर के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार दस मई को इनामपुरा में गुलदार को किसानों द्वारा पकड़ा गया था। जिसे वन विभाग की टीम को सौंप दिया गया था। बाद में रेंजर की गिरफ्त में गुलदार की मौत हो गई थी। मगर रेंजर ने 12 किसानों के विरूद्ध मुकदमा लिखवा दिया था। किसान नेताओं ने कहा कि अब तक जनपद में जितनी मौतें गुलदार द्वारा की गई है, इनका मुकदमा भी रेंजर पर किया जाए। धरने का समर्थन करने कांग्रेस की पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद श्रीमती ओमवती देवी और आरके सिंह रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर आए। उन्होंने पार्टी की ओर से पूर्ण समर्थन दिया। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन एवं जिला प्रवक्ता अखलाक पप्पू ने भी धरने को पूर्ण समर्थन दिया। सपा जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

धरना स्थल पर राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल तोमर ने कहा की रेंजर ने कितने बाग कटवा दिए और उनमें कॉलोनी कटवा दी, यह सभी जानते हैं। गुलदार ने अब तक न जाने कितने किसानों को मार दिया है। किसानों ने गुलदार पकड़कर रेंजर को दिया था और उल्टा उन पर ही मुकदमा लिख दिया गया।

धरने पर अर्जुन सिंह, जगराम सिंह, विनीत चिकारा, ललित चौहान, खुर्शीद अहमद, आकिल, रिजवान इकबाल आदि मौजूद रहे।

## किरतपुर में 11 गिरफ्तार

**बिजनौर।** विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर जनपद में 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। किरतपुर में गिरफ्तार किए अभियुक्तों में ओम प्रकाश, मुस्ताक, नोनीत, पंकज, सत्यवीर, आलोक, मुस्तफा, निर्देश, मोनू, सुशील व तेजपाल शामिल है। नगीना में आजाद कॉलोनी का बाबू गिरफ्तार किया गया है। जबकि नगीना देहात में सुमेर, कुलवीर व तसलीम गिरफ्तार किए गए है।

## मण्डावर में वंश व प्रिंस अरेस्ट

**बिजनौर।** मण्डावर पुलिस ने ग्राम केवलपुर निवासी वंश पुत्र अशोक कुमार एवं प्रिंस पुत्र सतेन्द्र को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

# नूरपुर में दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष







## कई गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** दो गुटों में खूनी संघर्ष में जमकर लाठी डंडे व पत्थर चलने से अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। हर तरफ चीख पुकार मच गई। जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थिति को गंभीर देखते हुए पुलिस के हाथ पैर फूल गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के दर्जन भर लोगों को नामजद करते हुए एक दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया।

बीती देर रात मुरादाबाद रोड स्थित एक होटल पर नीतू व परोपकार सिंह उर्फ अमन के बीच किसी बात को लेकर नोंक-झोंक हो गई थी। देखते ही देखते दोनों में विवाद बढ़ गया और यह खूनी संघर्ष में बदल गया था। झगड़े की सूचना पर सिख समाज व हिन्दू समाज के दोनों पक्षों के लोग वहां पहुंच गए। फिर दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। जमकर पत्थरबाजी हुई। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन दोनों पक्षों में झगड़ा बढ़ता देखकर पुलिस के हाथ पैर फूल गये। प्रभारी निरीक्षक जयभगवान ने तुरंत सर्किल की पुलिस से लेकर जिले की पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिसबल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने विवाद को बामुश्किल संभाला। पुलिस ने दोनों पक्षों के परोपकार सिंह उर्फ अमन, रिंकी सिंह, ईश्वर सिंह, मंजीत सिंह, ब्रह्म सिंह, मोनू सिंह, अंकित, मोनू, सत्यम सिंह, सचिन, प्रदीप, नीतू व उसके पुत्र को नामजद करते हुए एक दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के अनुसार नीतू व उसका पुत्र अभी फरार है। पुलिस ने घटना के संबंध में तीस लोगों के नाम अज्ञात में दर्ज किए है। घटना की सूचना पर सीओ भरत सोनकर ने भारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह भारी पुलिस बल के साथ गश्त कर हर एक गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। सीओ भरत सोनकर ने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की जरूरत नहीं है। किसी को भी किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। जिन लोगों ने नगर का माहौल खराब करने की कोशिश की है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने एक दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेने की पुष्टि की है। स्थिति को गंभीर देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात हैं।

# विद्युत कर्मियों पर जानलेवा हमला करने वालों पर कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** खंडसाल विद्युत उपकेंद्र पर विद्युत कर्मचारियों ने बिजनौर शहर के मोहल्ला जाटान में विद्युत कर्मियों पर जानलेवा हमला करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने पर रोष प्रकट किया गया। विद्युत कर्मियों ने ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को खंडसाल विद्युत उपकेंद्र पर कर्मचारी एकत्रित हुए। इस मौके पर विद्युत मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष रिहान अहमद ने कहा कि विद्युत कर्मचारी बिजनौर शहर के मोहल्ला जाटान में बकाया वसूली को लेकर गए थे। वहां उन पर जानलेवा हमला किया गया। ऐसे में विद्युत कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहा है। उन्होंने विद्युत कर्मचारियों के साथ मारपीट को लेकर रोष प्रकट किया और मारपीट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर दीपक शर्मा, उस्मान, जुल्फिकार, ब्रह्मपाल सिंह, रोहतास, सलमान, छत्रपाल सिंह, दीपक, राहुल, निपेंद्र आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर गंभीर

## जजी में गोष्ठी का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार सप्तम के मार्गदर्शन में आज एडीआर केन्द्र जजी परिसर में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के विषय पर जागरूकता पैदा करने के लिए गोष्ठी आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर जनपद न्यायाधीश स्पेशल पोक्सो श्रीमती कल्पना पाण्डेय ने की एवं संचालन अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री श्रेय शुक्ला द्वारा किया गया। उक्त अधिनियम एवं विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि 2023 में उच्चतम न्यायालय के द्वारा फर्नाडीज बनाम गोवा के वाद में महिलाओं के प्रति होने वाले उत्पीड़न को रोकने के लिए प्रत्येक विभाग में समितियों का गठन इस कानून के अन्तर्गत अनिवार्य रूप से किए जाने के लिए दिशा निर्देशित किया गया था। कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यदि कोई यौन उत्पीड़न की घटना होती है, तो 90 दिन के अन्दर उसके विषय में अपना प्रार्थना पत्र समिति के समक्ष दे सकती हैं। अपर जनपद न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस अधिनियम के अंतर्गत पीड़ित महिला की श्रेणी को व्यापक बनाया गया है और इसके अन्तर्गत किसी भी कार्यालय में कार्यरत महिला कर्मचारी, न्यायालय में आने वाली वादकारी महिलाएं, महिला अधिवक्ता, घरेलू कामगार असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं भी आती है, जो अपनी शिकायतें संबंधित समितियों को प्रेषित कर सकती है।

अपर मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट सुश्री नैन्सी धुन्ना द्वारा बताया गया कि यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के अन्तर्गत शिकायतकर्ता और उत्तरदाता दोनों की पहचान गोपनीय रखी जाती है। जांच के दौरान यदि समिति द्वारा उत्तरदाता के विरूद्ध शिकायत सही पायी जाती है, तो समिति की अनुशंसा पर उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी की जा सकती है। अधिवक्ता सुश्री राखी शर्मा द्वारा बताया गया कि भारत सरकार द्वारा अधिनियमित एक कानून है। इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित एवं अनुकूल कार्य वातावरण बनाने के साथ यौन उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना है। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में पराविधिक स्वयं सेवक, पैनल लॉयर्स एवं महिला कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# मॉडर्न एरा के अमन देवल बने जिला टॉपर

## जनपद में दूसरे स्थान पर रहे प्रसन्न





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा 2025 के घोषित परिणामों में कक्षा दसवी के छात्र अमन देवल व प्रसन्न अगवान ने पूरे जिले में टॉप करके इतिहास रच दिया। अमन ने 98.8% एवं प्रसन्न अगवान ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले भर में पहला व दूसरा स्थान हासिल किया।

इस अति उत्तम उपलब्धि से न केवल विद्यालय में बल्कि पूरे जिले में हर्ष ओर गर्व का माहौल है। दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय की प्रिंसिपल एवं शिक्षकों को दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन किया। इसके साथ ही विद्यालय के 24 बच्चों ने एग्रीगेट में 90% व 90% से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय को गौरान्वित किया जिनके नाम क्रमश: इस प्रकार है- अमन देवल 98.80, प्रसन्न अगवान 98.40, अनुष्का सिसौदिया 98.00, तानी शर्मा 97.60, विश्वजीत धामा 97.20, आशी राना 96.40, राहुल अख्तर 96.00, वैष्णवी 94.80, नैतिक चौधरी 93.80, अक्षरा राजपूत 93.80, गरिमा खन्ना 93.80, वंशिका अग्रवाल 93.80, नम्या चतुर्वेदी 93.80, पलक 93.40, कुश कुमार 93.20, दीपिका 93.80, शुभांगी द्विवेदी 92.60, गौरी सैनी 92.40, अनुष्का चौधरी 91.8०, मौहम्मद अली 91.20, रिषभ तरीखा 91.20, सोनी गाबा 90.80, फरहान तलत 90.40, शिक्षा चौधरी 90.80प्रतिशत रहे।

विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा बिस्वास ने दोनों छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा यह दोनों बच्चे शुरू से ही अत्यंत होनहार रहे है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय में ऐसे प्रतिभावान छात्र पढ़ते है। हम हमेशा छात्रों का सम्पूर्ण मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## ध्रुव राणा का बेहतर प्रदर्शन



**धामपुर।** शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सीबीएसई के परीक्षा परिणामों में जहां छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं गांव जैतरा निवासी समाजसेवी व व्यापारी नवनीत राणा के पुत्र ध्रुव राणा ने कक्षा 10 में 82.2 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता-पिता व गुरुजनों का नाम किया है। छात्र ने बताया कि वह गणित विषय में 93 अंक सर्वाधिक लेकर आया है। इसी सब्जेक्ट में वह आगे भी पढ़ाई जारी रखेगा। छात्र का कहना है कि माता-पिता के साथ- साथ स्कूल में अध्यापक सौरभ सिंह ने भी उसको बेहतर परीक्षा परिणाम आने के लिए काफी मदद की है।

## एक नजर

### शिफा ने किया नाम रोशन



**अफजलगढ़।** लाम्बा कॉन्वेंट स्कूल पेक्द खेड़ी कादराबाद कक्षा 10 का परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसमें शिफा ने 95% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और हर्षदीप कौर ने 94.6% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा समृद्धि चौधरी ने 83% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा हर्ष अहलावत ने 81% अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं लाम्बा कान्वेंट के प्रबंधक जितेंद्र सिंह लाम्बा ने कहा कि विद्यालय में पोजीशन लाकर सभी बच्चों ने विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। वहीं विद्यालय प्रक्धक जितेन्द्र सिंह लाम्बा व प्रधानाचार्य अमित कुमार ने सभी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ट्रेन से मजदूर के दोनों पैर कटे

**नजीबाबाद।** बीती रात कोटद्वार रेलवे ट्रैक पर नगर के मौहल्ला मुगल. ूशाह निकट राजो का चौराहा निवासी मौहम्मद अखलाक (40 वर्ष) के कोटद्वार पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर दोनों पैर कट गए। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को तुरंत उपचार के लिए समीपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। लोगों ने बताया कि अखलाक मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार पालन पोषण करता है। बीती रात करीब साढ़े नौ बजे मजदूरी कर घर लौटते समय उसके ट्रेन की चपेट में आकर उसके दोनों पैर कट गए।

### बार के चुनाव के लिए नामांकन

**धामपुर।** बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र भरे। एलडर्स कमेटी बार एसोसिएशन धामपुर के चेयरमैन योगेन्द्रपाल सिंह एड. ने बताया कि 13-14 मई को अध्यक्ष पद हेतु विनोद कुमार एड. व वीरेन्द्र कुमार एड., वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु शाहिद अली एड.,परशुराम सिंह एड., कनिष्ट उपाध्यक्ष पद हेतु सुभाषचन्द एड., कुलवीर सिंह एड., सचिव पद हेतु सुरेन्द्र सिंह एड., हरिओम सिंह एड., देवेन्द्र कुमार एड., खेमचन्द सिंह एड., सह सचिव प्रशासन पद हेतु, योगेश कुमार एड., शादान सईद एड. , गुलजार अहमद एड., सह सचिव लाईब्रेरियन रक्षपाल सिंह एड., विपिन कुमार चौहान एड., सह सचिव प्रकाशन के लिए अखलेश कुमार एड., हिरेन्द्र कुमार एड., मनोज कुमार एड., कोषाध्यक्ष पद हेतु तारा सिंह एड., नितिन कुमार अग्रवाल एड., सलीम अहमद एड., वरिष्ठ सदस्य कार्यकारणी के छह सदस्यों के लिए शहजाद परवेज एड., लोकेन्द्रपाल सिंह एड., मौहम्मद अली एड., मनोज कुमार एड., भोपाल सिंह एड., भारत सिंह एड., नरेन्द्रपाल सिंह एड., मुनेश कुमार एड., मौहम्मद फारूख एड., जितेन्द्र कुमार एड., अनुराग कुमार एड., कनिष्ट सदस्य कार्यकारणी के लिए संजीव कुमार एड., अर्पित कुमार एड., हिमांशु, हर्षवर्धन सिंह एड., अजयवीर सिंह एड., ब्रज कुमार एड., लोकेश कुमार एड., आबिद अहमद एड., अनुराग भटनागर एड., अरूण कुमार एड., सादान सईद एड. ने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी 16 मई को होगी। चुनाव 24 मई को होगा।

# नहटौर में नागरिकों को मिलेगा शुद्ध पानी

## वार्षिक बजट का 28 प्रतिशत पेयजल व्यवस्था पर होगा खर्च





**मुनीश राणा**

**नहटौर।** पालिका के वार्षिक बजट 2025-26 में पेयजल व्यवस्था पर खास फोकस किया गया है। अड़तीस करोड़ छब्बीस लाख सत्रह हजार एक सौ छह रुपए के वार्षिक बजट में दस करोड़ पचास लाख पेयजल व्यवस्था पर व्यय किए जाएंगे। वार्षिक बजट का करीब 28 प्रतिशत हिस्सा पेयजल व्यवस्था पर खर्च किया जाएगा।

पालिका बोर्ड की बैठक में अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बोर्ड के समक्ष बैठक का एजेण्डा रखा। एजेन्डे में रखे गए समस्त प्रस्तावों को सर्व समत्ति से पास किया गया। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि निजी स्त्रोतों से आय एक करोड़ अठावन लाख पिछहत्तर हजार रुपए तथा शासकीय प्राप्तियां 31 करोड़ 65 लाख रुपए, कुल 38 करोड़ 26 लाख 17 हजार 906 रुपए का बजट रखा गया है। जिसमें अनुमानित खर्च अधिष्ठान पर व्यय 41489960 रुपए, पेंशन एवं ग्रेच्युटी 21000000 रुपए, जमानत वापसी 7500000 रुपए, विद्युत पर व्यय 5050000 रुपए, पेयजल व्यवस्था पर व्यय 105000000 रुपए, सफाई व्यवस्था पर व्यय 33000000 रुपए, बिल्डिंग पर व्यय 20000000 रुपए, नई सड़कों का निर्माण एवं रख रखाव पर व्यय 55000000 रुपए, नाला नाली एवं जल निकासी पर व्यय 27500000 रुपए, तालाबों के सौन्दर्यकरण पर व्यय 50000000 रुपए की व्यवस्था की गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि जल निकासी, पेयजल आपूर्ति, पथ प्रकाश, कूड़ा निस्तारण, सीएनजी पम्प तथा प्रत्येक वार्ड में दो वाटर कूलर लगाने का प्रस्ताव पास किया गया है। उन्होंने बताया कि गृहकर के लिए पहले कर्मचारी मौके पर जाएगा तथा आवास का अवलोकन कर के उसकी स्थिति देखकर ही गृह कर लगाया जाएगा। जल कर के प्रस्ताव मे भी संशोधन किया गया है। सभी प्रस्तावों पर बोर्ड की सहमति होने पर उन्हें पास किया गया। नगर पालिका के भारी भरकम बजट में पेयजल व्यवस्था पर कुल बजट का करीब 28 प्रतिशत खर्च होने पर नगर की जनता पानी से सरोबार रहेगी।

चेयरपर्सन अनस इकरार ने सभासदों से आह्वान करते हुए कहा कि शहर के विकास में पूर्व की तरह सहभागिता निभाए। साथ ही पालिका को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कराने में पूर्ण सहभागिता करें। उन्होंने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयासों से ही हम शहर का विकास करते हुए नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा सकते हैं।

बैठक में सभासद विशाल हाशमी, मुकेश गुप्ता, महफूज उर्फ गुड्डा, विजेन्द्र, रियासत आदि ने भाग लिया। संचालन अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने किया।

### नहटौर के विकास के लिए पूरी जिंदगी कुर्बान: जैद



**नहटौर।** वरिष्ठ रालोद नेता एवं चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद रशीद ने कहा कि नहटौर के विकास के लिए उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी कुर्बान कर दी है। उन्होंने कहा कि नहटौर को विकास के शिखर पर ले जाना है। उन्होंने नहटौर के अवाम की तारीफ करते हुए कहा कि वह अमन व तरक्की पसंद है। उन्होंने कहा कि नहटौर में विकास की काफी सम्भावनाएं है। उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि शहर के विकास के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# विवादित भूमि पर कब्जा करने को लेकर टकराव

## भाजपा नेता जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे, पुलिस ने हालात संभाले







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवादित भूमि पर कब्जा करने के लिए पहुंचे भाजपा नेताओं को देख कर माहौल गरमा गया। भाजपा नेता जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे थे। टकराव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। वरना हालात खराब हो जाते।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय चांदपुर की चुंगी पर बेशकीमती भूमि है। यहां पर इकरामुद्दीन, बहारूद्दीन, कलीम, नौशाद, जीशान, ताहिर, राशिद, शमशाद, इस्लामुद्दीन, फहीम, अब्दुल रहीम आदि के खोखे, पिछले 40 सालों से रखे बताए जाते हैं। कागजों में यह जमीन 12 सौ गज है, लेकिन अब मौके पर करीब आठ सौ गज बताई जाती है। इस भूमि को लेकर नगर पालिका व मौहल्ला अचारजान निवासी रवि खन्ना के बीच हाईकोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। स्थानीय निवासी महमूद का भी इस जमीन पर दावा है। जिसने रवि खन्ना के खिलाफ वाद दायर कराया है। यह मुकदमा सिविल कोर्ट बिजनौर में विचाराधीन है। पालिका व रवि खन्ना के बीच मुकदमे को करीब 35 वर्ष हो गए, जबकि रवि खन्ना व महमूद के बीच चल रहे मुकदमे को भी तकरीबन आठ साल से अधिक हो गए है। इसी बीच रवि खन्ना के परिवार ने इस जमीन का पूर्व सभासद खालिदा बेगम के देवर शाकिर व परिवार के अन्य चार लोगों के नाम अलग-अलग पांच बैनामे कर दिए। बैनामा होने के बाद जमीन का नक्शा पास कराने के लिए आवेदन भी किया गया, लेकिन महमूद पक्ष ने इस पर आपत्ति लगा दी। तब से यह बेशकीमती जमीन विवादित है और इसे लेकर अक्सर टकराव होता रहता है। शाकिर पक्ष ने इस भूमि का सौदा मौहल्ला कस्साबान निवासी मतलूब कुरैशी से कर लिया था। एक माह पूर्व भी मतलूब कुरैशी ने एक मुस्लिम भाजपा नेत्री व अन्य लोगों के साथ मिलकर उक्त भूमि पर निर्माण कार्य कराने के लिए वहां निर्माण सामग्री डाल दी थी और भूमि पर रखे खोखों को जबरन हटाकर निर्माण कार्य कराने का प्रयास किया था, जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए पुलिस को सूचना दे दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रूकवा दिया था। पुलिस ने मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के कारण निर्माण कार्य न कराने के सख्त निर्देश दिए थे। आज सुबह फिर दर्जनों लोगों ने भाजपा नेताओं के साथ भूमि पर पहुंच कर कब्जा करने की कोशिश की। दबंग किस्म के यह लोग अपने साथ जेसीबी लेकर वहां पहुंचे थे। भूमि पर कब्जे का प्रयास करने की सूचना होते ही वहां भीड़ इकट्ठा हो गई और भीड़ ने विरोध शुरू कर दिया। मौके पर टकराव के हालात बन गए। दबंगों ने भीड़ को धमकाते हुए सत्ता का रौब गालिब करने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को वहां से हटाया। कब्जे का प्रयास करने वाले लोगों को भी पुलिस ने वहां से हटा दिया। मौके पर तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।

सूत्रों का कहना है कि इस कीमती भूमि को लेकर माफियाओं की नीयत में खोट आ गया है।

## एक नजर

### गोल्डन बैल्स का परीक्षाफल उत्तम



**स्योहारा।** गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का रिजल्ट 12 वीं में 95 प्रतिशत तो दसवीं में सौ प्रतिशत रहा। स्कूल में दसवीं में अफीफा 90.80 प्रतिशत प्रथम, मो.अरकम 88.20 प्रतिशत दूसरे व शिफा 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही, जबकि 12वीं में विश्व प्रताप 87.8 प्रतिशत, लक्ष्य राज 82.6 प्रतिशत दूसरे व खुशी रस्तौगी 78.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही।

### बिजनौर में राम अवतार गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने गंज निवासी राम अवतार कौशिक पुत्र राकेश प्रसाद कौशिक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

### नूरपुर में दस गिरफ्तार



**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने बीती रात हुए बबाल के मामले में मौहल्ला गोविंद नगर निवासी परोपकार सिंह पुत्र सतनाम सिंह, टिंकू सिंह गौड़ पुत्र गुरनाम सिंह गौड़, मलकीत सिंह पुत्र अमृत सिंह, बरियाम सिंह पुत्र रणवीर सिंह, अंकित पुत्र घनानंद शर्मा, मोनू पुत्र निर्देश सिंह, सत्यम जोशी पुत्र राजेन्द्र नाथ, सचिन जोशी पुत्र घनानंद शर्मा, मौहल्ला रामनगर निवासी मोनू सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह एवं मौहल्ला कबीर नगर निवासी ईश्वर सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक सुशील पंवार ने चरन दा ढाबा पर बीती रात हुए बबाल के मामले में 13 नामजद तथा 30 अज्ञात के विरूद्ध बेहद गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अंकित व सचिन जोशी का आपराधिक इतिहास है।

### लक्ष्य इंटरनेशनल का शानदार प्रदर्शन




**स्योहारा।** सीबीएसई के आए नतीजों में लक्ष्य सिंगापुर इंटरनेशनल स्कूल में दसवीं में हम्माद अली 91.1 प्रतिशत, शिवना 88 प्रतिशत, आलिया परवीन 85 प्रतिशत, गुलनाशी 81 प्रतिशत, सिदरा चौधरी 80 प्रतिशत जबकि 12 वीं में कशिश 91 प्रतिशत, वंश प्रजापति 88.2 प्रतिशत, भव्य मित्तल 86.1 प्रतिशत, अनमोल 85.2 प्रतिशत, हर्ष और अवनी 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने अपनी कक्षाओं में प्रथम रहे। वहीं इस मौके पर लक्ष्य कॉलेज के मैनेजर अनुराग चौहान ने सभी प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों के द्वारा जो मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई की गई है यह उसका नतीजा है। मेरी व कॉलेज के सभी लोगों की प्रार्थना है कि ईश्वर इसी तरह से आपको और तरक्की और कामयाबी दे। उन्होंने कहा कि कॉलेज में पढ़ने वाले सभी बच्चे अपने लिए बेहतर स्थान पाने के लिए आपको मेहनत करने की आवश्यकता है जिस तरह से इन बच्चों ने मेहनत की है।

### चोरी के सामान के साथ दबोचा



**नहटौर।** गांव हमीदपुर में मकान का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। रीना देवी पत्नी संदीप कुमार ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसके बंद घर का ताला तोड़कर सेफ अलमारी से सोने चांदी के जेवरात, इनवर्टर, बैटरा, एलसीडी, गैस सिलेंडर आदि सामान चोरी कर लिया गया। गांव के ही कामेन्द्र, विरेश, लक्की व पवन पर चोरी करने का आरो.ेप लगाया गया। पुलिस ने लक्की व पवन को गिरफ्तार करते हुए बैट्रा, इन्वर्टर, गैस सिलेंडर सामान बरामद करते हुए लक्की व पवन का चालान कर दिया।

### चार दिन फाटक रहेगा बंद

**नगीना।** उत्तर रेलवे धामपुर के सिविल सेक्शन इंजीनियर ने नगीना के उपजिलाधिकारी को महत्वपूर्ण सूचना दी है। हबीबवाला-पुरैनी रेलवे स्टेशन के बीच स्थित फाटक संख्या 465/बी पर स्लीपर खराब हो गए हैं। यह ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही में बाधा उत्पन्न कर रहा है। रेलवे विभाग बुधवार सुबह 6 बजे से शनिवार शाम 6 बजे तक खराब स्लीपरों को बदलने का काम करेगा।

इस दौरान फाटक पूरी तरह से बंद रहेगा। यात्रियों और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए रेलवे ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। फाटक से गुजरने वाले सभी वाहनों को गेट संख्या 464/बी से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। रेलवे ने उपजिलाधिकारी से यातायात व्यवस्था में सहयोग की मांग की है। इससे स्लीपर बदलने का काम बिना किसी बाधा के पूरा किया जा सकेगा।

## आल इंडिया प्यामे इंसानियत ने राहगीरों को बांटे पानी के पाउच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** समाजिक संस्था आल इंडिया प्यामे इंसानियत फोरम की ओर गर्मी से राहत दिलाने के लिए राहगीरों को पानी के पाउच वितरित किये गये।

संस्था के जिम्मेदार मौलाना अरशद हक्की ने बताया कि संस्था के सभी साथियों के एक राय ओर समाज में के अच्छे उद्देश्य या संदेश को लेकर लगातार संस्था कार्य कर रही हैं। इस मौके पर खुसूसी मेहमान शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी व जामा मस्जिद मौलाना इम्तियाज कासमी ने संस्था के जिम्मेदार साथी मौलाना अरशद हक्की की तारीफ करते हुए संस्था के सभी सदस्यों का आभार जताया। इस मौके पर मुफ्ती फुजैल अहमद, मौलाना रिजवान, मौलाना सद्दाम, हाफिज नफीस, हाफिज उरूज, कघरी सद्दाम, कघरी हयात, कारी कासिम अहमद, कारी अनस अंसारी, अध्यापक दानिश अहमद आदि मौजूद रहे।

## लेखपालों व कानूनगो का वेतन रोका

### चकबंदी कार्य में शिथिलता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम श्रीमती जसजीत कौर ने चकबंदी कार्य में शिथिलता पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दो लेखपालों तथा एक कानूनगो का वेतन रोकने का आदेश दिया है। साथ ही एक लेखपाल को चेतावनी जारी करने तथा एक चकबंदी अधिकारी तथा सहायक चकबंदी अधिकारी का भी स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश एसओसी चकबंदी को दिए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चकबंदी कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी चकबंदी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों के निर्वहन के प्रति किसी भी स्तर पर लापरवाही न करें और कार्य पूर्ण समयबद्धता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न करें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि माह मई के अंत तक चकबंदी प्रक्रिया अधीन सभी ग्राम धारा-सात से शत प्रतिशत रूप से बाहर आने चाहिए। उन्होंने एसओसी चकबंदी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सीओ, एसीओ एवं कानूनगो के कार्यों की प्रगति प्रतिदिन समीक्षा करें और जिस स्तर पर भी लापरवाही होना प्रकाश में आए। उनके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने चकबंदी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन स्तर से चकबंदी कार्यों की मॉनिटरिंग की जाती है। इसलिए उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और सभी कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी चकबंदी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पांच वर्ष या उससे अधिक वर्षा के वादों के निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए निश्चित दायरे के अंतर्गत वादों का निस्तारण में तेजी लाएं और ज्यादा से ज्यादा वादों एवं आपत्तियों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 1359 फसली से उसका मिलान करने के बाद ही कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने पड़ताल प्रक्रियाधीन तथा कब्जा तब्दीली करने वाले गांवों को माह मई के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक वान्या सिंह, एसओसी चकबंदी संजय कुमार शर्मा, सीओ, एसीओ, कानूनगो व लेखपाल सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## एचएम कॉन्वेंट में छात्राओं ने किया नाम रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर देहात।** सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं के परिणाम घोषित किए, जिसमें कस्बा सहसपुर के एचएम मॉडर्न कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की तलबिया फातमा पुत्री मुगीस अहमद ने 96 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, आशिया कुरैशी पुत्री मुर्तजा 93 प्रतिशत द्वितीय, अफीफा पुत्री तस्लीम अहमद ने 89 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे स्थान पर रही।

कक्षा बारहवीं के पेंटिंग विषय मैं रिहान मलिक पुत्र शाहबुद्दीन, अब्दुल्ला कुरैशी पुत्र मुर्तजा, फरहान हुसैन पुत्र फसाहत हुसैन ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान पर सिमरा मरयम पुत्री वाहिद हुसैन 85 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर तनिष्क वर्मा पुत्र अश्वनी वर्मा 79.4 एवं काशिफा पुत्री हसीनुद्दीन ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

एचएम मॉर्डन कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सहसपुर का परिणाम कक्षा बारहवीं का 99.50 और कक्षा दसवीं का 99.50 प्रतिशत रहा। विद्यालय 70 प्रतिशत छात्रों का परीक्षाफल 70 प्रतिशत रहा।

इस अवसर पर प्रबंधक बदरुल हसन ने कहा कि छात्र ही देश का उज्जवल भविष्य होते हैं व उनको अपनी पढ़ाई ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा और लक्ष्य को ध्यान में रखकर संस्कारों को अपनाकर करनी चाहिए ताकि वे अपने मुल्क की तरक्की में अपनी अहम भूमिका निभाए।

विद्यालय प्रबंधक आफताब आलम और प्रधानाचार्य डॉ.अरशद ने परीक्षा परिणाम पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नगीना में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के स्वागत की तैयारियां जोरों पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कांग्रेस पार्टी की नवनियुक्त बिजनौर जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह का आगामी रविवार को नगीना में स्वागत किया जाएगा।

आयोजन को लेकर नगर के कांग्रेसियों की आवश्यक बैठक मोहल्ला शाहजहीर स्थित शेख मोहम्मद अंजार के निवास स्थान पर बुलाई गई। बैठक में कांग्रेस की जिला अध्यक्ष हेनरिता राजीव सिंह के स्वागत के लिए कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए निवर्तमान जिला महासचिव शेख मोहम्मद अंजार ने बताया कि 18 मई को शाम 6:30 बजे जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह नगीना पहुंचकर अंबेडकर पार्क स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी। उसके उपरांत गांधी प्रतिमा पर पहुंचकर वहां भी माल्यार्पण कर अंबेडकर नगर से होकर मोहल्ला शाहजहीर स्थित शेख मोहम्मद अंजार के निवास पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं से स्वागत समारोह में पहुंचने की अपील की। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता काजी अरशद मसूद ऊर्फ शन्नू भाई, एडवोकेट अभिषेक मिश्रा, कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष अब्दुल वाहिद अंसारी, डॉक्टर मनोज शर्मा, अकील शम्सी उर्फ खां साहब, शेख मोहम्मद अंजार, मास्टर अली हसन उस्मानी, बाबू इश्तियाक अहमद, मोहम्मद अजमल उस्मानी, काजी शुजा, रईस अहमद, इरफान सिद्दीकी, कालू भाई, शमसुद्दीन कुरेशी, चौधरी वसीम अख्तर सहित पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता इश्तियाक अहमद उर्फ बाबू भाई तथा संचालन वरिष्ठ डॉ. मनोज शर्मा ने किया।

## अरूज अग्रवाल ने किया अफजलगढ़ का नाम रोशन

### हाईस्कूल में प्राप्त किए 98 प्रति. अंक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में अफजलगढ़ नगर ए बार फिर गौरवान्वित हुआ है। सीबीएसई द्वारा मंगलवार को घोषित किए गए दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में नगर के होनहार छात्र अरूज अग्रवाल ने अपनी मेहनत और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अरूज ने 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अरूज अग्रवाल, ब्राइट स्टार इंटरनेशनल एकेडमी जसपुर (उत्तराखंड) के छात्र हैं।

वह अफजलगढ़ नगर के मौहल्ला चिरंजीलाल निवासी संजीव अग्रवाल (नगर पालिका वाले) के सुपुत्र हैं। अरूज की इस शानदार उपलब्धि से न केवल उनके माता-पिता बल्कि समूचे नगरवा.सियों और विद्यालय परिवार को गर्व की अनुभूति हो रही है। अरूज की सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं है। बल्कि यह उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है जो कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बलबूते अपने सपनों को साकार करना चाहते हैं। परिवारजनों ने बताया कि अरूज शुरू से ही पढ़ाई में गंभीर और नियमित रहे हैं। उन्होंने डिजिटल माध्यमों और पुस्तकालयों का भी भरपूर उपयोग कर अध्ययन को और प्रभावी बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने भी अरूज की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि अरूज जैसे विद्यार्थियों की सफलता से स्कूल की गरिमा और शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर और ऊंचा होता है।

## लैम्प लाइटिंग व शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

### समारोह ने नर्सिंग के महत्व बताए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग में द्वितीय लैम्प लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. कोशलेन्द्र सिंह (मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अस्पताल) थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पुष्पा निगम उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर कालेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डा. सॉफिया खानम तथा कृष्णा इंस्टि्टयूट की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. कोशलेन्द्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्राचार्या डा. सॉफिया खानम ने अपने संबोधन में लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक बताते हुए कहा कि उनका जन्म 12 मई 1820 को इटली के लोरेंस शहर में हुआ था। आज भी उनके विचार और सेवाभाव नर्सिंग प्रोफेशन के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

डा. सीमा शर्मा ने कहा हमारा संकल्प तभी पूर्ण होगा जब हम मरीजों के परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौटा सकें। कार्यक्रम में डा. टी.पी. सिंह सहित समस्त नर्सिंग फैकल्टी, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

नर्सिंग का पेशा एक ऐसा पेशा है जो कि सीधे बीमार व्यक्ति की सेवा-सुश्रषा से जुड़ा है तथा इस व्यवसाय की न केवल भारत बल्कि सम्पूर्ण विश्व में अत्यधिक मांग है जिसमे जाकर छात्र/छात्राएं न केवल नौकरी कर सकते है बल्कि इसे पेशे के रूप में अपनाकर मानवता की मिसाल पेश कर सकते है, परन्तु इसके लिए अपना तन-मन बीमार की सेवा में अर्पित करना होगा।

इस समारोह में छात्राओं ने दीप जलाकर सेवा, करुणा और समर्पण की शपथ ली। समारोह ने नर्सिंग के महत्व और मानवीय सेवा के मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का कार्य किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. इस्माईल मेरा कहना नहीं मानता है। मेरे कहने पर नहीं चलता है। जिस काम को मैं कहता हूं उसे नहीं करता है। गुस्से में होकर लड़ाई-झगड़ा करता है। मैंने बेहद परेशान होकर अपने पुत्र की हरकतों से तंग आकर उससे उसके बाप का नाम खत्म कर दिया और उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा मौ. इस्माईल के किसी भी कृत्य से लेना देना व मारपीट आदि किसी भी कृत्य का मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **अब्दुल लतीफ पुत्र मौ. सद्दीक निवासी ग्राम शाहलीपुर आशा उर्फ जीतपुर पलड़ी, थाना नगीना, जिला बिजनौर**

# पिकअप वाहन से टकरा कर बाइक सवार दो युवक घायल

## गंभीर हालत में जिला अस्पताल किया रैफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** गांव इस्लामाबाद चौराहे पर एक बाइक महिंद्रा पिकअप वाहन से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

कस्बे के मुहल्ला नौमी निवासी हिमांशु पुत्र सुनील कुमार और बृजेश कुमार पुत्र विजय सिंह बाइक द्वारा किसी कार्य से नगीना गए हुए थे। देर रात 11 बजे के करीब दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर गांव इस्लामाबाद के चौराहे पर उनकी बाइक कस्बे के सीमावर्ती गांव कुंजेटा निवासी धीरज पुत्र त्रिमल सिंह के महिंद्रा पिकअप वाहन से टकरा गई। हादसे में हिमांशु और बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और स्वजन को सूचना देकर घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी नगीना भिजवाया। वहां पर गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सक ने दोनों को उच्च उपचार के लिए बिजनौर के अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है।

# हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के लिए नव कार्यकारिणी का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्रीमद हनुमत सेवा समिति कार्यसमिति की बैठक बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज (ध्यान केंद्र) पर आयोजित की गई।

बैठक में समिति की ओर से संरक्षक पंकज भटनागर द्वारा अप्रैल 2025 में संपन्न हुए तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा हनुमान जन्मोत्सव 2026 में किये जाने वाले कार्यक्रमों के लिए नव कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से मयंक अग्रवाल को अध्यक्ष, आयुष राज वर्मा को उपाध्यक्ष, तरुण शर्मा शास्त्री को पुन: कोषाध्यक्ष चुना गया। समिति की महिला अनुभाग का प्रभारी श्रीमती नमिता वर्मा को नियुक्त किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मी नारायण अग्रवाल (लक्ष्मी गारमेंट्स) तथा रामदास जी महाराज (गुरुजी),



पवन कौशिक महाराज, सुभाष चंद्र कौशिक, पंकज भटनागर, डा. अनुज कुमार वर्मा (निवर्तमान अध्यक्ष), यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, कपिल तुली, धर्मेंद्र पवार, मेघराज सिंह, महेंद्र सिंह, महावीर सिंह, श्रीमती नमीता वर्मा, श्रीमती मुन्नी देवी आदि उपस्थित रहे। बैठक समापन पर श्री हनुमान चालीसा पाठ व महामंत्र का जाप किया गया।

# अदालत से गैर हाजिर चार वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रायपुर सादात।** अदालत से गैर हाजिर वारंटियों पर पुलिस भारी पड़ रही है। मुकदमों की पैरवी करने में विफल मारपीट व फौजदारी के अलग-अलग मामलों में अदालत से जारी वारंट के आधार पर नगीना देहात पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि अपने मुकदमों की पैरवी करने में विफल या गैर हाजिर होने पर यदि अदालत से किसी का वारंट जारी होता है तो उसके साथ कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। थाना नगीना देहात में सन 2022 में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 2850/2022 धारा 452 तथा 325 के आरोप में पुलिस ने रोहतास तथा मलखान पुत्रगण टीकम सिंह निवासी ग्राम रानी कोटा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था लेकिन दोनों भाई अपने मुकदमे की पैरवी करने में विफल रहे। अदालत ने दोनों भाइयों का



एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया था। इसके अलावा थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम रानी कोटा निवासी विजय सिंह तथा राजेश सिंह पुत्रगण गोकल सिंह निवासी ग्राम रानी कोटा के विरुद्ध भी सन् 2022 में धारा 323, 324, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ था। पुलिस ने इन दोनों लोगों को भी गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया था। इनका भी मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। यह दोनों भाई भी अपने मुकदमे की पैरवी करने में विफल रहे और इन दोनों भाइयों का भी अदालत ने वारंट जारी किया था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार तथा कांस्टेबल निखिल कुमार, महिला कांस्टेबल दीक्षा की टीम गठित की थी और वारंटी को शीघ्र गिरफ्तार करने की हिदायत दी थी। पुलिस ने अदालत से फरार चल रहे चारों वारंटी को गिरफ्तार करके वारंट के आधार पर उनका चालान कर दिया।

# श्री श्री रविशंकर का जन्मदिवस सैनिकों के लिए ध्यान व प्रार्थना के साथ मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सत्संग भवन, बड़ी मंडी में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी का जन्मदिवस आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में सादगी, ध्यान और भक्ति के साथ मनाया गया। इस आयोजन का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग टीचर लवी अग्रवाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से ध्यान, मंत्रजप और भावपूर्ण सत्संग का आयोजन हुआ। जो देश के सैनिकों व उनके परिवारों की शांति और सम्मान को समर्पित था।

इस अवसर पर प्रतिभागी साधकों में मुक्ता मणि अग्रवाल, रितेश मेहरोत्रा, मुदित अग्रवाल, ध्रुव अग्रवाल तथा शालिनी सिंघल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मधुश्री गुप्ता एवं प्रीति विश्नोई का विशेष योगदान रहा। सभी साधकों ने गुरुदेव के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और सेवा, ध्यान एवं करुणा के पथ पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# सिख संगत ने पूर्व नेतृत्व पर जताया भरोसा

## गुरुद्वारा कमेटी दोबारा चुनी गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा चुनाव में सिख संगत ने एक बार फिर पूर्व नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट को पुन: अध्यक्ष चुना। वहीं सरदार गुरुचरन सिंह चावला को सर्वसम्मति से सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

चुनाव उपरांत अध्यक्ष अमरजीत सिंह एडवोकेट ने संगत का आभार जताते हुए कहा कि वह सबके सहयोग से गुरुद्वारे की मर्यादा, सेवा और कार्यप्रणाली को और सुदृढ़ बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी को साथ लेकर चलने की नीति के तहत कार्य किया जाएगा और किसी के मान-सम्मान में कमी नहीं आने दी जाएगी।

इस अवसर से पूर्व गुरुद्वारा



परिसर स्थित दीवान हॉल में सतपाल सिंह सिडाना के परिवार द्वारा उनके माता-पिता की स्मृति में आयोजित श्री अखंड पाठ का समापन हुआ। पाठ पूर्णता के उपरांत अरदास व गुरु का अटूट भोग हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में सरदार प्रीतम सिंह, सुरेंद्र सिंह, मोहन सिंह, गुरविंदर सिंह, शरणागत सिंह, जसप्रीत सिंह एडवोकेट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने मिलकर भाईचारे का संदेश दिया।

# आईटीआई में 276 सीटों के सापेक्ष भी होगा प्रवेश



**बिजनौर।** जनपद में संचालित राजकीय आईटीआई जनपद बिजनौर में टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से संचालित विभिन्न ट्रेड में 276 सीटों के सापेक्ष भी वर्ष 2025 में प्रवेश किए जाएंगे, जिसमें राजकीय आईटीआई बिजनौर में कैम प्रोग्रामर 40, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नीशियन 40, इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स टेक्नीशियन 20, राजकीय आईटीआई नजीबाबाद में मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल 24, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नीशियन 40, मैकेनिक मोटर व्हीकल 24, बेसिक डिजाइनर एंड वर्चुअल वेरीफायर 24, आर्टीशन यूजिंग एडवांस्ड टूल 20, प्लंबर 48 में भी अगस्त 2025 से प्रारंभ हो रहे सत्र हेतु प्रवेश आवेदन पत्र पर ऑनलाइन किए जा रहे हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने कक्षा 10 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है यथाशीघ्र अपना प्रवेश आवेदन पत्र www.scvtup.in पर ऑनलाइन करना सुनिश्चित करें। यह जानकारी राजकीय आईटीआई, बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा ने आईटीआई चलो अभियान के अंतर्गत प्रचार प्रसार करते हुए आरजीपी इंटर कॉलेज बिजनौर के प्रधानाचार्य बिशनलाल एवं चंद्रहास सहित समस्त स्टाफ को दी।

# एमएससी तृतीय सेमेस्टर (गणित) का परीक्षाफल घोषित







## भूमिका राजपूत व नेहा रही प्रथम स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर (गणित) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी, बिजनौर के छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर (गणित) की छात्र भूमिका राजपूत व नेहा ने संयुक्त रुप से 7.85 एसजीपीए प्राप्त कर प्रथम, अदिति सिंह ने 7.69 एसजीपीए प्राप्त कर द्वितीय तथा व मानसी रानी व तनु तोमर ने संयुक्त रुप से 7.23 एसजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और बताया कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभागाध्यक्षा डा. पूनम गुप्ता व सहायक प्रवक्ता प्रतिभा मेहरोत्रा व संचित कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एजुकोल का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

## दसवीं में अदीबा सलीम व सुरुश शम्सी ने किया कालेज टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में कक्षा दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षाफल गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्साह से परिपूर्ण रहा तथा परीक्षाफल देखकर सभी छात्राएँ खुशी से झूम उठीं। कक्षा दसवीं में अदीबा सलीम ने 96.2%, कृतिका राज ने 95%, भूमि सैनी ने 93%, जरफशा ने 89.6%, ख्याति चौहान ने 87.2%, रीत सिंह ने 85.6% कक्षा बारहवीं में सुरुश शम्सी ने 87.8%, दिव्यांशी चौहान ने 87.6%, आराध्या हिरणवाल ने 86.4, इकरा अंसारी 84.6%, अलीशा नूर ने 83.8, सुरुचि सिंह 83.4%, प्राप्त कर विद्यालय का नाम उज्जवल किया।



छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापको एवं माता -पिता को दिया, जिनके परिश्रम एवं आशीर्वाद से उन्होने यह सफलता प्राप्त की।

विद्यालय प्रबंधक डॉ. लोकेंद्र सिंह ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए मिठाई वितरित की तथा प्रधानाचार्या मिस प्रीति अग्रवाल ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी छात्राएं आगे भी ऐसे ही अपने विद्यालय, माता-पिता तथा गुरुजनों का नाम रोशन करें। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# ड्रग्स के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर निकाली जागरूकता रैली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में ड्रग्स के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के जागरूकता अभियान के क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर एवं जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन यादव के आदेश के अनुपालन में प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल की देखरेख में एनसीसी एनएसएस एवं स्काउट क्रेडिट्स द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि ड्रग के उपयोग से हृदय गति में वृद्धि, उत्साह, निर्भरता, लत और गुर्दे और यकृत रोग हो जाते हैं। क्योंकि ड्रग्स मस्तिष्क पर दुष्प्रभाव डालता है और सामान्य शारीरिक कार्यों को बाधित करते हैं और शरीर की संतुलन बनाए रखने की क्षमता में बाधा डालते हैं। इसलिए हमें सुरक्षित जीवन के लिए ड्रग्स के उपयोग से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार यादव एवं चंद्रहास सिंह, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, सीटीओ भूपेंद्र पाल सिंह, नरेंद्र कुमार, करनवीर सिंह, सुभाष बाबू राजपूत, अतुल कुमार रस्तोगी, विनोद कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# गुलदार का शावक मिलने से दहशत

**कोतवाली देहात।** ग्राम जीवनपुर में ग्रामीण अपने खेतों में काम कर रहे थे। तभी राजवीर सिंह के खेत में गुलदार का एक शावक मिला। गुलदार का शावक देखकर किसानों में भय व्याप्त हो गया। किसान शावक को अपने साथ गांव में ले आए तथा वन विभाग को सूचना दी। गुलदार को यशपाल सिंह के घर पर ले आए। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम गुलदार के शावक को फिर से खेत में ही छोड़ आई। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गुलदार के शावक की माता उसे अपने साथ ले जा सकती है। गुलदार के शावक की मॉनिटरिंग की जाएगी। गुलदार का शावक मिलने के बाद ग्रामीणों में भय है कि कहीं मादा गुलदार किसानों पर हमला कर दे।

# दहेज के लिए विवाहिता को दिया तीन तलाक, मुकदमा दर्ज

## देवर पर बलात्कार करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने दहेज के लिए परेशान करने तथा तीन तलाक दिए जाने के आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उसके देवर ने चाकू की नोक पर उसके साथ बलात्कार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला नौंधना निवासी रुकसाना पुत्री जमशेद का कहना है कि उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज से मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद कासिम निवासी नूरपुर के साथ हुई थी तथा उसके दो पुत्र है। पीड़िता का कहना है कि शादी के समय उसके पिता ने लगभग दस लाख रुपये खर्च कर अपनी हैसियत से भी अधिक काफी दान दहेज दिया था। लेकिन आरोप है कि उक्त दहेज से उसके ससुराल वाले सन्तुष्ट नहीं थे और दहेज में सेंट्रो कार सहित घर की महिलाओं के लिए सोने के जेवर व 2 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं किये जाने पर उसको प्रताड़ित किया जाता था। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसका देवर उस पर बुरी नजर रखता था। एक दिन घर पर अकेला पाकर चाकू की नोंक पर उसके साथ बलात्कार किया। पीड़ित महिला का कहना है कि जब उसने यह बात अपने पति व ससुराल वालों को बताई तो उन्होंने धमकी दी कि यदि उसने किसी से कुछ कहा तो वे उसके पति से तलाक दिलाकर जिंदगी बर्बाद कर देंगे। पीड़िता का कहना है कि उसके पति ने अपने घरवालों के कहने पर उसे फोन पर तीन तलाक दे दिया है।थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर महिला के पति मोहम्मद आरिफ सहित ससुर कासिम, देवर मोहम्मद आसिफ, सास शमीमा बानो, नंद गुफराना, अताउर्रहमान सहित अनस के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# अपर गन्ना आयुक्त ने किया निरीक्षण

## सहकारी गन्ना विकास समिति में विभागवार अभिलेखों को देखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** अपर गन्ना आयुक्त डॉ. बी.बी. सिंह ने चांदपुर पहुंचकर सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति के समस्त विभाग वार कार्यालय में पहुंचकर अभिलेखों को देखा और उनके रख रखाव के बारे में जानकारी ली।

डा. सिंह ने उपस्थित अधिकारी /कर्मचारियों से संवाद भी किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान समिति में नये भवनों, खाद गोदाम, खाद की बिक्री,



कृषि यंत्रों के रख रखाव और उनके संचालन के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। अपने निरीक्षण के दौरान सब कुछ ओके पाये जाने पर समिति सचिव जितेंद्र कुमार एवं सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक के द्वारा समिति में बनाई हुई बेहतर व्यवस्था पर हर्ष जताया। इस दौरान समिति मे जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह भी मौजूद रहे। जबकि समिति से संजीव कुमार त्यागी, शमीम अहमद, दिग्विजय सिंह सहित अनेक गन्ना पर्यवेक्षक एवं समिति स्टाफ भी उन्हें अपने कार्यालय में उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि इससे पहले उपायुक्त गन्ना एवं चीनी (मुरादाबाद परिक्षेत्र) सरदार हरपाल सिंह वार्षिक निरीक्षण कर चुके हैं।

# बेकसूर पर मुकदमा दर्ज भविष्य चौपट होने को तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक पर हुए हमले के बाद स्वयं युवक ने बिजनौर आलाधिकारियों को अपने ऊपर हुए हमले और लूट की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। उधर आलाधिकारियों के फोन आने के बाद जहां पुलिस ने पीड़ित से संपर्क साधा तो वहीं युवक के द्वारा मिली तहरीर को ही सही मानते हुए कुछ लोगों पर नामजद मुकदमा लिख दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम सैदाबाद निवासी मुसर्रत पर कुछ दिन पूर्व रात करीब 7 से 8 बजे के बीच गंज सैदाबाद नहर पर तीन से चार युवकों ने हमला कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने बिजनौर के आलाधिकारियों पर फोन करते हुए लूट की सूचना दी। वहीं बिजनौर से अधिकारियों की घंटी बजते ही हीमपुर दीपा पुलिस हरकत में आ गई और पीड़ित से संपर्क साधा।

उधर पीडित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन से चार नामजद युवकों के खिलाफ संगीन धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर दी। बताया जाता है कि इन नामों में शामिल कई लोगो को पुलिस ने उठाकर पूछताछ भी की परंतु कुछ हाथ नहीं लगा। उधर इस प्रकरण में पत्रकार गुलफाम अहमद का भी नाम लिखवा दिया गया जो घटना के समय अपने पत्रकार साथी की दुकान पर मौजूद था, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी उसके पास मौजूद है। इतना ही नहीं तहरीर मिलते ही जब पुलिस ने भी युवक को फोन किया तो वह उस समय भी एक शादी में शामिल होने मीरापुर जा रहा था। पुलिस द्वारा पूछताछ में भी उसकी लोकेशन ठीक मिली थी। बावजूद उसके पुलिस ने पत्रकार पर मुकदमा लिख दिया। विशेष बात यह भी है कि पीड़ित पत्रकार का आईटीबीपी और अन्य कई भर्तियों में नम्बर आया हुआ है यदि उक्त मामले में शीघ्र विवेचना नहीं हुई तो बेकसूर गुलफाम का भविष्य चौपट हो जाएगा, जिसके बाद पुलिस चाहकर भी कुछ नहीं कर पायेगी।

उधर जब पीड़ित मुसर्रत से बात की गई तो वह स्वयं कन्फ्यूज दिखाई दिया। उसने स्वयं किसी बेकसूर को जेल न भेजने का हवाला देते हुए स्थानीय पुलिस से पहले ही यह बात कह देने की बात कही। बता दें कि बीते दिनों थाना क्षेत्र में हुए खनन को लेकर मसर्रत ने जहां तहां प्रशासनिक अधिकारियों सहित पत्रकारों पर फोन घूमा दिया था, जिसके बाद विपक्षी का खनन न केवल रुक गया था बल्कि खूब झगड़ा भी हुआ था । उक्त मामले में मुसर्रत द्वारा ही फोन कर पत्रकारों को बुलाया गया था और इसके बाद स्वयं ने ही पत्रकार को नामजद कर मुकदमे में शामिल कर दिया।

आंगनबाड़ी का मानदेय एरियर बनाने के लिए की थी सात हज़ार की मांग, एंटी करप्शन की टीम ने दबोचा

# रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ी गई मुख्य सेविका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल/बहजोई।** आंगनबाड़ी के मानदेय का एरियर बनाने के नाम पर सात हज़ार की रिश्वत की मांग कर रही मुख्य सेविका को एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथों रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। शिकायत पर पहुंची एंटी करप्शन की टीम की और से मुख्य सेविका के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया गया।

बहजोई विकास खंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय में मुख्य सेविका मालती यादव कार्यवाहक सीडीपीओ के पद पर कार्य कर रही थीं। मुख्य सेविका आंगनबाड़ी कार्यकत्री राजकुमारी का मानदेय एरियर बनाया जाना था। जिसके लिए मुख्य सेविका मालती यादव आंबनगाड़ी कार्यकत्री से सात हज़ार की रिश्वत की मांग कर रहीं थी। केसवपुर रसेटा की आंगनबाड़ी कार्यकतत्री मुख्य सेविका मालती यादव के रिश्वत की मांग से तंग आ चुकी थी। बार-बार मानदेय एयिर बनाने के लिए वह बाल विकास परियोजना कार्यालय के चकर काट रहीं थी।, लेकिन मुख्य सेविका बिना रिश्वत लिए उसका काम नहीं करन रहीं थी बल्कि सात हजार की रियवत के लिए लगातार दबाव बना रही थीं। मुख्य सेविका की रिश्वत से तंग आ चुकी आंगनबाड़ी राजकुमारी ने

### ❍मुख्य सेविका के पकड़े जाने से मचा हड़कम्प

मुरादाबाद की एंटी करप्शन विभाग में सर्म्पक किया और मुख्य सेविका की शिकायत की। आंगनबाड़ी की शिकायत पर पहुंची मुरादाबाद की एंटी करप्शन की टीम ने मुख्य सेविका मालती यादव को रंगे हाथ यात हजार की रियवत लेते गिरफ्तार कर लिया। मुख्य सेविका के गिरफ्तार होते ही बाल विकास परियोजना कार्यालय में हड़कम्प मच गया। टीम रिश्वत खोरी की आरोपी मुख्य सेविका को लेकर बहजोई थाना पहुंच गयी। एंटी करप्शन टीम की और से उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। रिश्वत लेते पकड़ी गई मुख्य सेविका मालती यादव को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया।

# नाला निर्माण की मांग से सभासद ने मुंह मोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नाले का निर्माण न होने से मौहल्लों मे फैल रही गन्दगी से लोग में रोष गहरता जा रहा है। सभासद से शिकायत को अनसुना कर दिया गया। इससे नाराज लोगों का रोष और गहरा गया है। जबकि बरसात में नाला और उसके आसपास घर एक हो जाते हैं।

### ❍बरसात में घरों में घुस जाते हैं जहरीले कीड़े,लोग परेशान

उपनगरी सरायतरीन के मौहल्ला शाहजीपुरा के तलईया में नाला आबदी के बीच से होकर गुजर रहा है। जबकि पीछे को जंगल व तालाब हैं जिसमें नाले का पानी जाता है। नाले का निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों तक यहां के लोगों के लिए काफी बड़ा सरदर्द बन जाता है। क्योंकि नाला निर्माण न होने से गंगदी फैल रही है। मौहल्ले के लोगों का कहना है कि सभासद इफ्तेखार से बरसात से पूर्व नाले की सफाई और इसका निर्माण कराने की मांग की मगर सभासद ने उनकी समस्या को अनसुना कर दिया। मौहल्ले वासियों ने कहा कि यहां नाला नहीं बना है घरो कें बीच से गुजरकर पानी तालाब की ओर से जारहा है। सफाई न होने गंदे व जहरीले कीड़े घरो मे घुस जाते हैं। बरसात के समय से सबसे ज्यादा दिक्कत होती है क्योंकि नाल और सड़क व घर एक हो जाते हैं। इतना ही नहीं सड़क पर पानी आ रहा है। इसके बावजूद सभासद समस्या को अंदेखा कर रहे हैं। लोगों ने नगर पालिका परिषद के चैयरमेन से बरसात से पूर्व नाले का निर्माण कर मौहल्ले वासियों को होने वाली समस्या से निजात दिलाने की मांग की।



सम्भल- सात हज़ार की रिश्वत लेते पकड़ी गई मुख्य सेविका को लेक जाती एंटी करप्शन की टीम।

पूर्व में भी की जा चुकी हैं शिकायतें, आंगनबाड़ी के साहस से शिकंजे में फंसी मालती

# मुख्य सेविका के रसूख के आगे नहीं होती थी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही प्रदेश सरकार की साख को रिश्वतखोर बटटा लगाने में चूंक नहीं कर रहे हैं। रिश्वत के खिलाफ सरकार की सख्ती ओर रिश्वत खोरों को सबक सिखाने के लिए हर समय तैयार रहने वालों के साहस के चलते कई रिश्वतखोर जेल की सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं जबकि इससे पूर्व रिश्वत खोरों के खिलाफ शिकायत को गम्भीरता से नहीं लिए जाने पर भृष्टचारों के हौंसले बुलंद हो जाते हैं। सात हज़ार की रिश्वत लेते रंगे हाथो पकड़ी गई मुख्य सेविका मालती यादव पर ऐंसा नहीं है कि पहली बार कोई आरोप लगे हो बल्कि इससे पहले भी कई आंगनबाड़ीयों ने रिश्वत मांगने की शिकायत की जा चुकी है, लेकिन उसके रसूख के आगे आज तक उस पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। नाम न छापने की शर्त पर दबी ज़बान से आगंनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बताया कि बाल विकास परियोजना अधिकारी मालती यादव आंगनबाड़ियों से राशन उठाने,

### ❍जीरो टॉलरेंस की नीति को लगा रही थीं बट्टा

मानदेय बनाने एवं शिकायत निस्तारण के लिए रुपए की आए दिन आंगनबाड़ियों से रुपयों की मांग करती रहती थी, इतना ही नहीं थोड़ा भी काम हो बिन भेंट पूजा के कलम चल ही नहीं सकता था, लेकिन अबकि बार साहसी आंगनबाड़ी की शिकायत पर उसका रसूख काम नहीं कर सका और वह कानून के शिकंजे में फंस गयी।

# छात्रों को सम्मान पाने के साथ डर समाप्त करती है प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सरस्वती कन्या उच्चतर मायमिक विद्यालय बबराला में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्मोत्सव के अवसर पर विद्यालय में भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अहिल्याबाई के त्याग, समर्पण, आदर्श, नैतिक मूल्यों, सुसंगठित शासन व्यवस्था, महिलाओं के अधिकार , सम्मान, दानशीलता, प्रजाहितैषी नीतियां, व्यापार और कुटनीतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि क्यों उन्हें पुण्यश्लोक और लोकमाता की संज्ञा दी जाती है। भाषण प्रतियोगिता में निशा यादव, रोहिणी, तुलसी, काव्या, पलक, आनमिका और प्रतिक्षा आदि छात्राओं ने भाग लिया। प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए छात्राओं को जीवन में सम्मान प्राप्त करने और डर को समाप्त करना है तो उसका सर्वश्रेष्ठ माध्यम शिक्षा है। इसके लिए सभी परिस्थितियों का सामना करने को कहा। निबंध और भाषण प्रतियोगिता का परिणाम कल दिनांक 15 मई (आज) को घोषित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका नेहा यादव ने किया। इस दौरान अंजलि पाठक ,गरिमा कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

### ❍भाषण व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

## मेधावियों का प्रबंधक ने किया उत्साहवर्धन

**सम्भल।** कायनात इण्टर नैशनल स्कूल के सीबीएसई परीक्षा 2025 परिणाम कक्षा 12 के आने से बहुत ही उत्साहित हैं। छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन परीक्षा परिणाम से विधालय का नाम रौशन किया है। जिसमे शारेबा शमीम ने 12 मे 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तो वहीं मौहम्मद असद मलिक ने 90 प्रतिशत जबकि मौहम्मद वसीम ने 88.6 प्रतिशत, खिजरा परवीन ने 87.8 प्रतिशत, अरीब खान ने 85.6, मौहम्मद असद ने 85.4, मौहम्मद सूफियान ने 83.2 फात्मा जहरा 81.4 शहजाद ने 80 प्रतिशत, आयशा सिद्दीका ने 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल के प्रबंधक ख्वाजा मौहम्मद फहीम व प्रिन्सिपल मौ. इमरान ने सभी बच्चो का उत्साहवर्धन किया।

## भा का अर्थ प्रकाश रत का अर्थ है लीन रहना

**सम्भल।** बालिका अभ्यास वर्ग के पंचम दिवस में सर्वश्रेष्ठ भारतीय संस्कृति विषय पर डा. उपासना ने बालिकाओं को बताया कि संस्कृति और सभ्यता में क्या अंतर है? भारत शब्द का क्या अर्थ है ?अगर हम संधि विच्छेद करें तो भा का अर्थ है प्रकाश रत का अर्थ है लीन रहना। हिंदू संस्कृति का प्रथम नाम आर्य संस्कृति है, यह एक वट वृक्ष के समान सभी दिशाओं में फैली है।

# मर्ज़ कोई भी हो पहले चढ़ा दी जाती है बोतल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मर्ज़ कोई हो चिकित्सक की दुकान पर पहुंचते ही सबसे पहले बोतल चढ़ा दी जाती है। इसकी आढ़ में मोटा पैसा वसूलने का खेल-खेला जा रहा है।

प्रधानमंत्री की ओर से चिकित्सकों को सस्ती और जेनरिक दवाएं ही लिखने की हिदायत बराबर दी जा रही है,लेकिन क्वालिफाईड हों या फिर झोलाछाप इन पर पीएम का कोई असर नही हो रहा है। अस्पतालो में रोग कोई भी हो सबसे पहले बोतल चढ़ाने का खेल सबसे अधिक चल रहा है। वजह कोई और नही बोतल और उसमें एक इंजेक्शन लगाकर पांच सौ रूपये वसूलने का काम आसानी से बन जाता है। ऐंसा एक क्वालिफाईड हों या फिर झोला छाप चिकित्सक जमकर खेल- खेल रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री की ओर से बराबर जेनरिक दवाएं ही लिखने तथा मेंहगी दवाएं रोगी को नही लिखने की हिदायत बार-बार प्रधानमंत्री की ओर से दी जा रही है,लेकिन बोतल और दवाएं लिखने का खेल कमीशन के फेर में जमकर फल-फूल रहा है, जबकि नोडल अधिकारी कुछ पर छापे मारकर आला अधिकारियों की ऑखों का तारा बन जाते हें,मगर सच्चाई कुछ ओर है। जनपद भर मे यदि गोपनीय ओर गहराइ से जॉच की जाये तो झोलाछापों की दर्ज़नों नहीं,बल्कि सैकड़ों क्लीनिक संचालित होते मिल जायेंगी।



सम्भल- मौहल्ला चमन सराय में दिवंगत कांग्रेसी नेता के पुत्र को प्रदेशाध्यक्ष का शोक संदेश सौंपते कांग्रेसी।



सम्भल- भदमद भागवत कथा के शुभारम्भ से पूर्व कलश यात्रा निकालते।

# शबरी के हैं राम का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के रामा कान्वेंट स्कूल में भारतेंदु नाटक अकादमी संस्कृति विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश के द्वारा रंग पाठशाला लोक नाटय में पांचवे दिन रामलीला में समरसता से सम्बंधित कार्यशाला का प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण को डा. ममता राजपूत के द्वारा दिया गया। जिसबे शबरी के भगवान राम के प्रति भाव को कलाकारों को स्क्रिप्ट देकर कराया। भगवान राम और शबरी के संवाद पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में कैसे शबरी वर्षो से अपने प्रभु राम की सेवा के लिए इंतेज़ार कर रही थी। भगवान राम को शबरी ने प्रेम से मीठे बेर चखकर खिलाये। प्रशिक्षण में राम और शबरी की गाथा को अवगत कराया।

### ❍शबरी के भगवान राम के प्रति भाव को कलाकारों को स्क्रिप्ट देकर कराया

# समाचार पर जागा हाईकमान, भेजा शोक संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कांग्रेस नेता के निधन के बाद संर्घषशील कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को लेकर प्रकाशित हुए समाचार पत्रों पर कांग्रेस हाइकम जाग गया है। तीन दिन पूर्व दिवंगत हुए पार्टी के कर्मठ व संघर्षशील कार्यकर्ता के निधन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने शोक संदेश भेजा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में दिवंगत नेता के परिजनों को सौंपा।

दर असल राजनीति दल कोई भी हो निचले स्तर पर काम करने वाला छोटे से छोटा कार्यकर्ता ही उसकी रीढ़ होता है। कांग्रेस में ऐंसा नेता रहे जिन्होने पार्टी को सींचने के लिए अपना जीवन ही नहीं बल्कि सबकुछ दांव पर लगा दिया,लेकिन हाई कमान की अंदेखी और चापलूसों से घिरे रहने वाले हाइकमान में बैठे पदाधिकारी उनका नाम तक नहीं जानते। हमेशा पार्टी के लिए हर तरह से समर्पित रहकर अपना सर्ववस्व न्यौछावर कर देने वाले संर्घषशील कार्यकर्ता दुनिया से दिवंगत होकर चले गए मगर उनके परिजनों को दो शब्दों का शोक संदेश भी हाइ कमान से नहीं आता था। जिसके चलते उनके परिजन पार्टी से किनारा करते रहे। तीन दिन पूर्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और आरटीआई कार्यकर्ता चमन सराय निवासी शमशाद कुरैशी का बीमारी के चलते निधन हो जाने पर पार्टी हाइ कमान की अंदेखी को प्रमुखता से प्रकाशित किया था और कांग्रेस हाइकमान को आइना दिखाया था कि आखिर इतने पुराने कार्यकर्ता के निधन पर इतनी बेखबरी क्यों है। समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार पर हाइकमान जागृत हुआ और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस कार्यकर्ता शमशाद कुरैशी के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए पार्टी की बहुत बड़ी क्षति बताया। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हाजी मौहम्मद आरिफ तुर्की, शहर अध्यक्ष शिवकिशोर गौतम, पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद तुर्की, अकील मिस्त्री, मोअज्जम परिवार के लोगों को सांत्वना देते हुए शोक संदेश उनके बड़े पुत्र इरशाद कुरैशी को सौंपा।

# कलश में सभी देवता होते हैं विराजमान

**शाह टाइम्स सवाददाता**

**सिरसी।** श्रीमद भागवत कथा के आयोजन से पूर्व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। पीताम्बर वस्त्र धाारण कर महिलाओं ने कलश यात्र में भाग लिया। भक्तों ने संकीर्तन किया और वाद्य यंत्रों की धुन पर नृत्य किया। बुधवार को श्रीमद भागवत कथा से शुभारम्भ से पूर्व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। पीताम्बर वस्त्रधारी महिलाएं यात्रा में कलश लेकर चल रही थीं। कलश यात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जबकि कलश यात्रा पंजाबी धाम पहुंचकर समापन किया। छप्पन भोग के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्री मद्भागवत का ग्रंथ स्वरूप विराजमान किया गया। कथा वाचक स्वामी मधसूदनाचार्य महाराज कांगड़ा, ने कलश यात्रा का महत्व समझाया। उनके अनुसार हिन्दू धर्म में कलश का विशेष महत्व है। श्रीमद भागवत कथा से पहले कलश यात्रा का आयोजन किया जाता है। कलश में सभी देवता विराजमान होते हैं। महिलाओं द्वारा कलश को सिर पर रखकर भ्रमण करने से धारा सिद्व होती है। कलश धारण करने वाले की आत्मा पवित्र हो जाती है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

### ❍श्रीमदभावत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

# गरीब कन्याओं की शादी को अनुदान राशि उपलब्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पिछड़ा वर्ग समुदाय की गरीब कन्याओं की शादी के लिए मिलने वाली अनुदान के लाभ को पर्याप्त धनराशि शासन की और से उपलब्ध करा दी गई है। योजना के लिए पात्र और पात्रता की शर्तों को पूरा करने वाले लाभार्थी आवेदन कर सकते है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष2025-26 में पिछड़ा वर्ग समुदाय के गरीब पुत्रियों को शादी अनुदान लाभ को पर्याप्त धनराशि शासन की और से उपलब्ध करा दी है। ऐंसे गरीब परिवार जिनकी आय 1 लाख रूपये प्रतिवर्ष से अधिक न हो इस योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन पोर्टल अथवा किसी भी जन सेवा केन्द्र पर जाकर किया जा सकता है। उन्होने बताया कि आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र (पुत्री की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष),शादी का कार्ड, आधार कार्ड एवं आधार से लिंक बेंक पासबुक अपलोड कर उसकी हार्ड कॉपी सभी संलग्कों समेत

### ❍योजना का लाभ पाने के लिए पात्र कर सकते हैं आवेदन

एक प्रति ग्रामीण क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी कार्यालय व शहरी क्षेत्र में उपजिलाधिकारी के कार्यालय में आवेदक की और से तीन दिन में अपना आवेदन जमा किया जाना अनिवार्य होगा। जिससे कि नियमानुसार आवयक कार्यवाही की जा सके। इसके अलावा ऑन लाइन आवेदन के बाद तहसील/विकास खण्ड कार्यालय द्वारा आवेदन पत्रों का परीक्षण किया जाता है तथा सत्यापन में सही पाये जाने वाले आवेदन पत्रों को जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सम्भल को उपलब्ध कराया जाये। जनपद स्तर पर गठित समिति स्वीकृति के बाद पात्र लाभार्थियों के आधा लिंक बेंक खातों में बीस हज़ार की धनराशि भेजी जायेगी। उन्होने बताया कि योजना प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्वांत पर ऑन लाइन पर आधारित है।

# बुद्ध-पथ-प्रदीप कार्यशाला का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के पीएमश्री विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बौद्व शोध संस्थान संस्कृति विभाग लखनऊ के तत्वाधान में पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय में एक ग्रीष्म कालीन बुद्व-पथ-प्रदीप कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। जिसमें भगवान बुद्व की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर पाठशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में सत्यवीर आनंद बौद्व द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने पंचशील की पटटीका पहनाकर सभी कार्यशाला में शामिल लोगों का स्वागत किया। उसके बाद संस्कार भारती की सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय की प्रत्येक शिक्षिकाओं का पंचशील की पटटीका गले में डालकर स्वागत किया। विद्यालय के सभी अध्यापक ने संस्कार भारती के लोगों का स्वागत कर आभार प्रकट किया। इस दौरान डा. ममता राजपूत, पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय बबराला की सहायक अध्यापिका चंचल, संस्कार भारती की सदस्य पूजा गुप्ता, शैली वर्मा एवं लोक कला की संयोजक क्रांति कार्यक्रम में मौजूद रही।

### ❍संस्कार भारती के सभी पदाधिकारियों ने किया स्वागत

# दिन हो या रात, बिजली की ट्रिपिंग जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है वैसे ही बिजली ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। अघोषित कटौती से दिन का चैन व रात की नींद हराम कर दी है।

सूर्य का तापमान बढ़ने के साथ-साथ बिजली की आंख मिचौनी हद से अधिक बढ़ती जा रही है। पूर्व शेडयूल को बदलकर रोज़ाना नया शेड्यूल बनाया जाता है और बिना किसी पूर्व सूचना के ही अघोषित कटौती की जा रही है। नये शैड्यूल के मुताबिक भी उपभोक्ताओं को विद्युतापूर्ति नही मिल रही।बढ़ती गर्मी और बिजली की मार से जनमानस की हालत पतली ाहो रही है। दिन हो या रात बिजली कब आ जाये और चली जाये कुछ पता नही रहता। देर रात तो आलम यह हो चला है कि बिजली में सोये और पसीने में तरबतर ऊपर से मच्छरों की फौज के हमले हो जाते हैं। जबकि भोर में बिजली का जाना तो लगभग निश्चित कर दिया गया है। सुबह सवेरे टहलने के लिए जाते लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन जाता है।

# मिशन इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने बढ़ाया का मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी के बच्चों ने पहले 12 वीं के बेच ने झंडे गाढ़े। जबकि 10वीं के विद्यार्थीयो ने स्कूल मा मान बढ़ाया। सीबीएसई के घोषित हुए परिणामों में परीक्षा नियंत्रक स्कूल फैजान अली ने बताया कि स्कूल के इतिहास में एक ओर मील का पत्थर स्थापित हुआ। पहली बार कक्षा 12 का बैच सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बैठे। उनके साथ-साथ, हमारे कक्षा 10 के छात्रों ने भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से हमें अविश्वसनीय रूप से गौरवान्वित किया। अश्मीरा कक्षा 10 ने 90 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉप किया और शवाज आलम ने कक्षा 12 में 89.4 प्रतिशत के साथ दूसरे टॉपर रहे। सभी उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प ने वास्तव में हम सभी को प्रेरित किया। मीडिया प्रभारी जुनैद इब्राहीम व यमशुना ने बताया कि मिशन इंटरनेशनल एकेडमी, में हाल ही में संपन्न हुए दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों ड्राइंग कंपीटिशन और इंग्लिश एलोकेशन के उत्कृष्ट नतीजों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चौधरी सराय चौकी के प्रभारी, अमित चौधरी ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रबंधक मुशीर तारीन ने विद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली इन गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। उन्होने कहा कि ड्राइंग जैसी गतिविधियाँ छात्रों की रचनात्मकता और कल्पना शक्ति को बढ़ावा देती हैं, जबकि इंग्लिश एलोकेशन उन्हें अपनी विचारों को स्पष्ट और प्रभावी ढंग से व्यक्त करने का कौशल सिखाता है।



बबराला- डीएवी पब्लिक सकूल के होनहार नारायण वार्ष्णेय के परिजन हर्ष व्यक्त करते।

# सीए बनना चाहता है नारायण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** यारा फर्टिलाइजर डीएवी पब्लिक स्कूल बबराला सीबीएसई बोर्ड 12 वी कक्षा के टॉपर बबराला निवासी नारायण वार्ष्णेय ने कहा कि भविष्य में सीए बनना चाहते है। उनके बहन भी सीए हैं। उसने इसका श्रेय माता-पिता के अलावा गुरुजनों को दिया है। नारायण वार्ष्णेय ने बताया कि उसने चार्ट बना कर 5-6 घंटे रोजाना पढ़ाई की है। जिसके परिणाम स्वरुप उसको 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। स्कूल टीचर और प्रिंसीपल बच्चों कोऑपरेट करते हैं। नारायण वार्ष्णेय के पिता कृष्ण कुमार वार्ष्णेय किराना व्यवसायी हैं। जबकि माता सरिता वार्ष्णेय गृहणी हैं। पिता कृष्ण कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि शुरू से ही पढ़ाई के प्रति लगनशील रहा है। यह सफलता उसी का परिणाम है।

### ❍छात्र की सफलता पर परिवार में हर्ष

शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

## सम्बंध-विच्छेद

मेरा सगा पुत्र गौरव गलत संगत में पड़ गया है और गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ रहकर गलत कृत्य करता है और गाली-गलौंच कर मेरे व मेरे परिवार के साथ आमादा फसाद रहता है। मैने अपने पुत्र गौरव को बहुत समझाया मगर वह अपनी हरकतों से बाज़ नहीं आया। इसलिए मैने गौरव से अपने सारे सम्बंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने घर से निकाल दिया। अब मेरी या मेरे परिवार के किसी सदस्य का गौरव के किसी कृत्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी बल्कि उसके द्वारा किए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिममेदार होगा।

**राजवीर सिंह पुत्र लोटन**
नि. ग्राम बैनीपुर चक थाना-हयात नगर तह. व सम्भल

# परिवार को बंधक बनाकर चार लाख की डकैती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर लाल में एक मजदूर के परिवार को बंधक बनाकर चार लाख की डकैती की घटना से दहशत फैल गई। सनसनीखेज घटना पर ग्रामीणों ने पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग की है। गांव निवासी इकरार परिवार के साथ घर में सो रहा था।

तभी बुधवार की रात्रि करीब 130 बजे दरवाजे की किवाड तोड़कर पांच नकाब पोश बदमाश हथियार लेकर घर में घुस गए। घर में रखे सेफ अलमारी में कीमती सामान की लूटमार करने लगे। आंख खुलने पर इकरार ने विरोध किया, जिस पर मारने पीटने लगे, एक बदमाश ने तमंचे की नाल इकरार के सिर में मार दी । जिससे घायल हो गया। घर की महिलाओं ने शोर मचाने पर बराबर में सो रहा भाई रिजवान ,बहन साहिबा ,पत्नी रशीदा ,की आंख खुलने पर नकाबपोश बदमाशों ने कहर बरपाते हुए ,सभी को एक कमरे में हाथ पैर बांधकर बंद कर दिया । भैंस बेचकर सेफ अलमारी में रखी 50000 की नकदी एक सोने का हार, सोने का पेंडल, एक जोड़ी कानों की झुमकी, एक सोने की अंगूठी,एक जोड़ी सुई धागे, 7 जोड़ी चांदी की पाजेब 4 जोड़ी टॉक्स, आदि की डकैती कर नकदी समेत 4 लाख का कीमती सामान लेकर तमंचे लहराते हुए ले गए, इकरार ने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। घटना से सुबह को भीड़ एकत्र हो गई । अफरा तफरीका माहौल बन गया, पीड़ित ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की, पुलिस ने घटना का अल्पिकरण कर मुकदमा चोरी में पंजीकृत कर लिया। जिससे पीड़ित और ग्रामीण संतुष्ट नहीं है। थाना प्रभारी डिलारी मनोज कुमार ने बताया कि आरा. ेपीयों को शीघ्र गिरफ्तार कर डकैती किया सामान वरामद कर लिया जाएगा। जिसके लिए पुलिस बदमाशों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दे रही है।



# चोरी के आरोप में महिला को जमकर पीटा, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** गांव मुस्तफापुर में चोरी का आरोप लगाकर एक महिला को बेरहमी से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना से गांव में खलबली मच गई। गांव निवासी यमीन और मुबारक ने अपने पड़ोस में रहने वाली महिला शबाना पर चोरी का आरोप लगाते हुए । लाठी डंडों से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, चीख पुकार की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर महिला को बचाया, पीड़िता ने थाना डिलारी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने महिला को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल डिलारी में भर्ती कर दिया, हालत बिगड़ी देख तैनात डॉक्टरों ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया।

थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

## आवारा कुत्तों के झुंड ने आकर अचानक बच्चों पर किया हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर के मौहल्ला ढांप में अचानक आवारा कुत्तों का झुंड आया और खेलते हुए बच्चों पर हमला कर दिया जिससे तीन बच्चो को काट लिया और बच्चे बुरी तरह जख्मी हो गये और उसके बाद एक भैंस पर टूट पड़े और भैंस को भी काट लिया हसन उम्र 5सालहै व आरिश पुत्र राशिद उम्र 6 साल मेघराज सिंह की भैंस व डालचन्द्र सेनी का पोता को आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया शोर सुन कर ग्रामीणों ने लाठी डंडों से किसी तरह बच्चों को बचाया अगवानपुर की जनता को आवारा कुत्तों के आतंक का सामना करना पड़ रहा है।

अगर ग्रामीणों ने बच्चों को ना बचाया होता तो बड़ा हादसा हो सकता था जो कि ग्रामीणों की मदद से टल गया।

## एक नजर

### टेंट की दुकान में आग लगने से हजारों का सामान जला

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव अमरपुर काशी में स्थित टेंट की दुकान में आग लग गई। आग लगने से हजारों का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। तब तक हजारों का सामान जल चुका था।क्षेत्र के गांव अमरपुरकाशी में जसवंत पुत्र विशनलाल मौर्य की टेंट की दुकान है। दोपहर के वक्त दुकान में आग लग गई। आग के कारणों का पता नहीं चल सका। कुछ ही मिनट में दुकान से आग बाहर निकलने लगी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग को काबू पाने का प्रयास किया। इससे पहले ग्रामीणों ने भी आग पर पानी डालकर काबू पाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग पर काबू कर सकी। तब तक दुकान में रखा टेंट का सामान जलकर खाक हो गया, दुकान स्वामी ने हजारों का नुकसान बताया।

### अवैध रूप से संचालित डिलीवरी केंद्र को किया सील

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव सतारन में अवैध रूप से चल रहे डिलीवरी केंद्र को स्वास्थ्य विभाग की टीम में सील कर दिया, मौके पर ना तो डॉक्टर का पंजीकरण मिला, ना ही कोई डिग्री मिल पाई। लिहाजा सील लगाकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बिलारी के गांव सतारन में कनोबी निवासी



रेखा पत्नी राजू काफी समय से एक डिलीवरी केंद्र बनाकर गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी आदि कर रही थी। इस मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई थी। जिसके बाद बिलारी साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हरीशचन्द्रा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। मौके पर पहुंचने के बाद अस्पताल का पंजीकरण और चिकित्सकीय डिग्री मांगी गई। लेकिन कुछ उपलब्ध नहीं हो सका। मौके से सभी स्टाफ भी फरार हो गया, कार्रवाई करते हुए सील लगाई गई, चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि अवैध रुप से संचालित केंद्रो पर कार्यवाही की जा रही है।

### सीबीएसई हाई स्कूल बोर्ड से दक्षी यादव ने प्राप्त किए 94 प्रतिशत मार्क्स

**मुरादाबाद।** सेंट मैरीश्स स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा दक्षी यादव ने 94% अंक प्राप्त करके विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन



किया। मंगलवार को जैसे ही सीबीएसई बोर्ड का परिणाम घोषित हुआ तो सभी बच्चों का मन खुश हो गया, इसी के चलते दक्षी यादव पुत्री निशा यादव और दीपक कुमार यादव ने हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन कर दिया, दक्षी यादव ने बताया कि वह उच्च शिक्षा के लिए अपना अध्ययन जारी रखेगी और इस सफलता का श्रेय गुरुजनों सहित माता-पिता को दिया, सभी शुभचिंतकों ने छात्रा को मिठाई खिलाकर उसका उत्साहवर्धन किया।

### विधायक ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना

**कांठ।** विधायक ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण कराने के लिए अधिकारियों से बात की पार्टी कार्यालय



कांठ मे विधायक कमाल अख्तर जनता से रूबरू हुए और उनकी समस्या को सुना, उन्होंने अधिकारियों को फोन करके समस्याओं का समय से निस्तारण करने का आह्वान किया। इस मौके पर फुरकान अली, अरशद फुरकान खा, मुकेश प्रधान, अमजद अली, डा. दानिश, पिंटू विश्नोई, भूरा खा, उम्मेद चौधरी, तल्हा तस्लीम, मुजीब चौधरी, संदीप गुज्जर, उस्मान मेंबर, शकील अहमद,मोहित थापर, आदि मौजूद रहे।

# डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर सवार एक की मौत, तीन घायल



**कांठ।** तरबूज की ट्राली लेकर जा रहे किसान के बेटे की डम्पर की टक्कर से मौत हो गई इसकी चपेट में आकर महिला सहित दो लोग और घायल हुए, मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना सुबह 5 बजे की है थाना क्षेत्र के गांव महदूद कलमी निवासी बारिश अली पुत्र हारिस अपने बेटे इस्माईल,अहमुद्दीन पुत्र रईसुद्दीन और सरताज पुत्र अहमुद्दीन के साथ अपनी ट्रैक्टर ट्राली से मंडी में बेचने के लिए तरबूज लेकर जा रहा था जैसे ही वह कंबोडिया होटल के पास पहुंचा सामने से आ रहे डंपर छस01 ॉ 22 09 ने टक्कर मार दी जिसमें इस्माईल की मौके पर मौत हो गई और अहमुद्दीन सरताज और कांठ के मोहल्ला फकीरगंज निवासी हिमानी पुत्री प्रीतम घायल हो गए बताया गया कि हिमानी सुबह की सैर करने के लिए निकली थी और डंपर की चपेट में आ गई डंपर ने घर के बाहर खड़ी होंडा सिटी कार को भी टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद डंपर का चालक मौके से फरार हो गया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शब कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया घायलों को भी अस्पताल भेज कर प्राथमिक उपचार दिलाया घटना के बाद मौके पर लोग इकट्ठा हो गए क्रेन और जेसीबी की मदद से डंपर को किनारे किया गया। इस दौरान सड़क पर वाहनों की भीड़ भी लगी लेकिन आवा गमन कुछ देर बाद ही सुचारु हो गया पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

# टिमिट में आयोजित हुआ बिजनेस प्लान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट (टिमिट), टीएमयू द्वारा इनोवेशन काउंसिल के अंतर्गत "इंट्रा-इंस्टीट्यूशन्स बिजनेस प्लान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता" का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार क्षमता और उद्यमशीलता कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।इस आयोजन का शुभारंभ टिमिट के सेमिनार हॉल में सुबह 11:00 बजे हुआ, जिसमें वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के अनेक छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने-अपने समूहों के साथ मिलकर विभिन्न स्टार्टअप आइडियाज पर आधारित बिजनेस प्लान तैयार किए और उसे पोस्टर के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। छात्रों के पोस्टरों में सामाजिक समस्याओं के समाधान, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी नवाचार, महिला सशक्ति करण तथा ग्रामीण विकास जैसे विविध और महत्वपूर्ण विषयों पर व्यवसायिक योजनाएँ देखने को मिलीं।प्रतियोगिता में छात्रों ने जिस उत्साह, दृष्टिकोण और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, वह सराहनीय रहा।



उनके विचार न केवल व्यावहारिक थे, बल्कि उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी परिलक्षित हुई। कई पोस्टरों ने डिजिटल टेक्नोलॉजी, ग्रीन बिजनेस मॉडल और लोकल टू ग्लोबल सोच को उजागर किया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि युवा पीढ़ी भविष्य के लिए कितनी गंभीर और प्रेरित है। कार्यक्रम को आयोजित करने वाले शिक्षकों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपने विचारों को व्यावसायिक रूप देने का मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल अकादमिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करने का अवसर देती है, बल्कि छात्रों में टीम वर्क, नेतृत्व और प्रस्तुति कौशल जैसे गुणों का भी विकास करती है।टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं और सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में असीम संभावनाएं हैं, और इस प्रकार के रचनात्मक आयोजन उन्हें अपने विच. ारों को आकार देने और भविष्य के सफल उद्यमी बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने संस्थान की ओर से भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण एवं प्रेरणास्पद संदेशों के साथ किया गया। इस आयोजन ने टिमिट के अकादमिक परिवेश में नवाचार और उद्यमशीलता की एक नई ऊर्जा का संचार किया।

# महिलाओं को विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किए जाने के लिए दिए निर्देश: डा. बबिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सर्किट हाउस सभागार में अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग डा. बबिता सिंह चौहान की अध्यक्षता में महिलाओं से संबंधित विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की प्र्गति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने महिला कल्याण विभाग, बाल विकास व पुष्टाहार विभाग, समाज कल्याण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित महिलाओं से संबंधित योजनाओं की विस्तृत चर्चा की गयी, जिस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से महिलाओं को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किए जाने हेतु उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जनपद में महिला उत्पीड़न से संबंधित कुल 07 प्रकरणों की महिला जनसुनवाई भी की। जनसुनवाई उपरान्त उन्होंने संबंधित अधिकारी को त्वरित कार्यवाही कर महिला जनसुनवाई में उपस्थित महिलाओं को राहत दिलाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से घरेलू हिंसा एवं दहेज हत्या के मामलों पर भी जानकारी ली। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को महिलाओं से संबंधित योजनाओं की प्रगति संबंधित एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अन्तिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचे इसको अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को नियमित रुप से कैम्प लगवाकर जरुरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु निर्देशित किया।

अध्यक्ष ने बैठक में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पोन्सरशिप योजना, पीएम केयर्स योजना, बेटी बचाओं-बेटी पढाओं योजना सहित अन्य योजनाओं की प्र्गति संबंधित समीक्षा की गयी।




समीक्षा उपरांत उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यथोचित कार्यवाही कर महिलाओं के हितार्थ कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती सपना कश्यप, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र कुमार गौतम, जिला विद्यालय निरीक्षक, महिला अस्पताल की सीएमएस, पुलिस उपाधीक्षक सिविल लाइन, जेल अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें। बैठक उपरांत अध्यक्ष द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मुरादाबाद का निरीक्षण किया व साथ ही जिला कारागार मुरादाबाद का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने विद्यालय व कारागार परिसर का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारी को उचित व्यवस्थाएं बनाने रखने के सख्त निर्देश दिए।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, किया अंतिम संस्कार

**कांठ।** कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई शब पोस्टमार्टम से आने के बाद मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। क्षेत्र के गांव हिरनपुरा निवासी प्रियांशु बिश्नोई पुत्र ओमराज सिंह मुरादाबाद से अपने घर बाइक से आ रहा था जैसे ही उसकी बाइक महेंद्री सिकंदरपुर गांव के तिराहे पर पहुंची कांठ की ओर से आ रही ऑटो कार ने उसे टक्कर मार दी कार जनपद बिजनौर के नगर स्योहारा निवासी शरीफ उद्दीन उर्फ गुड्डा पुत्र जहीर अली की थी टक्कर लगने के बाद बाइक सवार की मौत हो गई बताया गया कि शरीफ उद्दीन ने सूचना देकर पहले एंबुलेंस बाद में छजलैट पुलिस को बुला लिया पुलिस कार और उसके चालक को थाने ले गई और मृतक के शब को पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शब गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया परिवार के लोगों ने गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कानूनी कार्यवाही नहीं की गई थी।



## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बुधवार को पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि एक नाबालिग के पिता ने पुत्री के घर से गायब होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जानकारी घरवालों ने थाना प्रभारी को दीं गई थाना प्रभारी विनोद कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए । कड़ी कार्यवाही की गई इसके बाद पुलिस ने कुछ लड़कों से पूछताछ की। तो पता चला की किसी बिहारी लड़के के साथ फरार हुई है। घटनास्थल ग्राम हाशमपुर गोपाल थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद धर्मवीर सिंह पुत्र,सोमपाल निवासी ग्राम हाशमपुर गोपाल थाना पाकवाडा अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी पुत्री प्रियांशी उम्र करीब 16 वर्ष को बहला फुसला कर भगा ले गया। भगाकर ले जाने वाला अभियुक्त सूरज झाँ पुत्र रामनरेश झा निवासी ग्राम पीरगपुर थाना बौचहा जिला मुजफ्फरपुर बिहार का है।

हाल ही निवासी पूसा गेस्ट हाउस जेजे कालोनी टोडापुर इन्दरपुरी नई दिल्ली मे रह रहा था उसकी उम्र लगभग 21 वर्ष बताई गई है पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गिरफ्तार करने वाले उ0नि0 संजय कुमार सिंह हेड कांस्टेबल वीरपाल सिंह हेड कांस्टेबल रोहित कुमार द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार किया गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज।

# एप्पल लैब टीएमयू स्टुडेंट्स के लिए साबित हुई वरदान, फिर से एमओयू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दुनिया के नाम. चीन ब्रांड एप्पल की ओर से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएसआईटी में स्थापित ऑथराइज्ड ट्रेनिंग सेंटर रिसर्च और ऐप डवलपमेंट के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में अपने तरह का एक अद्वितीय प्रशिक्षण केंद्र है। एप्पल ने टीएमयू पर एक बार फिर से भरोसा जताया है। एप्पल ने आईओएस डवलपमेंट लैब का अनुबंध और तीन साल के लिए बढ़ा दिया है, क्योंकि टीएमयू एप्पल के तय सभी मानकों पर फिर से खरा उतरा है। सीसीएसआईटी ने स्विफ्ट लैंग्वेज, आईओएस एप्लिकेशन डवलपमेंट को पाठ्यक्रम का हिस्सा भी बना दिया है। इस ऑथराइज्ड सेंटर में टीएमयू के स्टुडेंट्स अब एप्पल फोन पर चलने वाले नए-नए ऐप्स बनाने की तकनीक सीख रहे हैं। एप्पल के संग एमओयू विस्तार पर टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन उम्मीद जताते हैं, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के स्टुडेंट्स रिसर्च में वैश्विक पहचान बनाने में कामयाब होंगे। यह उपलब्धि यूनिवर्सिटी के स्टुडेंट्स और फैकल्टी मेम्बर्स की ओर से एप्पल ऑथराइज्ड ट्रेनिंग सेंटर की बेस्ट प्रैक्टिसेज के चलते हासिल हुई है।

एप्पल ऑथराइज्ड ट्रेनिंग सेंटर के इस लैब में अच्छे कॉन्फिगरेशन के एप्पल कंप्यूटर के साथ हाई स्पीड जीपीयू भी मौजूद हैं, जिससे शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं इमेज प्रोसेसिंग, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और इंटरनेट आफ थिंग्स-आईओटी जैसी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी में शोध कर रहे हैं। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी बताते हैं, हमारे स्टुडेंट्स स्विफ्ट, एक्सकोड और एप्पल के डवलपर टूल के साथ ऐप डवलपमेंट में अपना करियर बना सकते हैं। भविष्य में टीएमयू में एप्पल, आईमैक एंड आईओटी के क्षेत्र में स्टुडेंट्स और फैकल्टी मेम्बर्स के लिए बहुत सारे विकल्प मौजूद होंगे। उल्लेखनीय है, एप्पल की अत्याधुनिक आईओएस डवलपमेंट लैब एमओयू के तहत सीसीएसआईटी में वर्ष 2022 से स्थापित है। शाह टइम्स संवाददाता बिलारी । मंदिर पौड़ा खेड़ा परिसर में श्री बाला जी महाराज का भव्य विशाल जागरण बालाजी सेवा समिति बिलारी द्वारा कराया गया। जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर जानकारी देते हुए श्री बालाजी सेवा समिति के महंत रमेश चंद्र भगत जी ने बताया कि लगभग 21 वर्षो से यह जागरण होता चला आ रहा है। जागरण कराने के लिए सबसे पहले राजस्थान के मेहंदीपुर धाम से पैदल ज्योति यात्रा की जाती है ।उसके बाद उस जलती ज्योति की 41 दिन विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की जाती है।उसके बाद मुरादाबाद रोड स्थित मंदिर पर श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा को चोला अर्पित किया जाता है।चोला चढ़ाने के बाद हवन यज्ञ का आयोजन किया जाता है। रात्रि में श्री बालाजी महाराज का जागरण कराया गया इसमें भारी संख्या में भक्तों की भीड़ को चमत्कारिक शक्तियां देखने को मिली।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अरुण सागर व पुत्रवधू श्रीमती प्रीति निवासी हॉल निकट हरथला रेलवे स्टेशन हड्डी मिल के पीछे काशीराम नगर मुरादाबाद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती संगीता पत्नी राम नरेश निवासी मोहल्ला महबुल्लागंज सिटी नई आबादी थाना कटघर जिला मुरादाबाल, हाल निवासी मोहल्ला काशीराम तीसरी मंजिल मकान नंबर-84 थाना मझौला, मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मुझ कमरूददीन पुत्र रमजानी निवासी ग्राम मिलक नरखेडा थाना मूढापाण्डे जिला मुरादाबाद ने अपने पुत्र रियाजुददीन से पारिवा. रिक सम्बन्ध समाप्त करके चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके एक वर्ष पूर्व घर से निकाल दिया है और रियाजुददीन के किसी गलत कार्य का मै व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार न होगा। कमरूददीन पुत्र रमजानी निवासी ग्राम मिलक नरखेडा थाना मूढापाण्डे जिला मुरादाबाद।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब आर्डर 5, कायदा 1 व 5

**न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद।**

**मूलवाद संख्या:** 472/2011

**तारीख पेशी:** 27.5.2025

**विशम्भर दयाल बनाम श्रीमति किरन दयाल**

रितविक दयाल उर्फ नोनू पुत्र विशम्भर दयाल, निवासी मकान नं0 2/480, आवास विकास, मझोला मुरादाबाद। हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक नालिश बाबत उद्घोषणात्मक डिक्री हेतु योजित किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 5 सन् 2025 को समय प्रात: 10.00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात से वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूरात अहम मुताल्लिक मुकदमा का जवाब दे सके या, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें, जिस पर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हों। लिहाजा आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसल होगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनाँक 14.05.2025 को जारी किया गया।

**प्रबंधक/वाद लिपिक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश**
**जनपद-मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब आर्डर 5, कायदा 1 व 5

**न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश, महोदय मुरादाबाद।**

**मूलवाद संख्या:** 501 सन् 2013

**तारीख पेशी:** 21.05.2025

**श्रीमति फूल बेगम बनाम वीरबल**

1.श्रीमति प्रभा वती पत्नी श्री रामकिशोर पुत्री स्व० बीरबल, निवासिनी दसवां घाट, दौलत राम वाली गली, मुरादाबाद। 2. श्रीमति जानकी पत्नी श्री विजय पुत्री स्व० बीरबल निवासिनी प्रेम नगर, हरथला, मुरादाबाद, 3. श्रीमति इन्द्रावती पत्नी श्री छोटे लाल पुत्री स्व० बीरबल निवासिनी ग्राम भैंसिया, निकट प्रेमवन्डर लैन्ड, मुरादाबाद, 4. श्रीमति राजो पत्नी श्री सुनील पुत्री स्व० बीरबल निवासिनी ग्राम सकर्तल, तहसील व जिला मुरादाबाद। हरगाह वादिनी ने आपके नाम एक नालिश बाबत संविदा के विशिष्ट अनुपालन की डिक्री हेतु योजित किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 21 माह 05 सन् 2025 को समय प्रात: 10.00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात से वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूरात अहम मुताल्लिक मुकदमा का जवाब दे सके या हाजिर हो और जवाब देही दावे की करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें, जिस पर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हों। लिहाजा आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसल होगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनाँक 14.05.2025 को जारी किया गया।

**प्रबंधक/वाद लिपिक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश**
**जनपद-मुरादाबाद**

# हाईवे पर कूड़े के ढेर में मिला नवजात शिशु का शव

## स्थास्थ्य विभाग की लापरवाही से नगर व क्षेत्र में चल रहे अपंजीकृत अस्पताल, नहीं आज तक कोई कार्रवाई

■ **स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन में मचा हड़कंप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** प्रदेश सरकार की लाख कोशिशो के बाद भी प्रदेश में आए दिन भूड़ हत्याएं रूकने का नाम नही ले रहा है। प्रदेश सरकार ने अपंजीकृत अस्पतालों को रोकने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दे रखे है। लेकिन आज भी स्वास्थ्य विभाग की सांठ गांठ से नगर व देहात क्षेत्र में अपंजीकृत अस्पतालों को मंकड़ जाल बिछा है। चंद पैसों की खातिर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी लोगों के जीवन से खिलबाड़ कर रहे और वहीं भूड़ हत्याएं हो रही है। ऐसा है कि एक मामला नगर में ठाकुरद्वारा- काशीपुर मार्ग स्थित निजी अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा भूड़ हत्या कर नवजात का शव सड़क किनारे कूड़े के ढेर में डाल दिया गया है। इससे स्वस्थ्य विभाग सहित स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया। बुधवार की सुबह करीब 9.00 बजे नगर में काशीपुर मार्म स्थित के निजी अस्पताल के पास कूडे के ढेर में नवजात शिशु का शव पड़ा होने की सूचना मिली। जिससे स्वास्थ्य विभाग सहित स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन पहुंचा। जहां पर रसूखदार लोगो के आगे स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग कूडे के ढेर में मिले नवाजात शिशु के शव दफन कर दिया गया है। लेकिन न तो स्वास्थ्य विभाग ने और नही स्थानीय प्रशासन ने इस मामलें कोई जांच की। बतादें कि मुख्यमंत्री के आदेश पर मुरादाबाद क्षेत्र में चल रहे अंपजीकृत अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाकर बंद कराने के लिए अभियान चलाया गया है। कुछ दिन में प्रदेश सरकार के आदेश को स्वास्थ्य विभाग ने अंदेखा और अनसुन कर दिया। जिससे आज नगर व देहात क्षेत्र में अपंजीकृत अस्पतालो का मकड़ जाल बिछा है।






### पुलिस प्रशासन ने नवजात का शव न बताकर दर्शायी गंदगी

● इस मामले में नगर दरोगा विपिन कुमार ने बताया कि नगर में काशीपुर रोड स्थित शंकरा हॉस्पिटल का है। थाना डिलारी क्षेत्र के गांव काजीपुरा मुस्तापुर निवासी रिजवान की पत्नी अंजुम के बच्चो पैदा हुआ। जिसमें जच्चा और बच्चा दोनों जीवित है। बच्चा पैदा होने के दौरान जो गंदगी होती है वह नर्स की लापरवाही से गंदगी को सड़क किनारे कूड़े के ढेर में डाल दिया गया था। सूचना पर पहुंची गंदगी को दफन कर दिया गया है। बतादें कि अस्पताल संचालक सलमान अहमद ने बताया करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव न होने कें कारण मामला संदिग्ध मना जा रहा है।

## एक नजर

### नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे रिबोर का सामान चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद द्वारा बिलारी के मोहल्ला बाजार में पंप संख्या एक पर रिबोर कार्य होने के दौरान चोरों ने यहां पर रखा कीमती सामान चोरी कर लिया। मामले को लेकर नगर पालिका के निर्माण लिपिक ने दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जलकर लिपिक हुकुम सिंह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि बिलारी के मोहल्ला बाजार पंप संख्या एक पर रिबोर का कार्य चल रहा था। ग्वारखेड़ा के मिस्त्री आरिफ मलिक रिबोर कार्य कर रहे थे। देर रात मोहल्ला अंसारियान के नदीम पुत्र रहीस, इमरान पुत्र इस्लाम ने रिवोर मशीन पर रखें आवश्यक उपकरणों को चोरी कर लिया। जिससे नगर की पेयजल आपूर्ति से उपलब्ध कराने का कार्य प्रभावित हुआ। मामले को लेकर कोतवाली में तहरीर दी गई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### लोगों को जागरूक कर दिलाई शपथ

**बिलारी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना बिलारी पुलिस द्वारा सेल्फी प्वाइन्ट बनाकर लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक कर शपथ दिलाई। इस मौके पर पुलिस अधिकारीयों ने सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की।

### आवारा कुत्तों ने बच्चों पर किया हमला

**मुरादाबाद।** नगर के मौहल्ला ढांप में अचानक आवारा कुत्तों का झुंड आया और खेलते हुए बच्चों पर हमला कर दिया जिससे तीन बच्चो को काट लिया और बच्चे बुरी तरह जखघ्मी हो गये और उसके बाद एक भैंस पर टूट पड़े और भैंस को भी काट लिया हसन उम्र 5सालहै व आरिश पुत्र राशिद उम्र 6 साल मेघराज सिंह की भैंस व डालचन्द्र सेनी का पोता को आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया शोर सुन कर ग्रामीणों ने लाठी डंडों से किसी तरह बच्चों को बचाया अगवानपुर की जनता को आवारा कुत्तों के आतंक का सामना करना पड़ रहा है।

# कुंदरकी विधायक को व्यापार मंडल ने किया सम्मानित

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव एवं भाजपा नेता सभासद देवेश शर्मा एडवोकेट द्वारा कुंदरकी क्षेत्र के भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह का संगठन कार्यालय पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने विधायक ठाकुर रामवीर सिंह को चांदी का मुकुट पहनाकर भव्य स्वागत किया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के अलावा अधिवक्ता सभासद और गणमान्य लोग भी शामिल हुए सभी ने मिलकर विधायक द्वारा की जा रही सभी वर्गों की निष्पक्ष सेवा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। बैठक के दौरान भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने मांग उठाई कि बिलारी में मंडी समिति बननी चाहिए, जिससे कारोबारियों को राहत मिल सके और सुरक्षा के लिए व्यापारी बंधुओ के शस्त्र लाइसेंस भी प्राथमिकता के आधार पर बनवाए जाएं, इस पर कुंदरकी विधायक ने प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्हें त्रिशूल फरसा भेंट करने के अलावा शाल और मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। उनके सम्मान में जमकर नारेबाजी की गई। कहा कि उत्तर प्रदेश योगी जी और देश माननीय मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भरपूर विकास और प्रगति कर रहा है, ऐसा गैर भाजपा सरकारों में नहीं हुआ। स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता, नरेश गुप्ता, सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता फाइन, गौरव गुप्ता सर्राफ, संजय ठाकुर, संजीव सर्राफ, डॉ देवेंद्र शर्मा, सूरज शर्मा सभासद ,दानवीर शर्मा, महेश गुप्ता, ब्राह्मण सभा के संरक्षक मोहनलाल शर्मा, डॉ विश्वास शर्मा ,अधिवक्ता अजय पाल सिंह, प्रमोद कुमार शर्मा, अनिल चौधरी, आलोक चौधरी, सुनील आर्य, निहाल सिंह लाठर, सूरज शर्मा, दिनेश शर्मा, ध्रुव शर्मा, प्रदीप शर्मा, नानक शर्मा, निखिल शर्मा, विशेष चंद्र शर्मा, मुकेश चंद्र शर्मा आदि लोग शामिल रहे।



# टीएमयू की लाइब्रेरी टेक्नोलॉजी के हर चरण में सहभागीः डॉ. विनीता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की केन्द्रीय लाइब्रेरी की हेड डॉ. विनीता जैन बोलीं, टीएमयू की लाइब्रेरी आज तकनीकी के प्रत्येक चरण में सहभागी है। आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी, एआ, डिजिटल लाइब्रेरीज, रिमोट एक्सेस सेवाएं और ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग- ओपीएसी जैसी सुविधाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, वर्तमान में विश्वविद्यालय पुस्तकालय रिमोट एक्सेस, डिजिटल सब्सक्रिप्शन, ई-बुक्स, जर्नल्स, डेटाबेस सेवाओं और मोबाइल फ्रेंडली ओपीएसी जैसी सुविधाएँ प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी वह पुल है, जो ज्ञान को हर कोने तक पहुंचाता है, और पुस्तकालय वह दीपक है, जो उस ज्ञान को प्रकाशित करता है। डॉ. जैन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर करंट अवेयरनेस ऑन टेक्नोलॉजी विषय पर बोल रहीं थीं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने तकनीकी उपकरणों और नवाचारों के माध्यम से पुस्तकालय सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के सुझाव दिए। वक्ता बोले, नई पीढ़ी पुस्तकालयों को केवल अध्ययन का केंद्र नहीं, बल्कि इनोवेशन हब के रूप में देखना चाहती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुस्तकालय स्टाफ को तकनीकी नवाचारों और डिजिटल परिवर्तन की दिशा में हो रहे विकास से परिचित कराना रहा है।




**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने परिवार के सदस्यों सहित अपने पुत्र साजिद हुसैन से उसके गलत संगत में पड़ जाने व गलत व्यवहार के कारण अपने सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उक्त साजिद हुसैन के किसी कार्य की जिम्मेदारी मेरी तथा मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की नही होगी। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा। **खलील अहमद पुत्र अ० वहीद निवासी-वार्ड नं० 19 फतेहउल्ला गंज ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

मैंने बी0एस0सी गणित तृतीय वर्ष की परीक्षा संस्थागत सत्र-2011-12 में उत्तीर्ण की है। जिसका अनुक्रमांक 3607734 व पंजीकरण क्रमांक 09120345/ (402) की डिग्री है। जो वास्तव में कहीं खो गया है। **ललित कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम रामपुर घोघर पोस्ट सुरजननगर तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मोहम्मद सुल्तान व पुत्रवधू श्रीमती सुब्हाना को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **हाजी मोहम्मद फारूक पुत्र महबूब अली निवासी मरकज वाली मस्जिद के सामने पुख्ता सराय तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मो. साजिद व पुत्रवधू श्रीमति शरमीन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **जरीउद्दीन पुत्र जमील अहमद व श्रीमती नसरीन पत्नी जरीउद्दीन निवासीगण ग्राम चमरौआ थाना मूढ़ापाण्डे, जिला मुरादाबाद।**

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, सम्भल

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचनाः 05/EDC (S) 2025-26 दिनांकः 14.05.2025**

**कार्य का नामः** 235 नग एल0टी0 परिवर्तकों हेतु हेनले टाईप टेललेस यूनिट की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य

| | |
|---|---|
| ई-निविदा प्रपत्र शुल्कः रू. 3540.00 | धरोहर राशिः रू. 41.00 हजार |

**ई-निविदा की अन्तिम तिथिः 16 मई 2025, 12.00 बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in/पर उपलब्ध हैं अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगीं

पत्रांकः 5200 वि0वि0म0सं0 / आ0-2 / विज्ञापन दिनांकः 14.05.2025

**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा **ई टेंडर संख्याः** MC-15-LHB-WB-MB-2025 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके **बंद होने की तिथि व समयः** 03.06.2025 को 17:30 बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वैबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | सी&डब्लू | टेंडर सं. | MC-15-LHB-WB-MB-2025 |
| कार्य का नाम | Modification to pipe laying for waste water as per CAI No B-2022/04 (option-1) in LHB coaches of Moradabad Division for the period of Eight months. | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनॉंक एवं समय | | 03.06.2025, 17:30 बजे | |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | 32,58,570/- रुपये | ऑफर की वैधता | 45 दिन |

सं.: MC-15-LHB-WB-MB-2025 दिनांकः 13.05.2025 1418/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

**कार्य का नाम एवं लोकेशनः** 12/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के रखरखाव के लिए देहरादून (डीडीएन) डिपो में बुनियादी सुविधाओं के सुधार के लिए विद्युत कार्य।
**कार्य की अनुमानित लागत (रु.):** 3137744.45 (जीएसटी सहित)
**कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया हैः** विद्युत शाखा मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद
**बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.):** 62800.00
**कार्य के पूर्ण करने की समय अवधिः** 12 (बारह महीने)
**निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनॉंक व समयः** निविदायें दिनांक 04.06.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी।
**वेबसाइट एवम कार्यालय का पताः** वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

निविदा सूचना सं.: 09/2025 दिनांकः 13.05.2025 1414/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता / II / मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 39-DRM-MB-25-26 Date : 13.05.2025 |
| कार्य का नाम | Repair to LHS to prevent seepage with use of CC grout, PU grout, repair to approach road, sumpwell, drainage system, height gauge and other related misc work at various LHS in ON-BLM, BLM-SPC and RAC-SPC section under jurisdiction of ADEN/II/HRI. |
| टेन्डर क्लोसिंग / दिनांक / समय | 06.06.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,64,56,189.13 |
| धरोहर राशि | 2,32,300.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 23.05.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह |

टेन्डर नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 13.05.2025 1413/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाजपा कार्यालय पर मडंल गठन को लेकर बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर मे भाजपा कार्यालय पर मडंल गठन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा की मडंल गठन मे मडंल की टीम का सदस्य वनने के लिए सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य है तथा महिलाओ ओर अनुसूचित वर्ग के लिए सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य नही है तथा मडंल गठन मे महिलाओ की भागेदारी भी आवश्यक है तथा सभी वर्ग के लोगो तथा मेहनती कार्यकर्ता के लिए अवश्य स्थान दे जिससे मडंल का काम सही रूप से चल सके तथा मडंल के सभी कार्यक्रम सफल हो सके बैठक मे मडंल चुनाव गठन अधिकारी आनन्दी प्रजापति,मडंल प्रभारी लवली यादव,मडंल अध्यक्ष सजंय कश्यप,निवर्तमान मडंल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट,जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ अमर सिंह सैनी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष छोटे लाल सैनी, मडंल उपाध्यक्ष पीयूष गौतम, हाजी मजलूम पाशा, शक्तिकेंद्र संयोजक राजा बाबू, नौशाद कुरेशी,मसूंर आलम,जीशान खान, विनोद कश्यप,अश्वनी शर्मा, महेंद्र सैनी,जयपाल सिंह,कृष्ण अवतार, नदीम खान,बाबू पाशा, नौशाद कुरैशी,मोहम्मद वाजिद पाशा, सजंय सैनी,नक्से, इमरान, दिनेश कश्यप, सौरव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के जश्न में भाजपाईयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**कुंदरकी।** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह समेत पार्टी के नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा में पहुंचे। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह के नेतृत्व में यात्रा ग्राम नानपुर से प्रारंभ होकर ग्राम हुसैनपुर छीरावली, बिस्कुट फैक्ट्री, डोमघर, कमालपुर फतेहाबाद होते हुए ग्राम भीकनपुर कुलबाड़ा में समाप्त हुई। यात्रा में देशभक्ति के गीत चलते रहे, साथ ही हाथों में तिरंगा थामे कार्यकर्ता नजर आए। यात्रा के बाद विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने हर देशवासी का सर गर्व से ऊंचा कर दिया है। धर्म पूछकर आतंकवादियों ने लोगों की हत्या की। इसके बाद पूरा देश निर्णायक कार्रवाई की मांग को लेकर खड़ा हो गया। सेना ने आतंकी और उनके आकाओं को समझा दिया की बहनों के सिंदूर छिनने का क्या अंजाम होता है। सेना ने पाकिस्तान के अंदर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। पाकिस्तान की सेना को हमारे जवानों ने धूल चटा दी। अब पाकिस्तान को समझ आ गया है कि भारत की ओर उठी उसकी हर नजर उसके विनाश का कारण बन सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को संदेश दे दिया गया है कि अब आतंक और पीओके पर बात होगी। यात्रा में जिला प्रभारी राजेश यादव, मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, ग्राम प्रधान दयाराम, अब्बास, बृजेश लोधी, रोहित सिंह, जय सिंह, ज्ञानस्वरूप भटनागर, अरकान, वीरू, अशरफ पाशा, नसीम पाशा, बृजलाल, दीपू सागर,डॉ जाहिद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग करेगा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनो को उनकी आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग/सहायक उपकरणो जैसे कृत्रिम हाथ-पैर/कैलीपर्स, ट्राई साईकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, एमआर किट, लेप्रोसी किट, स्मार्ट फोन, टेबलट आदि प्राप्त कराये जाने के लिए चिन्हांकन शिविरो का आयोजन किया जाना है। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि जनपद में ऐसे दिव्यांगजन जिन्हे विगत 03 वर्षो से योजना का लाभ प्राप्त नही हुआ है (छात्र/छात्राओं को प्रत्येक वर्ष) कृत्रिम अंग/ सहायक उपकरण के लिए चिन्हांकन हेतु जनपद के प्रत्येक विकास खण्डो में शिविरो के आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दिनांक 15 व 16 मई को विकास खण्ड सभागार डिलारी, दिनांक 17 व 19 मई को विकास खण्ड सभागार ठाकुरद्वारा, 20 व 21 मई को विकास खण्ड सभागार कुन्दरकी, दिनांक 22 व 23 मई को विकास खण्ड सभागार बिलारी, दिनांक 24 व 26 मई को विकास खण्ड सभागार मूढापाण्डे, दिनांक 27 व 28 मई को विकास खण्ड सभागार भगतपुर टांडा, दिनांक 29 व 30 मई को विकास खण्ड सभागार छजलैट तथा 31 मई व 02 जून 2025 को विकास खण्ड सभागार मुरादाबाद में चिन्हाकंन शिविर आयोजित होंगे। इस शिविर में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आय प्रमाण पत्र (तहसीलदार द्वारा निर्गत निर्धारित गरीबी रेखा की सीमा का आय प्रमाण पत्र अथवा सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, खण्ड विकास अधिकारी अथवा ग्राम प्रधान द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र मान्य होगा)। जाति प्रमाण पत्र। सामान्य निवास प्रमाण पत्र। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत 40 प्रतिशत या उससे अधिक का दिव्यांग प्रमाण पत्र। चिकित्साधिकारी का उपकरण हेतु संस्तुति प्रमाण पत्र। दिव्यांगतायुक्त रंगीन फोटो उपलब्ध कराने होंगे। इसके साथ ही अभिलेखो सहित अपना पंजीकरण करा सकते है अथवा जो दिव्यांगजन इस शिविर में चिन्हांकन कराने से वंचित रह जाते है ऐसे दिव्यांगजन बेबसाईट पद पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

# हिंदू फ्रीडम फंड के कार्यालय में युवकों ने घुसकर की मारपीट

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**कांठ।** हिंदू फ्रीडम फंड के कार्यालय में कल शाम कुछ युवकों ने घुसकर मारपीट कर दी फंड के संस्थापक ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। घटना कल शाम 5:00 के आसपास की है बताया गया कि आयुष नाम का युवक कुछ युवकों से हुए झगड़े में अपनी जान बचाकर हिंदू फ्रीडम फंड के कार्यालय में घुस गया उसके घुसते ही चार-पांच अज्ञात युवको ने कार्यालय में धाबा बोल दिया और आयुष व फंड के कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हुए कार्यालय में तोड़फोड़ की जिससे कार्यालय में रखे धन की सुरक्षा को भी खतरा पैदा हो गया। हिंदू फ्रीडम फंड के संस्थापक प्रिंस शर्मा ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की इसकी जानकारी मिलते ही हमलावरों के सिफारसी सक्रिय हो गए और फैसले के प्रयास शुरू कर दिए गए। लेकिन समाचार लिखे जाने तक इस मामले में ना तो कोई फैसला हुआ था और ना ही कार्रवाई की गई थी। मगर सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में जरूर कैद हो गई।



## आईपीएलः नए शेडयूल ने रोमांचक बनाई लीग

# आखिरी दो दिन तय करेंगे प्लेऑफ की पोजिशन

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने 12 मई को आईपीएल का नया शेड्यूल रिलीज किया। लीग स्टेज के 13 ही मैच बचे हैं। 3 टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं, जबकि 7 टीमों में टॉप-4 की जंग हैं। नए शेडयूल ने टूर्नामेंट को और भी रोमांचक बना दिया। आखिरी 2 दिनों में लखनऊ, मुंबई, पंजाब और बेंगलुरु के मैच हैं। चारों ही टीमें प्लेऑफ की रेस में हैं और आखिरी मुकाबलों के नतीजों से टॉप-2 स्पाट भी तय होंगे। गुजरात 11 मैचों में 8 जीत से 16 पाइंट्स लेकर पहले नंबर पर है। टीम के 3 मैच दिल्ली, लखनऊ और चेन्नई से बचे हैं। टाइटंस इनमें से एक भी मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। हालांकि, टीम को टॉप-2 में फिनिश करना है तो कम से कम 2 मैच जीतने होंगे। तीनों मैच जीतकर जीटी टॉप-2 में अपनी पोजिशन




कन्फर्म कर लेगी। बेंगलुरु के भी 11 में से 8 जीत से 16 पाइंट्स हैं, लेकिन गुजरात से खराब रन रेट के कारण टीम दूसरे नंबर पर है। आरस. ीबी को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 3 में से 1 ही जीत चाहिए। टीम को कोलकाता, हैदराबाद और लखनऊ से भिड़ना है। टॉप-2 में फिनिश करना है तो आरसीबी को भी बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। पंजाब के 11 मैचों में 7 जीत और एक बेनतीजा मैच से 15 पाइंट्स हैं। टीम को राजस्थान, दिल्ली और मुंबई से भिड़ना है। पीबीकेएस को प्लेऑफ में जगह कन्फर्म करने के लिए 3 में से 2 मैच जीतने होंगे। 17 पाइंट्स के साथ अगर टीम को क्वालिफाई करना है तो दिल्ली को हराना ही होगा। पंजाब ने अगर कैपिटल्स को हरा दिया तो दिल्ली या मुंबई में से कोई एक टीम ही प्लेऑफ में पहुंच पाएगी, क्योंकि दोनों को आपस में भी भिड़ना है। पंजाब को टॉप-2 में फिनिश करने के लिए तीनों मैच जीतने होंगे, साथ ही गुजरात या बेंगलुरु के 1 मैच में हारने की दुआ करनी होगी। मुंबई इंडियंस ने शुरुआती 5 में से 1 ही मैच जीता था, लेकिन टीम ने आखिरी 7 में से 6 मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बना ली। डप 12 में से 7 मैच जीतकर 14 पाइंट्स लेकर चौथे नंबर पर है। 5 बार की चैंपियन टीम को प्लेऑफ में जगह बनानी है, तो दिल्ली और पंजाब के खिलाफ बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। एमआई एक भी मैच हार गई तो प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को दूसरी टीमों के भरोसे छोड़ देगी। दिल्ली ने टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार 5 मैच जीतकर की, लेकिन टीम ने पिछले 6 में से 4 मुकाबले गंवा दिए। कैपिटल्स 6 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 13 पाइंट्स लेकर पांचवें नंबर पर है। डीसी के 3 मैच गुजरात, मुंबई और पंजाब से हैं, तीनों टॉप-4 में है। यहां से अगर कैपिटल्स को क्वालिफाई करना है तो तीनों मैच जीतने ही होंगे। टीम ने अगर मुंबई और पंजाब को हरा दिया तो 2 जीत से भी प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी। डिफेंडिंग चैंपियन कोलक. ाता को 12 मैचों में महज 5 जीत मिली, टीम का 1 मैच बेनतीजा भी रहा, इनसे 11 पाइंट्स लेकर कोल. काता छठे नंबर पर है। ज्ञ्ज्ञत के 2 मैच बेंगलुरु और हैदराबाद से हैं। टीम एक भी मैच हारी तो प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। 2 मैच जीतने के बाद भी ज्ञ्ज्ञत को प्लेऑफ में पहुं. चना है तो पंजाब, मुंबई और दिल्ली

# आईपीएल में वापसी के लिए तैयार रोहित शर्मा

- **मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र में जमकर बहाया पसीना, लीग स्टेज पर मुंबई के बचे दो मैच**



**नई दिल्ली, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर चुके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2025 के बचे हुए सत्र में वापसी के लिए तैयार हैं। बुधवार को उन्हें मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाते देखा गया, जिसका वीडियो टीम ने आधिकारिक हैंडल से जारी किया है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद आईपीएल के बचे हुए 17 मैचों का कार्यक्रम का जारी हो चुका है। 17 मई से टूर्नामेंट की दोबारा शुरुआत होगी जबकि तीन जून को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

लीग स्टेज पर मुंबई अब तक 12 मैच खेल चुकी है। 13वां मुकाबला 21 मई को खेला जाएगा, जिसमें पांच बार की विजेता टीम का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच मुंबई में ही खेला जाएगा। फिलहाल मुंबई इंडियंस अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और लीग स्टेज पर उनके दो मैच बाकी हैं। इनमें जीत के साथ टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करना चाहेगी। आगामी मैच के लिए मुंबई इंडियंस ने अभ्यास शुरू कर दिया है। बुधवार को हार्दिक पांडया की अगुआई वाली टीम वानखेड़े पहुंची। यहां रोहित शर्मा को कर्ण शर्मा, रॉबिन मिंज, अश्विनी कुमार और तिलक वर्मा के साथ नेट्स पर समय बिताते देखा गया। पूर्व कप्तान रोहि. हत शर्मा इस वक्त शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने अब तक खेले 11 मैचों में तीन अर्धशतकों की मदद से 300 रन बनाए हैं।

## डीपी विश्व अंतर्राष्ट्रीय लीग टी-20 के चौथे सत्र की शुरूआत यूएई राष्ट्रीय दिवस से होगी

**दुबई, वार्ता।** डीपी विश्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टी-20 लीग के चौथे संस्करण की शुरुआत यूएई के राष्ट्रीय दिवस दो दिसंबर से होगी। इस टूर्नामेंट में छह टीमों के बीच 34 मैच खेले जायेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला चार जनवरी 2026 को होगा। इस अवसर पर आईएल टी-20 के अध्यक्ष अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरोनी ने कहा कि हमें यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 चौथ सत्र यूएई नेशनल डे 'ईद-अल-एतिहाद' पर शुरू होगा, जो यूएई कैलेंडर पर सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। उन्होंने कहा कि यूएई राष्ट्रीय दिवस वह दिन है जिस दिन हम संयुक्त अरब अमीरात का जश्न मनाते हैं जो दुनिया भर के लोगों का घर है, जिसमें लाखों क्रिकेट प्रशंसक शामिल हैं।

# भारत ने नेपाल को 4-0 से हराया

सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप


- **मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम ने प्रत्येक हाफ में दो गोल किए**



**यूपिया (अरुणाचल प्रदेश), वार्ता।** भारतीय फुटबॉल टीम नेपाल पर 4-0 से बड़ी जीत दर्ज कर सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर रही। गोल्डन जुबली स्टेडियम में मंगलवार की रात खेले गए मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम टीम ने प्रत्येक हाफ में दो गोल किए। भारत के लिए रोहेन लसह चपहामायुम ने (28वें, 76वें) मिनट में गोल किए, जबकि स्थानीय खिलाड़ी ओमंग डोडम ने (29वें) और डैनी मेइतेई ने (84वें)मिनट में एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ग्रुप बी में दो मैचों में छह अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं नेपाल दो मैचों में तीन अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय टीम शुक्रवार को ग्रुप ए के उपविजेता मालदीव से भिड़ेगी, जबकि ग्रुप ए विजेता बांग्लादेश उसी दिन नेपाल से सेमीफाइनल खेलेगी।

# आईपीएल के शेष हिस्से में खेलेंगे बोल्ट

- **पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों का इंतजार**



**मुम्बई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष हिस्से में अपनी टीम मुम्बई इंडियंस के लिए खेलने का निर्णय किया है। 36 वर्षीय बोल्ट को मुम्बई इंडियंस ने मेगा नीलामी में 12-5 करोड़ रुपये में खरीदा था। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने आईपीएल के इस सत्र में 8-49 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट लिये हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 रन देकर चार विकेट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह पूरे टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। पांच बार की चैंपियन मुम्बई को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता का इंतजार है। दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकल्टन और कोर्बिन बॉश, और इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की भागीदारी को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड के अनुसार उनके खिलाड़ियों की एनआ. ेसी 25 मई तक वैध है। इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड(ईसीबी) ने आईपीएल में भाग लेने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को 29 मई से शुरू हो रही वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज़ के लिए समय पर लौटने का निर्देश दिया है।

# पुरुष जिम्नास्ट को लक्ष्य हासिल करने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरतः आशीष

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रमंडल खेल 2010 में रजत और कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाले जिम्नास्ट आशीष कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पुरुष जिम्नास्ट को अपनी इच्छाशक्ति को जगाना होगा।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की प्रतिभा पहचान एवं विकास समिति (टीआईडीसी) के सदस्य आशीष कुमार ने कहा कि इस आयोजन ने एथलीटों को बेहत. रीन अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि जोश भीतर से आना चाहिए। आप खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और उपकरण दे सकते हैं, लेकिन अगर उनमें 'अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतने' की अंदर कुछ बड़ा करने का जोश नहीं है तो कुछ भी हासिल नहीं हो सकता। कई लोग राष्ट्रीय स्तर पर ही पदक जीतने के बाद ही संतुष्ट हो जाते हैं। इस मान. सिकता को बदलना होगा। खेलो इंडिया योजना ने शुरुआती किशोरावस्था में जिम्नास्टिकों के लिए नए द्वार खोले हैं और अब खिलाड़ियों, कोचों और फेडरेशन पर इस सफलता का लाभ उठाने और इसे आगे ले जाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हां, हम एथलीटों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन असली काम अब शुरू होता है उचित विकास सुनिश्चित करना होगा, खासकर लड़कों के बीच।ह टीआईडीसी उन प्रतिभाशाली एथलीटों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिन्हें खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) के रूप में शामिल किया जा सकता है और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में प्रशिक्षित किया जा सकता है। उनका मानना है कि सब-जूनियर वर्ग, 14 वर्ष के कम उम्र के जिम्नास्ट के लिए प्रशिक्षण के स्तर में व्यापक बदलाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उस उम्र (14 वर्ष की) में शरीर जल्दी ठीक हो जाता है। इसलिए, शुरुआती वर्षों से ही हमें उचित शक्ति और कंडीशनिंग शेड्यूल के साथ उनकी सहन शक्ति बढ़ाने पर जोर देना होगा। अगर हम शुरुआत में ही इन चीजों को हल्के में लेंगे, तो 25 साल की उम्र तक उनका शरीर कार्यक्षमता को संभालने में सक्षम नहीं होगा। विदेशी कोच व्लादिमीर चेर्टकोव के तहत प्रशिक्षण के अपने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जब हम 2010 में राष्ट्रमंडल शि. विर में थे, तो कोच व्लादिमीर ने हमें अपनी क्षमता से आगे बढ़ने के लिए कहा। उन्होंने हमें सिखाया कि बार-बार तनाव को झेलने में सक्षम शरीर का होना कितना महत्वपूर्ण है। जैसे किसी परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए आप 20-30 बार याद करते हैं। जिमनास्टिक में भी यही होता है आप तब तक अपनी शारी. रिक गतिविधियों को दोहराते हैं जब तक कि आपका शरीर उस लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम न हो जाये। उन्होंने कहा कि पुरुष जिम्नास्टिक में सुधार की जरूरत है। हमने हाल ही में महिलाओं के बीच सफलता देखी है, लेकिन पुरुषों को अभी लंबा रास्ता तय करना है। यहीं पर खेलो इंडिया सबसे बड़ा प्रभाव डाल सकता है क्षमतावान लड़कों की पहचान करके और उन्हें लंबे समय के लिए तैयार कर सकते हैं।

# श्नाइडर को हराकर पाओलिनी इटेलियन ओपन के सेमीफाइनल में

- **पाओलिनी ने मैच में 6-7(1-7), 6-4 व 6-2 से जीत दर्ज की**

**रोम, वार्ता।** इटली की टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी ने रूस की डायना श्नाइडर को हराकर इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

छठी वरीयता प्राप्त पाओलिनी ने मंगलवार को खेले गए वर्षा बाधित मुकाबले में रूस की श्नाइडर पर 6-7 (1-7) 6-4 6-2 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ वह 2014 के बाद अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली इटली की महिला टेनिस खिलाड़ी बन गईं। सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पाओलिनी ने कहा कि यह वास्तव में कठिन मैच था। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने मुकाबला जीता, लेकिन यह एक रोलर कोस्टर था। हर कदम पर मैंने एक नई तरकीब खोजी। मैंने अंत तक संघर्ष किया। निश्चित रूप से दर्शकों ने मेरी मदद की। इसलिए मैं जीत से वास्तव में बहुत खुश हूं।

# स्टार्क की पत्नी ने बताई धर्मशाला में ब्लैक आउट की कहानी



**मैसेज मिलाः यहां से तुरंत निकलो, फाफ ने शूज तक नहीं पहने मिसाइल हमले की अफवाह थी**

**मेलबर्न, वार्ता।** डीसी के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली ने धर्मशाला में ब्लैकआउट की रात की कहानी बताई है। उन्होंने एक पाडकास्ट में बताया कि मिसाइल हमले की अफवाह के बीच कैसे धर्मशाला स्टेडियम को खाली कराया गया और कैसे प्लेयर्स और उनके परिवार वालों को सुरक्षित होटल तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान हीली ने विलो टाक पाडकास्ट कहा कि वहां डर का माहौल था और स्थिति काफी खराब हो गई थी। जब अचानक एक व्यक्ति आया और कहा यहां से तुरंत निकलो। उसका चेहरा सफेद हो गया था।

वहां मिसाइल हमले की अफवाह फैल गई थी। 8 मई को पाकिस्तान के ड्रोन अटैक के बीच धर्मशाला में पंजाब-दिल्ली मैच बीच में रोक दिया गया था। फिर 20 मिनट के अंदर स्टेडियम खाली करा दिया गया था। फिर खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टॉफ को एक बस के जरिए होटलों में वापस ले जाया गया। बीसीसीआई ने अगले दिन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से सभी को दिल्ली पहुंचाया। क्योंकि, सभी उड़ाने रद्द कर दी गई थी। एलिसा हीली की 3 बातें- जब खेल रोका गया था, एलिसा उस समय अन्य खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यों के साथ स्टैंड में मौजूद थीं। यह मानते हुए कि यह एक मामूली समस्या है एलिसा और उनके साथ मौजूद अन्य लोग पहले तो शांत रहे, लेकिन फिर चीजें हाथ से निकल गईं। बिजली के कुछ टावर की बत्ती गुल हो गई और हम बस वहीं इंतजार कर रहे थे। मैंने कुछ सीट दूर अफवाह सुनी कि हमें स्टेडियम खाली करना पड़ सकता है, क्योंकि बिजली गुल हो गई है।

हमारे साथ परिवार और अतिरिक्त सहयोगी स्टॉफ का एक बड़ा समूह था। अगले ही मिनट एक आदमी (जो हमारे ग्रुप के साथ था और हमारा ध्यान रखता था।) आता है और कहता है कि हमें तुरंत निकलना होगा। उसका चेहरा सफेद पड़ गया था।' अचानक हमें वैन में ठूंस दिया गया और हम होटल वापस चले गए। वहां स्थिति काफी अच्छी नहीं थी। हम पंजाब के कुछ खिलाड़ियों के साथ बस में बैठे थे। मुझे लगता है कि श्रेयस मेरी बस में था।

# रेलवे के सचिन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में जीता आयरमैन चैलेंज

- **दुनिया की सबसे कठिन स्पर्धाओं में से एक को पूरा किया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** पश्चिम रेलवे (प रे) के वरिष्ठ अधिकारी सचिन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में आयरनमैन चैलेंज जीत लिया है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक की ओर से बुधवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव सचिन अशोक शर्मा (आईआरटीएस 2008) ने पोर्ट मैक्वेरी, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित दुनिया की सबसे कठिन स्पर्धाओं में से एक आयरनमैन ट्रायथलॉन को सफलतापूर्वक पूरा किया। आयरनमैन शारीरिक और मानसिक धीरज की अंतिम परीक्षा है, जिसमें 3-8 किमी पानी में तैराकी, 180 किमी साइकिल चलाना और 42.2 किमी की पूर्ण मैराथन दौड़ शामिल है, जिसे 17 घंटे के भीतर पूरा किया जाना था। श्री शर्मा ने आयरनमैन ट्रायथलॉन को 12 घंटे, 26 मिनट और 52 सेकेंड में सफलतापूर्वक पूरा किया और इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले वे पहले भारतीय रेलवे अधिकारी बन गए।

भारी बारिश और सुरक्षा चिंताओं के कारण नाटकीय घटनाक्रम में आयोजकों को ट्रायथलॉन के तैराकी चरण को रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। नतीजतन, दौड़ सुबह 0945 बजे 180 किलोमीटर के बाइक सेगमेंट के साथ शुरू हुई, जिसमें एथलीटों को प्रशांत महासागर के किनारे जंगल से गुज़रते हुए एक आश्चर्यजनक लेकिन चुनौतीपूर्ण मार्ग से गुजरना पड़ा। 1,800 मीटर की ऊंचाई के साथ, इस कोर्स को आयरनमैन सर्किट पर सबसे सुंदर और चुनौतीपूर्ण माना जाता है। कोर्स के सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सों में से एक मैथ्यू फ्लिंडर्स ड्राइव था- जिसमें 17 प्रतिशत की ढलान थी।

# विराट कोहली के साथ खेलने का सपना अधूरा रह गयाः वार्नर




**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वार्नर ने कहा, विराट को. हली के साथ एक टीम में खेलने का सपना अधूरा रह गया। मैं आईपीएल में भी विराट के साथ नहीं खेल सका। वहीं गीतकार जावेद अख्तर ने कहा, विराट के जल्दी संन्यास लेने से निराश हूं, उनमें बहुत क्रिकेट बचा था। टीम इंडिया के विराट को. हली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। 36 साल की उम्र में रेड बाल क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद कई दिग्गजों ने कहा कि उन्होंने जल्दबाजी में यह फैसला लिया।

## विराट के जल्दी संन्यास ने निराश किया, उनमें बहुत क्रिकेट बचाः जावेद अख्तर

विराट टेस्ट में 10 हजार रन भी पूरे नहीं कर सके, उन्होंने 30 सेंचुरी लगाकर 9230 रन बनाए। डेविड वार्नर ने रेव्जस्पोर्ट्ज को दिए इंटरव्यू में कहा, विराट के खिलाफ मैंने 1 दशक तक क्रिकेट खेला, शुरुआती मैचों में ही मुझे पता चल गया कि वे कितने चौलेंजिंग है। तेंदुलकर, द्रविड़, लक्ष्मण जैसे प्लेयर्स के संन्यास के बाद बाद विराट ने टीम की जिम्मेदारी संभाली। मैंने हमेशा उनके खिलाफ खेलना एंजाय किया। प्च्स् में जब भी उनके सामने खेला तो उनकी एनर्जी ने मुझे प्रभावित किया। मेरा सपना था कि किसी मौके पर विराट के साथ एक ही टीम में खेलूं। मुझे यह बात हमेशा सताएगी। डेविड वार्नर और विराट कोहली 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में आखिरी बार एक-दूसरे के खिलाफ भिड़े थे। वार्नर ने आगे कहा, श्टेस्ट और वनडे में विराट के रिकॉर्ड बेहतरीन रहे। रन चेज करते हुए तो उनका आसपास भी कोई नहीं। इंडिया के लिए खेलते हुए कभी भी उनकी एनर्जी कम नहीं हुई। विराट की कप्तानी ने उन्हें बाकियों से अलग बनाया, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में बताया कि वे क्यों खास हैं। कई प्लेयर्स ने कहा कि विराट को थोड़ा और खेलना चाहिए था, लेकिन मुझे लगता है कि विराट को पता है कि कब उन्हें खेलना बंद करना है। वे अपने गेम के बखूबी जानते हैं, इसलिए मैं उनके फैसले का सपोर्ट करता हूं। वे हमेशा बेहतरीन लीडर के रूप में पहचाने जाएंगे। हिंदी फिल्मों के गीतकार और कहानी लेखक जावेद अख्तर भी विराट के संन्यास से निराश नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि विराट निश्चित रूप से ज्यादा जानते हैं, लेकिन एक फैन के रूप में मुझे उनके टेस्ट से जल्दी संन्यास ने निराश किया। मुझे लगता है कि उनमें अब भी बहुत क्रिकेट बचा है। मैं उनसे विनती करता हूं कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें। वरुण ग्रोवर ने लिखा, कोहली टेस्ट के सबसे बड़े किरदार स्टैंड-अप कामेडियन और मसान जैसी फिल्में लिखने वाले वरुण ग्रोवर ने सोशल मीडिया पर कहा, श्टेस्ट क्रिकेट बाकी खेलों से अलग है क्योंकि ये नैरेटिव का खेल है। इतने सारे वैरिएबल- 4 पारियां, 5 दिन, 22 स्पेशलिस्ट, रोज बदलता मौसम, कई बार एक दिन में 3 बार बदलता मौसम, हवा की नमी, पिच की तबीयत, सिक्के से लिखी किस्मत, और हर पल बदलती मानसिक संभावनाएं। वैसे तो हर खेल अपने आप में जीवन के किसी पहलू का पर्याय होता है लेकिन टेस्ट क्रिकेट किसी लिटरेसी उपन्यास सा है- कई सारी विधा एक ही स्याही में समेटे हुए। इसलिए टेस्ट क्रिकेट में वही सफल हुए, जिनके पास कहने को कोई कहानी थी। लंबी कहानी जो गीली, सूखी, देशी, विदेशी हर पिच पर लिख के भी खत्म न हो। विराट कोहली इस उपन्यास के पिछले दशक के सबसे बड़े किरदार हैं। उन्होंने न सिर्फ इस उपन्यास के सारे रसों को जिया, बल्कि इसे और समृद्ध भी बनाया।

# मिलक खेमपुर के जंगल में तेंदुए ने महिलाओं पर किया हमला

■ वन विभाग की टीम ने जाल लगाकर तेंदुए को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** मिलक खेमपुर के जंगल में गन्ने की खुदाई कर रही महिलाओं पर तेंदुए ने हमला कर दिया शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और तेंदुए को दौड़ा कर वन विभाग के हवाले कर दिया लोगों ने क्षेत्र में बढ़ रही है तेंदुओं की संख्या पर रोक लगाई जाने की मांग उठाई है। घटनाक्रम के मुता. बिक सुबह करीब 8:30 बजे मिलक खेमपुर गांव की महिलाएं खेतों में काम कर रही थी बताया गया कि तभी गन्ने के खेत से निकले तेंदुए ने एक महिला को टक्कर मार दी महिला तेंदुए को देखकर घबरा गई और शोर मचा दिया शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान लाठी डंडे और फावड़े लेकर दौड़े तो तेंदुआ गन्ने के खेत में छिप गया किसानों ने तेंदुए को दौडाना शुरू कर दिया कुछ ही देर में तेंदुआ थककर एक लकड़ी के ढेर में घुस गया ग्रामीणों ने हलका इंचार्ज सुमित कुमार को फोन पर सूचना दी सुमित कुमार द्वारा वन विभाग को सूचना दिए जाने के बाद वन विभाग की टीम जाल लेकर मौके पर पहुंची और कड़ी मस्कत के बाद तेंदुए को कब्जे में लेकर अपने साथ ले गई। इस मौके पर सुनील चौहान सत्येंद्र बिश्नोई डॉक्टर नसीम चरन सिंह चौहान महेंद्र जाटव कल्लू जाटव आदि काफी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे।



## खतौनी में अंश निर्धारण के नाम पर किसानों से की जा रही अवैध वसूली

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा बुधवार को तहसील परिसर में धरना देते हुए अपनी मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी चन्दौसी को मंडलायुक्त मुरादाबाद के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि चन्दौसी तहसील में राजस्वकर्मियों द्वारा भ्रष्टाचार कर किसानों का शोषण किया जा रहा है। तहसीलदार द्वारा तहसील चन्दौसी के कार्यालय को भ्रष्टाचार का गढ़ष बना दिया गया। तहसील के राजस्व अभिलेखों (खतौनी) में किसानों के मनमाने तरीके से अंश निर्धारित कर दिये गये हैं और सही कराने के नाम पर महीनों तक टालते हुए बिना सुविधा शुल्क लिया जाता है। इस दौरान काफी संख्या में तहसील क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।



## एक नजर

### ट्रैक्टर की टक्कर से हुई बाइक सवार की मौत के मामले में एफआईआर दर्ज

**कांठ।** थाना ठाकुरद्वारा के ग्राम सरकरा परम निवासी नरेश कुमार पुत्र बालक राम मंगलवार को अपने साथी विनोद कुमार के साथ बाइक पर अपनी रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में भात भरने जा रहा था। जैसे ही वह हीरापुर एवं रामगंगा नदी के बीच में पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

जिससे नरेश की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और उसका साथी विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में उपचार के लिए भर्ती कराया। मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया अंतिम संस्कार के बाद मृतक का भाई नरेंद्र कुमार थाने पहुंचा और तहरीर दी पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### ब्राह्मण समाज के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी पर किया रोष व्यक्त

**चन्दौसी।** बुधवार को ब्राह्मण शक्ति संघ द्वारा इंस्पेक्टर चन्दौसी को एक शिकायती पत्र सौंपा गया जिसमें कहा गया कि धर्मेंद्र जाटव नाम का कोई व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ब्राह्मण समाज को अभद्र व अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए प्रत्येक ब्राह्मण को मारने पर 100000 रु. इनाम देने



की बात कही, इस पोस्ट को देखकर ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है। प्रभारी निरीक्षक से रिपोर्ट दर्ज करके कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की। प्रार्थनापत्र देते समय निशांत शर्मा, विवेक मिश्रा, विवेक शर्मा गुमथल, सचिन शर्मा, मुकेश गौड़, निखिल शर्मा, सौरभ शर्मा, पराग शर्मा, जगदीश शर्मा, अनुराग शर्मा, यश शर्मा अमित शर्मा, सुमित शर्मा, हर्षित शर्मा, प्रशांत वशिष्ठ, सावन शर्मा, कृष्णा शर्मा, बृजेश शर्मा, अशोक पाराशरी, अभिषेक पाराशरी, अनमोल गौड़ आदि उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया मातृ दिवस

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वुमन पॉवर व जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन प्राइड द्वारा मातृ दिवस मनाया गया। कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष अनु रस्तोगी एवं यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, पास्ट प्रेसिडेंट पदमा भार्गव ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। तत्पश्चात् सभी पदाधिकारियों व दोनों ग्रुप के अध्यक्ष शुभा कागजी और अलका मंगल ने मदर्स-डे पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही डा. सुधा चौधरी, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी ने बताया कि आधुनिक युग में बच्चे व युवा अधिक मात्रा में जंग फूड खा रहे हैं, इसका उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। इन लोगों ने माताओं और बच्चों को जागरूक किया और समझाया कि स्वस्थ भोजन में पोषक तत्व होते हैं जो आपके शरीर को



ऊर्जा प्रदान करते हैं। इसमें विटामिन-डी, फाइबर, पोटैशियम, कैल्शियम आदि शामिल हैं। स्वस्थ भोजन मेवे, अंडे, फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, फलियां और डेयरी उत्पाद हैं। जंक फूड पर बहुत अधिक निर्भर रहने से आपके शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है।

समारोह को रोचक बनाने के लिए ग्रुप के सदस्यों और उनके बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उसके बाद माताओं का रैंप वॉक कराया गया। फिर सबने तंबोला और गेम्स खेले और चटपटे व्यंजनों का भी आनंद उठाया। समारोह का कुशल संचालन नीतू अग्रवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी को उपहार देकर आभार व्यक्त किया। समारोह में शुभ्रा, साधना, निमिषा, स्वाति, प्रीति, शिवानी, नैना, आँचल, राधिका, मानसी, नेहा, पूजा, प्रियांशी, काव्या, वंदना, सुरभि, मो. निका, रीना, ज्योति, शिल्पी, रुचि, मीनू, शिवांगी, गौरी, वर्षा, भावना, प्राची, मीनाक्षी, प्रियंका, गुंजन आदि मौजूद रहे।

### थाना प्रभारी कुढ़फतेहगढ़ का स्थानांतरण

**चन्दौसी।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाये रखने हेतु एसपी संभल द्वारा निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया गया है। वहीं थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के भीकनपुर गांव में चकरोड को लेकर फायरिंग हुई थी जिसमें खेत स्वामी की मौके पर मौत हो गयी थी और फायरिंग में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। हालांकि एक दिन पूर्व उपजिलाधिकारी निधि पटेल द्वारा राजस्वकर्मियों के साथ मौके पर जाकर नपत करायी गयी थी। अगले दिन जब मनरेगा के मजदूर चकरोड डाल रहे थे, उस समय दोनों पक्षों में झगड़े के दौरान सरकारी राइफल से गोली चली जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। उस मामले को लेकर एसएचओ को भी फटकार लगायी गयी। आखिर एसपी संभल द्वारा थानाध्यक्ष कुढ़फतेहगढ़ राधेश्याम शर्मा को हटाकर आईटी सेल में भेजा गया है और संदीप राज सिंह को कुढ़फतेहगढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### ट्रैफिक पुलिस ने किया स्कूल की छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक

**कांठ।** ट्रैफिक पुलिस ने सड़क पार कर रही स्कूल की छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी और जागरूक किया ट्रैफिक पुलिस के इंस्पेक्टर सतीश कुमार सोम ने बताया कि यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस को थाने के सामने मुख्य मार्ग पर तैनात किया गया है लेकिन इस मार्ग पर भारी संख्या में छात्र-छात्राओं का आवागमन जारी रहता है सड़क पार करने के लिए भी छात्राओं को सतर्कता बरतनी पड़ती है इससे जागरूक करने के लिए उनके द्वारा छात्राओं को पंपलेट वितरित किए गए और सड़क पार करने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।




## एकता एकेडमी के वार्षिकोत्सव में छात्रों ने मचाया धमाल

### खंड विकास अधिकारी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला में स्थित एकता एकेडमी में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम धूमधाम मनाय गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर समा बांध दिया। बुधवार को ब्लाक क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला स्थित एकता एकेडमी में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी चौतन्य कुमार पाठक ने मां सरस्वती व भारत माता के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि देश और क्षेत्र की तरक्की शिक्षा बिना नही है।

इसलिए लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाए। शिक्षा प्राप्त नोनिहाल अपने स्कूल और अभिभावकों सहित क्षेत्र का नाम रोशन करे।

कार्यक्रम में एडीओ कृषि नौबहार सिंह, कांग्रेस पार्टी के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष वसीम अहमद, श्रीबाला जी शक्ति पीठ ट्रस्ट रामपुर बलभंद्र के महंत विक्रम यादव आदि ने बच्चो को हौसला अफजाई करते हुए छात्रों को पुरस्कार देकर समारोह पूर्वकह सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापक मान्या चौधरी, एकता चौधरी, पायल देवी, गुडडी यादव, यश चौधरी, प्रिया यादव, कार्तिक यादव रिंकी चौधरी, सतीश चौधरी सहित छात्र-छात्राएं आदि शामिल रहे।



**ठाकुरद्वारा। गांव रामनगर खागूवाला एकता एकेडमी में छात्रों को सम्मानित करते खंड विकास अधिकारी व अन्य अतिथिगण।**

## राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति की ऑपरेशन सिंदूर पर काव्य-गोष्ठी हुई आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** साहित्यिक संस्था राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति की ओर सेश्ऑपरेशन सिंदूरश को समर्पित मासिक काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। अशोक विद्रोही द्वारा प्रस्तुत माँ शारदे की वंदना से आरंभ हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेन्द्र पाल सिंह विश्नोई ने की। मुख्य अतिथि डॉ. रमेश यादव कृष्ण एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रघुराज सिंह निश्चल मंचासीन हुए। कार्यक्रम का संचालन रामसिंह निशंक द्वारा किया गया।

उपस्थित रचनाकारों ने ऑपरेशन सिंदूर को आधार बनाकर अपनी काव्यात्मक अभिव्यक्ति की। रचना पाठ करते हुए राजीव प्रखर ने देश के लिए बलिदान करने वालों को नमन करते हुए कहा - ओ कलुष नापाक तू तो, माँ धरा पर भार है। हिन्द की इन बेटियों ने, फिर भरी हुंकार है। भर गया घट पाप का, अब अंत तेरा सामने। मिट गया सिन्दूर जो, वह बन चुका अंगार है। अशोक विद्रोही का कहना था - माथे का षसिंदूरष बना अभियान दिवाने निकल पड़े। माँ बहनों की लाज बचाने वीर जियाले निकल पड़े। डॉ. मनोज रस्तोगी के उद्गार इस प्रकार रहे - उड़ रही गंध ताजे खून की, बरसा रहा जहर मानस. न भी, घुटता है दम अब बारूदी झौंकों के बीच। डॉ. राकेश चक्र ने शत्रु को ललकारा - झूठा पाकिस्तान है, बेचे रोज जमीर। मातम में शहबाज है, गिरगिट बना मुनीर।वरिष्ठ कवि ओंकार सिंह ओंकार ने भी दुश्मन को इस प्रकार चेताया - अब भी यदि सुधरा नहीं, सुन ले पाकिस्तान। नहीं बचेगा शेष फिर, तेरा नाम निशान।। मनोज मनु के भाव इस प्रकार रहे - हम गौतम, नानक के वंशज,अपने को कमतर आँका है,लेकिन अब हद पार हो गई, यह तो इज्जत पे डाका है। नकुल त्यागी के अनुसार - आतंकवाद को खत्म करेंगे हमने मन में ठाना है।

युद्ध में भारत की ताकत को दुनिया ने पहचाना है! कार्यक्रम में महेंद्र पाल, रमेश गुप्त, आर. के.आर्य, रामगोपाल आदि साहित्य प्रेमी भी उपस्थित रहे। रामसिंह निशंक द्वारा आभार अभिव्यक्ति के साथ कार्यक्रम समापन पर पहुंचा।




## वारंटी अभियुक्त किया गिरफ्तार

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बनियाठेर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 119/2022 में वारण्टी अभियुक्त विनोद अग्रवाल पुत्र चंद्रकिरण नि0 चन्दौसी ग्रीन मुरादाबाद रोड चन्दौसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को उ0नि0 रमनपाल सिंह व सिपाही कुलदीप कुमार द्वारा गिरफ्तार किया गया।



## कचरा जलाते दो को पकड़ा, केस दर्ज


**भोजपुर।** उप निरीक्षक अंकुर चौधरी ने गश्त के दौरान गांव बसावनपुर के जंगल में ई-कचरा जला रहे दो युवकों को हिरासत में लेकर चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक के मुताबिक गश्त के दौरान रात को दस बजे पुलिस को गांव बसावनपुर और सिढ़लऊ के बीच आसमान में आग की लपटें और धुआं उड़ता दिखाई दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गांव बसा. वनपुर निवासी आलम पुत्र नजर हुसैन और शाने आलम पुत्र रिहान को तालाब के किनारे ई-कचरा जलाते रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके से भारी मात्रा में जला अधजला ई-कचरा कब्जे में लेकर बोरियां में भरकर थाने में लाकर जमा कर दिया। आरोपियों के खिलाफ ई-कचरा जलाकर वातावरण को दूषित करने के आरोप में केस दर्ज कर चालान कर दिया।

## राहत फार्म हाउस पर हुआ कैम्प कार्यालय भानु का उद्घाटन, अजीम राहत बने जिला सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** भारतीय किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष दानिश पाशा ने कुंदरकी नगर के इमरतपुर रोड स्थित चर्चित एवं मशहूर राहत फार्म हाउस में बुधवार को फीता काटकर कैम्प कार्यालय का उद्घाटन किया. संचालन जिलाउपाध्यक्ष हाजी इमरान ने किया। इस दौरान भाकियू भानु के कार्यकर्ताओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा। राहत फार्म हाउस में कैम्प कार्यलय उद्घाटन के दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने जय जवान-जय किसान के नारे लगाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम सब किसानों के उत्थान के लिए हमेशा खड़े हैं। एक श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के लिए पूरे मनोयोग से राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप के नेतृत्व में हम सब देश को सर्वश्रेष्ठ बनाने का कार्य करेंगे। कैम्प कार्यलय उद्घाटन के दौरान नवनियुक्त जिला सचिव अजीम राहत का फूल मालाएँ पहनकर स्वागत कर बधाई दी गयी तथा वसीम राहत, जुनैद अली और मोजज्म खान को भी पद वितरित कर संगठन को आगे बढ़ाने और किसानों की संस्याओं का समाधान करने का जिम्मा सौंपा गया। उद्घाटन में पहुंचे राष्ट्रीय सचिव देवेश भूषण ने कहा की हमारा संगठन कार्यकर्ता, कार्यालय, कार्यक्रम और कोष इन चार मूल मंत्र को लेकर चलता है। हम लोगों को सभी से संपर्क और संवाद स्थापित करना है साथ ही किसानों के साथ होने वाले अत्याचार के विरुद्ध एकजुट होकर खड़ा होना है। राहत फार्म हाउस में कैम्प कार्यालय उद्धघाटन के दौरान प्रदेश सचिव परवेज खान ने संगठन की नीतियों पर प्रकाश डाला प्रदेश सचिव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राहत फार्म हाउस में उद्घाटन के दौरान मण्डल मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता आजम राणा, मंडलाध्यक्ष उवेश उर्फ बाबू, छात्रसभा जिलाध्यक्ष शमशाद अल्वी, युवा जिला प्रभारी महफूज रजा, जिलाउपाध्यक्ष हाजी इमरान खान,ब्लॉक अध्यक्ष रहिसुल हसन,नगराध्यक्ष रुवेश खान,जिला सचिव सुहैल,युवा नगराध्यक्ष डॉक्टर फैजान,ब्लॉक महासचिव रईसुल फौजी,तहसील मंत्री शाने आलम,अल्पसंख्यक ब्लो अध फरमान खान,नगर सचिव अमान चौधरी, बब्बू पाशा,रोहन कुमार, बिलाल पाशा, शारिव पाशा,आशु दिवाकर, नदीम खान,बिट्टू पठान, गोलू सिंह,रहमान,पुन्नू दादा,सचिन बर्मा, वरिष्ठ सदस्य अफसर अली, अर्जुन शर्मा, अजीम खान, टोनी मिरासी, प्रदीप कुमार सहित अनेकों किसान मौजूद रहे।



## किसानों के आर्थिक हितों का ध्यान रखना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता: अपर गन्ना आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रमुख सचिव, बीना कुमारी एवं आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, उ.प्र.,लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अपर गन्ना आयुक्त (समितियां) उ. प्र लखनऊ/ नोडल अधिकारी, परिक्षेत्र मुरादाबाद डॉ वी बी सिंह अपने मुरादाबाद परिक्षेत्र भ्रमण के अंतिम दिन दिनांक 14 मई 2025 को उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद एवं जिला गन्ना अधिकारी, मुरादाबाद के साथ चीनी मिल, स्योहारा के कांठ क्षेत्र में चीनी मिल द्वारा की जा रही विभिन्न गन्ना विकास गतिविधियों का निरीक्षण कर उनकी जमीनी हकीकत को परखने पंहुचें। नोडल अधिकारी ने चीनी मिल द्वारा किसानों को अनुदान स्वरूप दिए जा रहे कृषि रसायन, लाइट ट्रैप, डेल्टा ट्रैप, ट्रैक्टर माउंटेड स्प्रे मशीन से पेडी फसल पर हो रहे फोलियर स्प्रे, चौड़ी विधि से हुई बुवाई एवं गन्ना सर्वेक्षण का हाल जाना उन्होने किसान विपिन कुमार ग्राम सिरसा के पेडी के खेत में हो रहे ट्रैक्टर चलित पवार स्प्रे, रामचंद्र सिंह ग्राम सिरसा द्वारा 4 पर फीट की गई गन्ना प्रजाति को. 0118, को. 18231 कोशा..17231 एवं को.लख.. 16202 का भी निरीक्षण किया तथा किसान देवराज ग्राम मुख्तियारपुर नवादा में गन्ना सर्वेक्षण की भी जांच की जो सही पाया ।

अपर गन्ना आयुक्त नोडल अधिकारी मुरादाबाद जनपद में विकास कार्यों के आंकलन करने के लिये अगवानपुर चीनी मिल के ग्राम दयानाथपुर में कृषक श्री लेखराज सिंह पुत्र श्री होरी सिंह के खेत पर गन्ना सर्वे की मैन्युअल फीता द्वारा जांच करने पंहुचें जो सही पाई गई। उन्होने ग्राम चक हमीदपुर में कृषक श्री विनोद कुमार पुत्र श्री नत्थूसिंह के पेड़ी प्लाट पर सागरिका और एन.पी.के. 19:19:19: का पावर स्प्रेयर के माध्यम से किये जा रहे छिड़काव का को भी देखा तथा ग्राम सदरपुर में कृषक श्री मुकेश सिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह के खेत में गन्ना किस्म को.लख. 14201 की आधार पौधशाला का निरीक्षण भी किया,प्लाट की दशा अच्छी पाई गई। इसके बाद स्योहारा चीनी मिल के ग्राम सिरसा में श्री ऋषी पाल सिंह पुत्र श्री रामचंदर के ट्रेंच विधि से बोये गए बसंतकालीन प्लाट का निरीक्षण किया, जिसमें लाइट ट्रैप लगाए गए थे इसी ग्राम में

कृषक श्री सुक्खन सिंह पुत्र श्री अंतराम सिंह के खेत पर चल रहे कीटनाशक दवाओं के स्प्रे को भी उन्होने परखा। अपने भ्रमण के दौरान नोडल अधिकारी चीनी मिल रानीनांगल के ग्राम खूंटखेड़ा में श्री बृजकुमार पुत्र श्री छोटे सिंह के खेत पर पेट्रोल चलित स्प्रेयर से ताला गोल्ड के छिड़काव का निरीक्षण करने पंहुचे। उन्होने ग्राम मिश्रीपुर में श्री घनश्याम सिंह पुत्र श्री सटरु के खेत में गन्ना किस्म को. 0118 के बसंतकालीन प्लाट का निरीक्षण किया तथा उपस्थित किसानों को 4 फीट पर बुबाई करने की सलाह दी, इसके उपरांत अगवानपुर चीनी मिल प्रांगण में आयोजित गोष्ठी में किसानों को संबोधित करते हुए चीनी मिल क्षेत्र में प्रजाति संतुलन, ट्राईकोडर्मा का प्रयोग, गन्ने खेती में यंत्रीकरण, के बारे मे जानकारी देते हुये किसानों को खेतो पर जाकर गन्ना सर्वेक्षण कराने हेतु अपील भी की। अपर गन्ना आयुक्त/नोडल अधिकारी अगवानपुर चीनी मिल प्रांगण में आयोजित गोष्ठी में श्री योगेन्द्र सिंह पुत्र श्री छत्रपाल सिंह ग्राम नाजरपुर खुर्द, श्री ओमपाल सिंह पुत्र श्री रामचरन सिंह ग्राम मौढा, श्री बिृजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री सेवाराम ग्राम समंदपुर एवम श्री इस्लाम पुत्र श्री शफीक ग्राम चौहरा को चार छोटे ट्रैक्टरों का वितरण भी किया। गोष्ठी में जिला गन्ना अधिकारी मुरादाबाद ने भी संबोधित किया जिसमें गन्ने की उन्नतशील किस्मों की बुबाई एवं समिति में उपलव्ध कीटनाशकों पर दिये जाने वाले अनुदान के बारे में जानकारी दी। परिक्षेत्र भ्रमण के उपरान्त अपर गन्ना आयुक्त/नोडल अधिकारी ने गन्ना भवन मुरादाबाद के सभागार में परिक्षेत्र के समस्त जिला गन्ना अधिकारियों, सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, समस्त सचिव सहकारी गन्ना विकास समितियां एवं सभी चीनी मिलों के साथ समीक्षा बैठक की।

उन्होने इस बैठक मे बसंतक. ालीन बुआई एवं गन्ना सर्वेक्षण की चीनी मिलवार समीक्षा कर सम्बधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। नोडल अधिकारी ने बैठक मे जनपदवार/समितिवार ड्रोन की उपलब्धता, गन्ना समितियों में एन.पी.के., यूरिया, डी.ए.पी., ट्राईकोडर्मा के उपलब्ध स्टॉक वितरण एवं मांग की समीक्षा कर अधिकारियों से कहा कि गन्ना समितियों में कृषि निवेशों की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखें। गन्ना समितियों में फार्म मशीनरी बैंक के अन्तर्गत कृषि यंत्रों के संच. ालन,, सन्तुलन पत्रों का अभिलेखों से मिलान आदि की समीक्षा कर अपर गन्ना आयुक्त/ नोडल अधिकारी विभागीय अधिकारियों से दो टूक कहा कि विशेष लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की अनुपालन आख्या का समय से प्रेषण करें विलम्व होने पर सम्बन्धित के विरूद्व कडी कार्यवाही की जायेगी।

इस अवसर पर श्री राम किशन जिला गन्ना अधिकारी मुरादाबाद, पी.एन. सिंह जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर, शैलेष मौर्य जिला गन्ना अधिकारी रामपुर, राजेशवर यादव जिला गन्ना अधिकारी सम्भल आहद उपस्थित रहें।

# आखिर जवान की वापसी

22 अप्रैल का पहलगाम हत्याकांड, उसके बाद पाकिस्तान के भारत के तीन राज्यों पर ड्रोन और चाइना मेड मिसाइलों से हमले तथा इन हमलों का भारत की ओर से दिए गए जवाब व इसके बाद सीजफायर के बीच भारत के लिए एक और राहत भरी खबर आई है। पाकिस्तान ने बीएसएफ के जवान पूर्णम कुमार को रिहा कर दिया है। इस बात की पुष्टि बीएसएफ ने भी की है। हालांकि पाकिस्तान का एक रेंजर अभी भारत के कब्जे में है। उल्लेखनीय है कि जब 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 28 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया था, वह भी उनसे उनका धर्म पूछकर। इसके अगले ही दिन यानि 23 अप्रैल को बीएसएफ का जवान पूर्णम कुमार गलती से पाकिस्तान बॉर्डर की तरफ चला गया था, तब से वह पाकिस्तानी सेना के कब्जे में था, जिसे आज अटारी-बाघा बार्डर पर भारतीय बीएसएफ को सौंपा गया। इस तरह की अदला-बदली सेना के माध्यम से अपने-अपने देश को मोहब्बत का पैगाम देती है। क्योंकि यदि पाकिस्तान चाहता तो कुलभूषण की तरह ही उसे भी नहीं छोड़ता, लेकिन जिस प्रकार से अघोषित युद्ध के बीच बीएसएफ के जवान को भारत को सौंपा है, उससे साफ है कि पाकिस्तान की सेना कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहती, जिससे उनके देश में अमन चैन को बाधा पहुंचे। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या पूर्णम कुमार को फौरन ड्यूटी पर वापस ले लिया जाएगा। इस का उत्तर है नहीं, क्योंकि सेना के कुछ नियम होते हैं, जिन्हें फालो करना होता है। जैसा कि विंग कमांडर अभिनंदन के मामले में हुआ था। दरअसल, बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट को मारकर जब मिग-21 भारत लौट रहा था, तब उस समय विंग कमांडर जिस मिग-21 को उड़ा रहे थे, वह रास्ते में क्रैश हो गया और यह भारतीय फाइटर जेट पाकिस्तानी सरहद से करीब 10-12 किलोमीटर अंदर जा गिरा था। तब पाकिस्तानी रेंजर्स ने विंग कमांडर अभिनंदन को बंदी बना लिया था। हालांकि, बाद में विंग कमांडर अभिनंदन को पाकिस्तान ने पूरे सम्मान के साथ भारत को सौंप दिया था, लेकिन उन्हें अपने वतन वापस आने के बाद फौरन बाद फिर से ड्यूटी की जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई थी। इससे पहले उन्हें कुछ प्रोटोकॉल्स से गुजरने होते हैं। कुछ समय के लिए उस जवान को ग्राउंडेड कर दिया जाता है। प्रोटोकॉल के मुताबिक, सामान्य तौर पर जब एक पायलट विमान से बाहर की तरफ कूदता है तो सुरक्षा प्रोटोकॉल के मद्देनजर कुछ समय के लिए उनको ग्राउंडेड कर दिया जाता है। इस तरीके की घटना के बाद पाकिस्तान से लौटे किसी भी जवान की नौकरी भी नहीं छिनी जानी जाती है। हालांकि, कुछ दिनों के लिए उनको किसी भी ऑपरेशन में बाकी जवानों के साथ नहीं रखा जाता है। ऐसा उनकी सुरक्षा और मेंटल हेल्थ के लिहाज से किया जाता है। खैर अब पाकिस्तान समझ गया है कि भारत से उलझना एक टेढ़ी खीर है। इसलिए उसकी सेना ने ऐसा कदम उठाया है, जिसकी भारत में तारीफ हो रही है। भारत और पास्तिान के बीच तनाव का मामला नया नहीं है।

## धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी



आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को एक दिन आतंकवाद का यही विषैला सर्प निगल लेगा, पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है, जब चुनौती हो और राष्ट्रीय संकट के लिए कोई जगह दे रहा हो, तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है, इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाक पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70 -75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं, पाक ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है, आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल लेगा, खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उप्र**

# टीआरपी की खातिर 'जमूरा' कुछ भी करेगा






निर्मल रानी

**देश का मजबूत होना जरूरी है, परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टीवी चैनल खोलकर देखे इसमे सिवाय चीखने चिल्लाने, बदतमीजी की भाषा बोलने, अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदजुबानी से पेश आने, हिन्दू-मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद, भाषा विवाद, खालिस्तान, झूठ, अफवाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नजर नहीं आता**

अभी गत 28 मार्च 2025 की ही बात है जबकि ज़ी न्यूज़ टीवी चैनल के स्वामी सुभाष चंद्रा को ज़ी न्यूज़ की ओर से अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर रिया चक्रवर्ती को टारगेट करने से सम्बंधित ख़बरों को उनके चैनल ज़ी न्यूज़ द्वारा ग़लत तरीक़े से पेश करने के लिए मुआफी मांगनी पड़ी थी। सुभाष चंद्रा ने कहा था कि सुशांत राजपूत आत्महत्या मामले में सीबीआई ने क्लोज़र रिपोर्ट दायर कर दी है। मुझे लगता है ऐसा विश्वसनीय सबूतों के अभाव में हुआ है। अब अस्पष्टता की कोई जगह नहीं है। इसका मतलब ये है कि कोई मामला नहीं बनता है। पीछे मुड़कर सोचता हूं तो मुझे लगता है कि रिया को मीडिया ने अभियुक्त बनाया और इसकी अगुवाई ज़ी न्यूज़ ने अपने तत्कालीन संवाददाताओं और संपादकों के ज़रिए की। दूसरों ने इसमें ज़ी न्यूज़ को फ़ॉलो किया। ज़ी न्यूज़ के मेंटर के रूप में मैं उनसे कहूंगा कि बहादुरी दिखाएं और मुआफ़ी मांगें। मैं रिया से मुआफ़ी मांगता हूं, भले ही इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी। गोया सुभाष चंद्रा ने यह स्वीकार किया था कि ज़ी न्यूज़ ने रिया चक्रवर्ती को ग़लत तरीक़े से आरोपी के रूप में पेश किया और अन्य मीडिया ने इसका अनुसरण किया।

सवाल यह है कि क्या ज़ी न्यूज़ के किसी संपादक या पत्रकार ने अपने मालिक की बात मानी और मुआफ़ी मांगी और तो और क्या इस के बाद ज़ी न्यूज़ या उसके साथ झूठ परोसने का कारोबार करने वाले अन्य चैनल्स ने सुशांत राजपूत मामले से कोई सबक़ सीखा? शायद बिल्कुल नहीं। बल्कि सच्चाई तो यह है कि मीडिया की बेहयाई व बेशर्मी में और अधिक इजाफा होता जा रहा है। गत दस वर्षों से गोदी मीडिया सत्ता की कठपुतली बन चुका है और सत्ता से सवाल पूछने के बजाए विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करता रहता है। देश में अमन शांति की बातें करने के बजाए विभाजनकारी एजेंडा चलाता है। कोरोना काल जैसे संकटकाल से लेकर वर्तमान भारत पाक युद्ध जैसे अति गंभीर व संवेदनशील समय में भी सत्ता के इन्हीं 'जमूरों' ने जिस तरह सांप्रदायिक एजेंडा चलाया उससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है।

यही मीडिया भारत के विश्वगुरु बनने का ढोल पीटता है तो कभी विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने की बात करता है। परन्तु शायद यह भूल जाता है इन सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए समाज के हर वर्ग का एकजुट होना ज़रूरी है। देश का मज़बूत होना ज़रूरी है। परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टीवी चैनल खोलकर देखें इसमें सिवाय चीख़ने चिल्लाने, बदतमीज़ी की भाषा बोलने, अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदज़ुबानी से पेश आने, हिन्दू मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद, भाषा विवाद, ख़ालिस्तान, झूठ, अफ़वाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नज़र नहीं आता। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले व उसके बाद भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद अनेक भारतीय न्यूज़ चैनल्स विशेषकर ज़ी न्यूज़, आज तक, और रिपब्लिक भारत आदि ने राष्ट्रवाद के नाम पर जमकर सनसनीखे़ज़ सुर्ख़ियां बनाईं व भ्रामक ब्रेकिंग न्यूज़ चलाई गईं। मिसाल के तौर पर एक शीर्षक था आज पाकिस्तान की आखिरी रात! तो दूसरा 'भारत का फ़ाइनल अटैक! आधा पाकिस्तान तबाह' आदि भ्रामक शीर्षक ने तनाव को बढ़ाने में कुछ अधिक योगदान दिया। निश्चित रूप से इससे जनता में भय और आक्रोश की भावना बढ़ी। साथ ही ऐसी ख़बरों के साथ जब गला फाड़ने और स्टूडियो में उछल कूद करने जैसी बेहूदा प्रवृति भी शामिल हो जाए तो न्यूज़ ऐंकर तो पूरी तरह 'जमूरे' के किरदार में ही नज़र आता है।

यही नहीं बल्कि इसी 'जमूरा गिरोह' द्वारा ग़लत सूचना और फ़र्ज़ ख़बरों का भी जमकर प्रसार किया गया। कुछ मीडिया चैनल्स ने असत्यापित जानकारी, संपादित वीडियो, यूक्रेन-रूस युद्ध और यहां तक कि वीडियो गेम फुटेज तक को युद्ध से सम्बंधित वास्तविक घटनाओं के रूप में प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए, जम्मू एयरफ़ोर्स बेस पर धमाके या जालंधर में ड्रोन हमले की ख़बरें फ़र्ज़ी पाई गईं। इससे न केवल भारत में ग़लत सूचना फैली, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी शर्मिंदगी हुई। भारतीय मीडिया की भ्रामक व अफ़वाहपूर्ण कवरेज ने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की गोया बाढ़ सी ला दी। अनेक वायरल वीडियो, सैन्य गतिविधियां या ड्रोन हमलों के दावे, अधिकांश संपादित या फ़र्ज़ी थे। ख़बरों के अनुसार कई भारतीय चैनल्स ने पाकिस्तान में भी कई ऐसे मोहरे तलाश लिए थे जिन्हें वे पैसे देकर अपने चैनल्स पर बुलाते थे और उन्हें गलियां देकर, अपमानित कर जानबूझ कर माहौल में गर्मी पैदा करते थे। यानी ख़ुद नूरा कुश्ती कर जनता को तनाव में डालते थे। आख़िरकार मीडिया की इस ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरकत की वजह से ही सरकार के सूचना व रक्षा मंत्रालय और सैन्य व विदेश विभाग के अधिकारियों को ऐसे भ्रामक प्रसारण को लेकर सावधानी बरतने की अपील करनी पड़ी। परन्तु जिस बेशर्म मीडिया को अदालतों की झिड़की की परवाह नहीं, जिस बेहया गोदी मीडिया को अपने मान सम्मान व प्रतिष्ठा की फ़िक्र नहीं वह भला भारत सरकार के निर्देशों की क्या परवाह करने वाला? जिसे इस बात की फ़िक्र नहीं कि उसे तिहाड़ी, गोदी, दलाल, चरण चुम्बक, भक्त मीडिया जैसे 'अलंकरण' से 'नवाज़ा' जाने लगा है वह कहाँ सुधरने वाला। पूरी दुनिया के सोशल मीडिया और टी वी चैनल्स में इस बात का मज़ाक़ उड़ाया जा रहा है कि इसी दलाल मीडिया ने कराची बंदरगाह पर हमला करा दिया था, आख़िर किस आधार पर इसी मीडिया ने लाहौर पर क़ब्ज़ा करा दिया, इस्लामाबाद पर भारतीय सेना का क़ब्ज़ा करा दिया और तो और पाकिस्तान का प्रधानमंत्री निवास तक उड़ा दिया। बेशक पाकिस्तानी मीडिया द्वारा भी इसी तरह की कई बेसिर पैर की बातें की गईं। जैसे 'पटना व बेंगलुरु के बंदरगाहों पर पाकिस्तान का हमला' जबकि इन दोनों जगह न तो समुद्र है न ही बंदरगाह। परन्तु हमें पाकिस्तान के मीडिया से तुलना करने की ज़रुरत ही क्या ? हम तो 'विश्वगुरु भारत' के मीडिया की विश्वसनीयता की बात ही कर सकते हैं। गत दस वर्षों से इसी मीडिया पर हिंसा और नफ़रत फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। आज देश में सामाजिक विभाजन की जो रेखाएं गहरी हुई हैं उसमें इसी मीडिया की अहम भूमिका है। उस दौरान मीडिया के बेलगाम होने पर सरकार की ख़ामोशी पर भी बार बार सवाल उठे। परन्तु सत्ता ने स्वयं को लाभान्वित होते देख उस समय इनपर कोई लगाम नहीं कसी न ही नियंत्रित रहने के निर्देश जारी किए। जबकि देश की अदालतों ने एक नहीं अनेक बार मीडिया को उसकी इन्हीं ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारणों के चलते आइना भी दिखाया, निर्देश भी दिए परन्तु इनकी बेशर्मी जस की तस क़ायम रही। और इसी विभाजनकारी एजेंडे के बल पर अपनी टीआरपी बढ़ती देख मीडिया उसी ढर्रे पर चलता रहा। और इसी बेलगामी का परिणाम यह रहा कि भारतीय मीडिया भारत-पाक तनाव के दौरान भ्रामक समाचार, सनसनीखे़ज़ कवरेज, ग़लत सूचना आदि प्रसारित करता रहा। और मीडिया के इसी ग़ैर ज़िम्मेदाराना रवैय्ये ने इसकी विश्वसनीयता पर विश्व स्तर पर सवाल उठाए। कुछ आउटलेट्स ने संतुलन बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन समग्र रूप से मीडिया की भूमिका विवादास्पद रही। इतनी बदनामी व अपमान सहने के बाद आज भी मीडिया अपने ढर्रे पर क़ायम है। गोया इनकी नज़रों में यही पत्रकारिता है।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# उन्नत रक्षा तकनीक और रिसर्च के नए रास्ते...



पवन सिंह

**भारत ने 2022 में 15920 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात किए थे, भारत-पाकिस्तान का जारी संघर्ष चीन व अमेरिकी लड़ाकू विमानों के बाजार का भविष्य तय कर रहा है, हथियार बाजार चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी और अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 का बाजार भाव तय कर रहा है**


भारतीय सेनाओं ने भारत-पाक संघर्ष में अपनी युद्धकला का जिस तरह से मुजाहिरा किया है वह पूरे विश्व के हथियार बाजार के स्वरूप को बदल कर रख देगा। दुनियां की सबसे प्रोफेशनल और समर्पित व युद्ध की अनेक. ानेक जबरदस्त पैतरेबाजी में माहिर भारतीय सेनाओं ने अपने शानदार प्रदर्शन, संयमित व संतुलित मीडिया ब्रीफिंग के जरिए बहुत कुछ नए मानदंड स्थापित किए हैं। दुनियां की सभी सैन्य निर्माता कंपनियां इस सैन्य संघर्ष का बहुत ही बारीकी से अध्ययन कर रही हैं। दो-दो देशों द्वारा पाक की 'बैक डोर हथियार मदद' के बावजूद जिस तरह से भारतीय सेनाओं ने अपनी सीमा में बैठे-बैठे पाक द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 'उधार के हथियारों' की बैंड बजाई है, वह वैश्विक स्तर पर युद्ध विज्ञान, अनुसंधान और निर्माण की दिशा-दशा को नए आयाम देगी। निकट भविष्य में भारत में सैन्य तकनीक और विकास का एक नया दौर तेजी से बहुत सारे अवसर खोजे लेगा। देश के युवाओं के लिए निजी और सरकारी दोनों ही क्षेत्रों में जबरदस्त कार्य के अवसर खुलेंगे। रक्षा शोध और विकास संगठन (**Defence Research and Development Organisation DRDO**) भारत ने पहले ही इस दिशा में अपने कदम बढ़ा दिए हैं। डीआरडीओ ने निजी क्षेत्र को भविष्य की सैन्य तकनीक विकसित करने में मदद के लिए नई नीतियों बनाई हैं और उस पर अमल भी शुरू कर दिया है।

प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत मौजूदा सैन्य उत्पादों व प्रणालियों को और अधिक उन्नत व संवेदनशील बनाने के लिए वित्तीय सहायता और विशेषज्ञता प्रदान की जा रही है। डीआरडीओ ने अपनी सभी सैन्य प्रयोगशालाओं को इस तरह से डेवलप किया है कि रक्षा प्रौद्योगिकियों और उत्पादों को इस तरह से डिजाइन किया जाए कि वह भविष्य में होने वाले युद्धों का पासा पलट सके। रक्षा मंत्रालय अपनी टीडीएफ योजना के तहत इस बात पर जोर दे रहा है कि सैन्य उपकरणों/हथियारों की उत्पादन लागत भी कम हो और वो तेज व अचूक हों। भारत-पाकिस्तान के इस टकराव ने बता दिया है कि स्पीड और एक्युरेसी का तालमेल बाजी पलट सकता है। रक्षा मंत्रालय ने दिसम्बर, 2024 तक टीडीएफ योजना के अंतर्गत लगभग 335 करोड़ लागत की 80 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। जो जानकारी सूत्रों से मिली है उसके अनुसार रक्षा क्षेत्र में जो भारतीय उद्योग सक्रिय हैं उन्होंने 18 सैन्य तकनीकों पर बेहतरीन कार्य को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका में डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी (**DARPA**) और डीआरडीओ ने हाथ मिला लिया है और रक्षा क्षेत्र में भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों के साथ मिल कर कुछ बड़े अनुसंधानों पर कार्य आरंभ हो चुके हैं। रक्षा उत्पादन और रिसर्च के लिए **MSME** और **TART-UP** के तहत करीब 930 करोड़ रुपये की राशि की 264 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

वैश्विक रक्षा बाजार बहुत तीव्र गति से बढ़ रहा है और भारत अब अपने सैन्य हथियारों की बिक्री के लिए इस बाजार में घुस चुका है। वर्तमान में अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार विक्रेता है। अमेरिका के बाद फ्रांस व रूस हथियारों के बड़े सौदागर हैं। जबकि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार खरीदी करने वाला देश है। भारत के बाद यूक्रेन व सऊदी अरब अन्य बड़े हथियार खरीददार हैं। भारत अब विदेशी हथियारों की निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रहा है और वह निर्यातकों की सूची में शामिल हो चुका है। हथियारों के वैश्विक बाजार का आकार वर्ष, 2022 में 62.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2030 तक यह 96.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर को भी पार कर जायेगा। भारत नेक्ष वैश्विक हथियार बाजार में एक छोटा कदम ही सही लेकिन बतौर हथियार निर्यातक देश, एक कदम आगे बढ़ाया है। भारत ने 2022 में 15920 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात किए थे।

भारत-पाकिस्तान का जारी संघर्ष चीन और अमेरिकी लड़ाकू विमानों के बाजार का भविष्य तय कर रहा है। हथियार बाजार चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी और अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 का बाजार भाव तय कर रहा है। भारत जहां मिसाइल तकनीक में महारथ हासिल कर चुका है वहीं लड़ाकू विमानों के अनुसंधान, विकास और उत्पादन के मामले में बहुत कुछ विदेशी खरीद पर निर्भर है। यह एक गंभीर चुनौती है और रक्षा मंत्रालय इस बड़ी चुनौती से कैसे निपटा है, यह समय बताएगा। फिलहाल बहुत तेजी से निजी क्षेत्र की भारतीय कंपनियों ने सैन्य उपकरणों, हथियारों के विकास की ओर कदम बढ़ाए हैं। टाटा स्पेन की कंपनी के साथ सैन्य विमान के निर्माण की ओर कदम बढ़ा चुका है। टाटा की इस औद्योगिक इकाई में सी 295 विमान बनाए जाएंगे जिसे स्पेनिश कंपनी **CASA** ने डिजाइन किया है और यह मध्यम सामरिक परिवहन विमान है। भारत की एक निजी क्षेत्र की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के शेयर अचानक आसमान चढ़े हैं। यह कंपनी भारतीय सेना के लिए हैंड ग्रेनेड, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर से लेकर मिसाइल तक बना रही है। इस कंपनी ने वर्ष, 2011 में डिफेंस सेक्टर में कदम रखा था और यह ब्रह्मोस मिसाइल का बूस्टर बनाने वाली पहली निजी क्षेत्र की कंपनी है। इसके अलावा टाटा एडवांस सिस्टम, एलएंडटी डिफेंस, पारस डिफेंस, महेंद्रा जैसी कई कंपनियां रक्षा क्षेत्र में सामने आई हैं। भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं वहीं रक्षा उपकरणों पर विदेशी निर्भरता कम होगी। यानी आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और निर्माण की दिशा पर बहुत तेजी से कार्य करने की जरूरत है। पढ़ेगा इंडिया रिसर्च करेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडिया।

# चीन और पाकिस्तान के बीच फंसता नेपाल





यशोदा श्रीवास्तव

**पाकिस्तान से नेपाल के रिश्ते भारत जैसे कटु नहीं है, लेकिन ओली सरकार क्या अपने नागरिक की हत्या पर पाकिस्तान से जरा भी गुस्सा नहीं हुई**

पहलगाम आतंकी हमले का दंश नेपाल को भी झेलना पड़ा है। बुटवल के एक नागरिक सुदीप न्योपाने को उस हमले में अपनी जान गंवानी पड़ी थी। वे अपनी मां और बहन बहनोई के साथ कश्मीर घूमने गए थे। नेपाली लोग अमूमन किसी अन्य हिल स्टेशन पर नहीं जाते क्योंकि नेपाल स्वयं एक हिमालयी देश है जहां की वादियां और पहाड़ कश्मीर सरीखे ही हैं। लेकिन इधर कश्मीर निसंदेह आतंक मुक्त था इसलिए वहां पर्यटकों की आवाजाही में इजाफा होने लगा था। टुरिस्ट व्यवसाय से जुड़ा हर कश्मीरी खुशहाल हो रहा था। पहलगाम हमले से कश्मीर का टूरिस्ट उद्योग एक बार फिर छिन्न-भिन्न हुआ है। जाहिर है कश्मीर में जो शांति का माहौल था उससे भारत ही नहीं विदेशों के पर्यटक भी प्रभावित हो रहे थे। सुदीप न्योपाने और उनका परिवार भी उसमें से एक था। लेकिन इस परिवार को जो जख्म मिला, वह शायद ही फिर कभी इन्हें कश्मीर की ओर आकर्षित करने में कामयाब हो।

कश्मीर में सुदीप न्योपाने की हत्या से नेपाल में भी गम का माहौल था। ओली के नेतृत्व वाली हुकूमत ने भी इस पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आतंकियों की खूब मजम्मत की। आतंक के खिलाफ भारत के हर कदम पर खड़ा रहने का भरोसा भी दिया। लेकिन यह कैसा भरोसा था कि जब पहलगाम का बदला लेने के लिए भारत पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहा था तब पाकिस्तान के ग्यारह सैन्य अफसर नेपाल में प्रशिक्षण के लिए पंहुच गए। माना कि पाकिस्तान से नेपाल के रिश्ते भारत जैसे कटु नहीं है लेकिन ओली सरकार क्या अपने नागरिक की हत्या पर पाकिस्तान से जरा भी गुस्सा नहीं हुई। वे कहते हैं कि नेपाल सरकार अपनी धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए कदापि नहीं करने देगी तो क्या नेपाल में प्रशिक्षित पाकिस्तान के सैनिक भारत पर फूल बरसाते। भारत के लिए यह घटना चौंकाने वाली हो सकती है कि पाकिस्तान सशस्त्र बलों के विभिन्न संस्थानों में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके नेपाली सेना के पूर्व सैनिकों का एक सम्मेलन काठमांडू स्थित पाकिस्तान दूतावास में आयोजित किया गया। इसके पहले पाकिस्तान के 11 सदस्यीय सैन्य अफसर नेपाल में 15 मई तक प्रशीक्षण पर हैं। नेपाली सेना के अनुसार पाकिस्तान के नेशनल सिक्योरिटी एंड वार कालेज के ये 11 पाकिस्तानी सैन्य अफसर 4 मई को एयर कमोडोर साद मंसूर अंसारी के नेतृत्व में नेपाल आए हैं। ये सभी पाकिस्तानी सैन्य अफसर 15 मई तक नेपाली सेना माउंटेन वार फेयर कालेज में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। काठमांडू स्थित पाक दूतावास पर आयोजित इस सम्मेलन में ये सभी पाकिस्तानी सैन्य अफसर मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाली सेना के पूर्व प्रमुख गौरव शमशेर राणा थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सेना प्रमुख राजेन्द्र क्षेत्री भी उपस्थित थे। सम्मेलन में पाकिस्तान दूतावास के सैन्य सलाहकार कर्नल मुहम्मद अली अल्वी ने नेपाल और पाकिस्तान के सैनिकों के बीच संबंधों और प्रशिक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'पाकिस्तानी सशस्त्र बल नेपाली सेना की क्षमता निर्माण में भविष्य में भी सहयोग करता रहेगा'। इतना ही नहीं नेपाल के पूर्व सेना प्रमुख राणा ने यह तक कहा कि पाकिस्तानी संस्थानों के माध्यम से नेपाली सेना की क्षमता वृद्धि जैसे कार्यक्रम संस्था और इसमें भाग लेने वाले दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। नेपाल में पाकिस्तान के राजदूत अबरार एच. हाशमी ने कहा कि नेपाल और पाकिस्तान के बीच संबंध आपसी विश्वास और हितों पर आधारित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों देशों के बीच वर्तमान सैन्य संबंध भविष्य में और मजबूत होंगे और नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे।

यह भी गौरतलब है कि ओली भारत के विरोध में हो सकते हैं, नेपाल की जनता भी हो, ऐसा नहीं है और तमाम सारे विपक्षी दल भी ओली के सुर में सुर मिलाएं, ऐसा भी नहीं है। नेपाल में पाकिस्तानी सैन्य अफसरों की मौजूदगी की निंदा काठमांडू में खूब हुई। तमाम विरोधी दलों के नेताओं ने ओली के इस कदम को गैरवाजिब ठहराया। नेपाल प्रतिनिधि सभा के पूर्व सदस्य अभिषेक प्रताप शाह ने कहा है कि नेपाल सरकार को ऐसे किसी भी आयोजन से बचना चाहिए जो पड़ोसी राष्ट्र की भावनाओं को आहत करता हो। यह बताने की जरूरत नहीं है कि नेपाल चीन की गोद में बैठने को बेताब है और भारत पाक के बीच युद्ध जैसे हालात के दरम्यान चीन की क्या भूमिका थी? लेकिन भारत चीन के पहले नेपाल का न केवल पड़ोसी बल्कि बड़े भाई जैसा मित्र राष्ट्र है। ओली को इतना तो जरूर सोचना चाहिए था कि यदि पाकिस्तान के सैन्य अफसरों का नेपाल में प्रशिक्षण जरूरी है तो वह इसे कम से कम भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे फायरिंग के समय तक होल्ड कर सकते थे। नेपाल में कोई भी सरकार हो, सभी कहते हैं कि नेपाल की धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं होगा। लेकिन इस पर अमल नहीं हो पाता। नेपाल की धरती से छिटपुट आतंकी घटनाओं को नजरंदाज भी कर दें तो 1999 में काठमांडू हवाई अड्डे से आतंकियों द्वारा भारतीय यात्रियों से भरे भारतीय जहाज का अपहरण कैसे भूला जा सकता है? अभी बुद्ध पूर्णिमा के दिन भारत सीमा से सटे भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी से ओली ने शांति, प्रेम और करुणा पर खूब लंबा चौड़ा ज्ञान बांटा। काश नेपाल के प्रधानमंत्री ओली बुद्ध के दिखाए मार्ग पर थोड़ा भी चल पाते!

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# चेहरे की खूबसूरती बरकरार रखने में फायदेमंद हो सकती है फिटकरी



चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन गर्मियों में स्किन का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि गर्म हवाओं की वजह से फेस पर अलग-अलग तरह की परेशानियां हो सकती हैं। जिससे महिलाएं परेशान हो जाती हैं। वहीं अगर आपको गर्मी के मौसम में स्किन प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। दरअसल, आप घर पर ही अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बना सकती हैं। चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। गर्मी में छोटी-मोटी परेशानियां चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकती हैं। आप इन समस्याओं से बचने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं फिटकरी भी फेस के लिए फायदेमंद हो सकती है।

### फिटकरी से बनाएं टोनर

ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें, तो आप फिटकरी से टोनर भी बना सकती हैं। इसके लिए फिटकरी को एक कंटेनर में डाल दें। अब इसमें थोड़ा सा पानी डालकर कुछ देर के लिए रख दें। अब इस पानी को स्प्रे बॉटल में छानकर भर लें। फिर इस पानी से फेस पर स्प्रे करके इस्तेमाल करें। इसको फेस पर स्प्रे करने के बाद हल्के हाथों से मसाज करें।

### ऐसे बनाएं फेस पैक

आप फिटकरी की सहायता से घर पर फेसपैक बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। फेस पैक बनाने के लिए एक कंटेनर में सबसे पहले थोड़ा सा फिटकरी पाउडर लें। अब इसमें हनी मिक्स करें और राइस फ्लोर मिक्स करें। अब इसमें रोज वॉटर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इस तरह से फेस पैक बनकर तैयार हो जाएगा।

### इन बातों का रखें ध्यान

इसको फेस पर अप्लाई करके 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इससे आपकी त्वचा ग्लोइंग हो सकती है और डार्क स्पॉट्स भी हल्के हो सकते हैं। फेस पर इसको अप्लाई करने से पहले चेहरे को अच्छे से धोकर सुखा लें। चेहरा धोने के बाद ही फिटकरी का इस्तेमाल करें।

# तुर्की को पर्यटन व्यवसाय में भारत से करारा झटका

## 270 करोड़ का व्यवसाय चौपट

**नई दिल्ली।** भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को खुला समर्थन देने वाले तुर्की और अजरबैजान का हुक्का-पानी बंद करना शुरू कर दिया है। जिन भारतीयों ने इन देशों की यात्रा के लिए बुक किए थे, उन्होंने अपने टिकट रद्द करने शुरू कर दिए हैं। मेक माय ट्रिप के प्रवक्ता ने बताया कि बीते एक हफ्ते में भारतीय यात्रियों ने इन देशों के लिए काफी कम उत्साह दिखाया है। अजरबैजान और तुर्की के लिए बुकिंग में 60 फीसदी की कमी आई है, जबकि इसी अवधि के दौरान टिकट के रद्द होने में 250 फीसदी उछाल आया है। प्रवक्ता ने कहा, अपने देश के साथ एकजुटता और अपने सशस्त्र बलों के प्रति गहरे सम्मान के कारण हम इस भावना का मजबूती से समर्थन करते हैं और सभी को अजरबैजान और तुर्की की सभी गैर-जरूरी यात्रा न करने सलाह देते हैं।

हमने अपने प्लेटफार्म पर इन दोनों गंतव्यों पर पर्यटकों को जाने के लिए प्रोत्साहित करने वाले सभी विज्ञापन और आफर पहले ही बंद कर दिए हैं। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की पूर्व अध्यक्ष ज्योति मयाल ने कहा, भारत और पाकिस्तान संघर्ष में तुर्की के ड्रोन इस्तेमाल करना हमारी भावनाओं के खिलाफ गया। हमने पर्यटन के क्षेत्र में इन दोनों देशों की बहुत मदद की है। खासतौर पर कोरोना महामारी के बाद तो हमने इनका और भी ज्यादा समर्थन किया। पिछले साल भारत से तुर्की 3,30,000 लोग गए। तुर्की की अर्थव्यवस्था में हमारा करीब चार हजार करोड़ का निवेश है। यहां तक कि हमारे बीच व्यापार का आकार भी बहुत बड़ा है। लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उनको लगा है कि तुर्की और अजरबैजान बिल्कुल नहीं जाना चाहिए। 50 फीसदी बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। हमारे बड़े टूर आपरेटर्स ने टिकट बेचना बंद कर




दिया है, क्योंकि पर्यटन शांति और लोगों के आपसी संबंधों के बारे में है। पिछले महीने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। इनमें अधिकांश पर्यटक शामिल थे। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए आपरेशन सिंदूर शुरू किया।

गाला डिनर



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनकी पत्नी गीता हैदराबाद के चौमहल्ला पैलेस में मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगियों के साथ भव्य रात्रिभोज के दौरान।

## प्राकृतिक संसाधन समझौते को अंतिम रूप दे रहा यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन ने मंगलवार को अमेरिका को एक आधिकारिक नोट सौंपा, जिसमें द्विपक्षीय प्राकृतिक संसाधन सौदे के लिए अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं के पूरा होने की पुष्टि की गई है, जो यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए एक संयुक्त निवेश कोष की स्थापना करेगा। इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन की प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री यूलिया स्विरीडेंको ने कीव में अमेरिकी दूतावास में प्रभारी डी एफ़ेयर एआई जूली डेविस को नोट सौंपा। गौरतलब है कि यूक्रेन के खनिज संसाधनों, गैस और तेल पर नई रॉयल्टी द्वारा आंशिक रूप से वित्तपोषित इस कोष की स्थापना के लिए समझौते पर 30 अप्रैल को वाशिगटन, डीसी में सु. स्विरीडेंको और अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। सु. स्विरीडेंको के अनुसार दोनों देश इस कोष का सह-प्रबंधन और सह-वित्तपोषण करेंगे, जबकि यूक्रेन अपने खनिज और ऊर्जा संसाधनों पर स्वामित्व तथा पूर्ण नियंत्रण बनाए रखेगा।

## चीन के शीर्ष अधिकारियों ने भारत, पाकिस्तान के राजदूतों से की मुलाकात

**बीजिंग/इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद चीन के शीर्ष अधिका. रियों ने बीजिंग में भारतीय और पाकिस्तानी राजदूतों से अलग-अलग मुलाकात की। चीन के विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के महा. निदेशक लियू जिनसोंग ने सोमवार को चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने चीन-भारत संबंधों और साझा हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। वहीं मंगलवार को चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेदोंग ने पाकिस्तान के राजदूत खलील हाशमी से उनके अनुरोध पर मुलाकात की। वेदोंग और पाक राज. दूत की मुलाकात में दोनों ने संबंधों और क्षेत्रीय व अंतर्राष्ट्रीय हालात पर चर्चा की। वेदोंग ने भारत-पाक के बीच पूर्ण और स्थाई संघर्ष-विराम का समर्थन करते हुए बातचीत के जरिए मतभेद सुलझाने की अपील की और क्षेत्रीय शांति में चीन की रचनात्मक भूमिका जारी रखने की बात कही।

## अमेरिकी-सऊदी में 12.1 लाख करोड़ की डिफेंस डील

**रियाद।** अमेरिका और सऊदी अरब ने मंगलवार को 142 बिलियन डालर (12.1 लाख करोड़ रुपये) की डिफेंस डील पर साइन किए। व्हाइट हाउस ने इसे इतिहास की सबसे बड़ी डिफेंस डील बताया है। इस समझौते में सऊदी अरब को C-130 ट्रांसपोर्ट विमान, मिसाइलें, रडार सिस्टम और कई एडवांस हथियार दिए जाएंगे। ये लाकहीड मार्टिन, बोइंग, और नार्थराप ग्रुम्मन जैसी अमेरिकी कंपनियों से मिलेंगे। डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले आधिकारिक विदेश दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे। वे चार दिन के मिडिल ईस्ट दौरे पर पहले सऊदी अरब पहुंचे हैं, फिर कतर और UAE जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने डील के पेपर एक्सचेंज किए। क्राउन प्रिंस डठै से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने रियाद में सऊदी-अमेरिका इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सऊदी और अमेरिका के बीच 80 साल की साझेदारी का जिक्र किया। भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर ट्रम्प ने कहा कि कुछ ही दिन पहले ही मेरी सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर मध्यस्थता की। मैंने ऐसा करने के लिए व्यापार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प ने फोरम के मंच से घोषणा की कि वह सीरिया से लगे प्रतिबंध हटा रहे हैं, ताकि देश को आर्थिक जीवनदान मिल सके। ट्रम्प बुधवार को सीरिया के नए राष्ट्रपति से भी मिलेंगे। ट्रम्प ने कहा वो ईरान के साथ समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनका प्रस्ताव ठुकराया गया तो वो ईरान का आयल एक्सपोर्ट जीरो कर देंगे। ट्रम्प ने कहा- उन्हें उम्मीद है कि सऊदी अरब भी अब्राहम अकार्ड में शामिल होगा। यह समझौता 2020 में अमे. रिकी की मध्यस्थता में इजरायल, UAE, बहरीन, सूडान और मोरक्को के बीच हुआ था।

## उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस मुजिका का निधन

**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस पेपे मुजिका का मंगलवार को 89 वर्ष की आयु में मोंटेवीडियो में निधन हो गया। उरुग्वे के राष्ट्रपति यामांडू ओरसी ने इसकी पुष्टि की। मुजिका ने जनवरी में घोषणा की थी कि उनका एसोफैजियल कैंसर जिसका पहली बार अप्रैल 2024 में निदान किया गया था उनके लीवर में फैल गया है। उन्होंने कहा कि वह आगे का इलाज नहीं करवाएंगे।

ओरसी ने सोशल मीडिया पर लिखा, गहरे दुख के साथ हम अपने साथी पेपे मुजिका-पूर्व राष्ट्रपति, कार्यकर्ता, नेता और मार्गदर्शक के निधन की घोषणा करते हैं। हम आपको बहुत याद करेंगे पुराने दोस्त। आपने हमें जो कुछ भी दिया और अपने लोगों के लिए आपके गहरे प्यार के लिए धन्यवाद। गौरतलब है कि स्थानीय साप्ताहिक बुस्केदा के साथ एक साक्षात्कार में मुजिका ने कहा था।

# बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान ने पाकिस्तान से आजाद होने का ऐलान किया है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को राज्य में दशकों से हो रही हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान से स्वतंत्रता का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं हैं। उन्होंने भारत और वैश्विक समुदाय से आजादी के लिए समर्थन देने की मांग की।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है। अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान के लोग सड़कों पर हैं। उनका कहना है कि तुम मारोगे हम टूटेंगे, हम नाक बचाएंगे आओ हमारा साथ दो। बलूच लोगों का राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं है और दुनिया अब मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारतीय नागरिकों ने अपील की कि वे बलूचों को पाकिस्तान के अपने लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं हैं। हम बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं। जिन्होंने कभी हवाई बमबारी, जबरन गायब किए जाने और नरसंहार का सामना नहीं किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया, तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

मीर यार बलूच ने कहा कि दुनिया को पाकिस्तान के एकतरफा बयान पर भरोसा नहीं करना चाहिए। पाकिस्तान बलूचिस्तान के नेता के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर और 27 मार्च 1948 को बलूचिस्तान के पाकिस्तान में शामिल होने के समारोह में अंतर्राष्ट्रीय या तीसरे देश की भागीदारी को साबित करने वाला एक भी कागज और कानूनी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि एक बार जब हमें संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता और स्वतंत्रता मिल जाएगी तो हम अपने आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए मैत्रीपूर्ण और दीर्घकालिक संबंध बनाएंगे, शांति बनाए रखेंगे और वैश्विक आर्थिक मंदी को रोकने, जलवायु परिवर्तन और गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने में मदद करेंगे।

## आईएमएफ ने पाक को जारी की दूसरी किश्त

### रु. 8400 करोड़ की किश्त जारी

**इस्लामाबाद।** इंटरनेशनल मानेटरी फंड (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को 1.02 अरब डॉलर (करीब 8400 करोड़ रुपये) की दूसरी किश्त बुधवार को जारी कर दी है। आईएमएफ ने इससे पहले 9 मई को पाकिस्तान को एक बिलियन डॉलर का कर्ज दिया था। पाकिस्तान को यह फंड एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (ईएफएफ) प्रोग्राम के तहत दी गई है। पाकिस्तान को सितम्बर 2024 में 7 बिलियन डालर का 37महीने का ईएफएफ मंजूर हुआ था, जिसमें 1 बिलियन डालर तुरंत जारी किया गया था। आज की रकम जोड़ दें, तो आईएमएफ से पाकिस्तान को ईएफएफ प्रोग्राम के तहत 3.1 बिलियन डालर की रकम मिल चुकी है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने कहा कि दूसरी किश्त की राशि 16 मई तक आ जाएगी। वहीं, पाकिस्तान में भारतीय हमले में मरने वालों की संख्या 13 हो गई है। पाकिस्तान ने मंगलवार को कबूल किया था कि भारत की ओर से लान्च किए गए आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी सेना के 11 जवान मारे गए हैं। इसके अलावा 78 सैनिक घायल भी हुए थे। इन्हीं घायलों में से आज 2 की मौत हुई है।



## उधमपुर, कठुआ के कुछ हिस्सों में शैक्षणिक संस्थान खुले

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में जनजीवन सामान्य होने के साथ ही उधमपुर और कठुआ जिले के कुछ हिस्सों सहित गैर-सीमावर्ती क्षेत्रों में बुधवार को सभी शैक्षणिक संस्थान फिर से खुल गए। अधिकारियों ने यहां बताया कि नियंत्रण रेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर स्कूल और कॉलेजों को बंद कर दिया गया था और करीब एक सप्ताह बाद शैक्षणिक संस्थानों को आज फिर से खुल दिया गया।

## पेरू के प्रधानमंत्री एड्रियनजेन ने दिया इस्तीफा

**लीमा।** पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनज़ेन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया। एड्रियनजेन ने कांग्रेस द्वारा उन्हें हटाने की मांग करने वाले कम से कम तीन प्रस्तावों पर बहस करने से कुछ घंटे पहले इस्तीफा दिया। उन्होंने टेलीविज़न पर अपने संबा. धन में कहा, राष्ट्र के उच्च हितों को ध्यान में रखते हुए मैं मंत्रिपरिषद के अध्यक्ष के पद से अपना अपरिवर्तनीय इस्तीफ़ा देने के लिए बाध्य महसूस कर रहा हूं। एड्रियनजेन के साथ उनकी कैबिनेट और राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे भी मौजूद थी, जिन्होंने लगातार उनका बचाव किया और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की।

## ऑपरेशन सिंदूर पाक कब्जे के लिए नहीं था

**अमेरिकी एक्सपर्ट बोले: रणनीतिक मकसद के लिए था, भारत ने चार दिन में पूर्ण किया**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिलिट्री एक्सपर्ट जान स्पेंसर ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अपने रणनीतिक मकसद को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह आपरेशन पीओके पर कब्जे या फिर पाकिस्तान की सत्ता बदलने की मकसद से नहीं शुरू किया गया था। एक्सपर्ट ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। कुछ लोग इसे सीजफायर कह सकते हैं, लेकिन यह विराम नहीं है। फिलहाल भारत ने एक बड़ी जीत हासिल कर ली है। स्पेंसर के मुताबिक भारत ने पहले की तरह न तो संयुक्त राष्ट्र का दरवाजा खटखटाया और न ही पाकिस्तान को चेतावनी दी। भारत ने सीधे लड़ाकू विमान भेजे और सटीक हमला किया। उन्होंने कहा कि भारत ने इस आपरेशन के जरिए आतंक के खिलाफ उसकी रणनीति को नए स्तर पर पहुंचाया और पाकिस्तान को भी साफ संदेश दिया है कि आतंक का जवाब युद्ध से मिलेगा। जान स्पेंसर माडर्न वार इंस्टिट्यूट में चेयरमैन हैं। उन्होंने कहा कि इंडियन एयर फोर्स ने 7 मई को पाकिस्तान में 9 ठिकानों पर सटीक हमला किया था। इससे पाकिस्तान और पीओके में मौजूद अहम आतंकी शिविर तबाह हो गए।

# पाक सेना के समर्थन में जुटे हजारों आतंकवादी

### पहले कराची में निकाली रैली, भारत विरोधी भाषण दिए

**इस्लामाबाद।** कराची में 12 मई को हजारों कट्टरपंथी नेताओं और आतंकवादियों ने पाकिस्तान सेना के समर्थन में रैली की। इस रैली में लश्कर-ए-तैयबा और अहले सुन्नत वल जमात शामिल थे। दोनों ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी संगठन घोषित हैं। ऑपरेशन बनयान-उन- मर्सूस का जश्न मनाते हुए रैली में आतंकियों और कट्टरपंथी नेताओं ने बुलेटप्रूफ ग्लास के पीछे खड़े होकर भारत विरोधी भाषण दिए। पाकिस्तान की दिफा-ए-वतन काउंसिल की दिफा-ए-वतन रैली का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल JUI-F के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने किया था। यह रैली भारतीय सेना के खिलाफ पाकिस्तानी सेना के ऑपरेशन का जश्न मनाने के लिए निकाली गई थी। दिफा-ए-वतन नाम की इस रैली का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल JUI-F के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने किया था। पाकिस्तान के कराची में दिफा-ए-वतन काउंसिल के तहत जमा हुए कट्टरपंथी नेताओं ने पाकिस्तानी सेना की तारीफ की। यहां भारत विरोधी भाषण दिए गए और दोनों देशों के तनाव को धर्म से जोड़कर पेश किया गया। इस रैली में प्रतिबंधित समूह लश्कर-ए-तैयबा और अहल-ए-सुन्नत वल जमात के आतंकी शामिल हुए। दिफा-ए-वतन काउंसिल पाकिस्तान के धार्मिक और राजनीतिक संगठनों का गठबंधन है। इसका मकसद देश की रक्षा करना है। इस रैली में कई कट्टरपंथी मौलाना भी शामिल भी शामिल हुए। इन्होंने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबा. जी की और दोनों देशों के संघर्ष को धर्म से जोड़कर पेश किया। कट्टरपंथी मुफ्ती तारिक मसूद ने कहा कि पाकिस्तान के गद्दार PAK आर्मी को सेक्युलर कहते हैं, जबकि हमारे दुश्मन हमारी आर्मी को मजहबी आर्मी कहते हैं।

इस युद्ध को जीतने के बाद यह तय हो गया है कि हमारी सेना सेक्युलर नहीं है। यह एक ऐसी सेना है जो शहादत (बलिदान) का जुनून रखती है और मजहब और इस्लाम के नाम पर, अल्लाह के नाम पर अपनी जान कुर्बान कर देती है। जमीयत




उलेमा-ए-इस्लाम (सिंध) के महासचिव अल्लामा राशिद महमूद ने भारत को खुलेआम धमकी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी आर्मी ने इजराइली ड्रोनों को गिराकर उसका घमंड चकनाचूर कर दिया। फ्रांस के राफेल जेट को मार गिराया और रूस में बनें -400 डिफेंस सिस्टम को भी तबाह कर दिया। इससे रूस को भी पता चल गया है कि पाकिस्तान से पंगा लेने से पहले तुम्हें सौ बार सोचना चाहिए।

# 3 महीने से गाजा में अनाज का दाना नहीं

**गाजा।** गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। इजरायल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजरायली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की है।

इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। यूएन की वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि उनके पास खाने



**गाजा में कुपोषण से जूझती एक बच्ची, जो नवंबर में जन्मी है, इसने सिर्फ युद्ध ही देखा है।**

का स्टाक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं। गाजा के लिए यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरूरी भोजन इजरायल, मिस्र और जार्डन के गोदामों में पड़े हैं। ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा में WFP के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन मुहैया कराने की बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का भोजन ही बना पा रही है। यूएन और यूरोपीय देशों ने इजरायल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है।

अगर इजरायल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 13 मई को एक बयान में कहा कि वे हमास को खत्म करने के लिए जंग जारी रखेंगे।